डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2021-2023
लाइसेंस क्र. WPP/Tech/23-04/08/2021-2023
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

Join Telegram Channel Search @rojgaraurnirman

आयुष्मान योजना पर निजी अस्पतालों को दिया जाएगा विशेष पैकेज - मुख्यमंत्री

निजी अस्पतालों को कोविड इलाज के लिए अनुबंधित करेगी सरकार

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना मरीजों के निःशुल्क इलाज के लिए नई योजना लागू की जा रही है। इसके अंतर्गत प्रदेश के गरीब एवं आम आदमी तथा मध्यम वर्गीय व्यक्ति को भी कोरोना का निःशुल्क इलाज अनुबंधित निजी अस्पतालों में मिल सकेगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए आयुष्मान भारत योजना पर निजी अस्पतालों को राज्य सरकार द्वारा विशेष पैकेज दिया जाएगा। सरकार निजी अस्पतालों को कोविड इलाज के लिए अनुबंधित करेगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना नियंत्रण कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना नियंत्रण कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए।

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत सीटी स्कैन आदि जांचें भी निःशुल्क होंगी तथा दवाएं, रेमडेसिविर इंजेक्शन, ऑक्सीजन आदि भी निःशुल्क मिलेंगे।

88 प्रतिशत जनसंख्या कवर्ड

मध्यप्रदेश में अभी तक आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 2 करोड़ 42 लाख कार्ड बनाए गए हैं, जिससे 88 प्रतिशत जनसंख्या कवर्ड हो रही है। इन सभी को शासन द्वारा अनुबंधित अस्पतालों में कोरोना का निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। प्रदेश में वर्तमान में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 328 निजी चिकित्सालय संबद्ध हैं, जिनमें 23 हजार 946 बेड्स उपलब्ध हैं। सरकार द्वारा 5 मई को आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत प्रदेश के 68 निजी चिकित्सालयों को अगले 3 महीने के लिये संबद्ध किया गया है।

कलेक्टर कर सकेंगे निजी अस्पतालों को संबद्ध

प्रत्येक जिले के निजी अस्पतालों में निःशुल्क इलाज मिल सके, इसके लिये कलेक्टर्स को अधिकार दिये गये हैं कि वे अपने जिले के निजी अस्पतालों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत अस्थाई रूप से संबद्ध कर सकेंगे। इससे इन सभी निजी अस्पतालों में, जहां वर्तमान में कोरोना का इलाज किया जा रहा है, आयुष्मान कार्डधारियों को कोरोना का निःशुल्क इलाज मिल सकेगा।

साठ हजार बिस्तर हो सकेंगे इलाज के लिये उपलब्ध

इस योजना के लागू हो जाने पर प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना के हितग्राहियों को कोविड के इलाज के लिये निजी एवं शासकीय अस्पतालों में कुल 60 हजार 915 बिस्तर उपलब्ध हो सकेंगे। इनमें 37 हजार 159 बिस्तर शासकीय अस्पतालों में, 3 हजार 675 बिस्तर अनुबंधित अस्पतालों में तथा 20 हजार 81 बिस्तर आयुष्मान भारत के अंतर्गत अनुबंधित निजी अस्पतालों में मिल सकेंगे।

यदि एक सदस्य का कार्ड है तो अन्य को भी मिलेगी सुविधा

सरकार ने निर्णय लिया है कि आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत यदि परिवार के एक सदस्य के पास आयुष्मान कार्ड है, तो परिवार के अन्य सदस्यों को भी निःशुल्क उपचार की सुविधा मिल सकेगी। कोविड इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती होने पर कलेक्टर उसका आयुष्मान कार्ड बनवाने की व्यवस्था करेंगे।

पैकेज की दरें 40 प्रतिशत बढ़ाईं

निजी अस्पताल कोविड का इलाज इस योजना के अंतर्गत अच्छे तरीके से कर सकें, इसके लिये सरकार द्वारा आयुष्मान भारत पैकेज की दरों को 40 प्रतिशत बढ़ाया गया है। इन दरों में रूम रेंट, भोजन, जांचें, परामर्श शुल्क, पैरामेडिकल शुल्क आदि सभी सम्मिलित हैं।

5 हजार रुपये डॉयग्नोस्टिक एडवांस

राज्य सरकार द्वारा योजना के अंतर्गत इलाज करवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को एडवांस डॉयग्नोस्टिक के लिये 5 हजार रुपये दिये जायेंगे। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत 5 हजार रुपये प्रत्येक पात्र परिवार को दिये जाते हैं।

युवाओं का वैक्सीनेशन जारी रहे

बैठक में मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वैक्सीन की उपलब्धता अनुसार 18 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों का वैक्सीनेशन निरंतर चलता रहे। इसके साथ ही 45 वर्ष से अधिक के व्यक्तियों का वैक्सीनेशन भी पूर्व अनुसार जारी रहे।

डिस्चार्ज अधिक होने से बिस्तरों की उपलब्धता बढ़ी

जिलेवार समीक्षा में पाया गया कि जिलों में अस्पतालों से कोरोना के मरीज बड़ी संख्या में स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो रहे हैं, जिससे बिस्तरों की उपलब्धता बढ़ी है। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने बैठक में आई.सी.यू. बेड्स बढ़ाए जाने के निर्देश दिए।

भोपाल में

अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास स्वीकृत

भोपाल, भारत सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिये भोपाल में 1050 सीटों के छात्रावास और अनुसूचित जाति वर्ग की छात्राओं के शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिये प्रदेश के 10 जिलों में कुल 1750 सीटों के छात्रावास स्वीकृत किये गये हैं। सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों, विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों से संबंधित विद्यार्थियों को माध्यमिक और उच्चतर शिक्षा प्राप्त करने के लिये सक्षम बनाये जाने के लिये सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार की छात्रावास निर्माण की योजना है। इस योजनांतर्गत वित्तीय वर्ष 2021 में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइन्स एजुकेशन एण्ड रिसर्च, भोपाल के लिये 1050 सीट के बालक छात्रावास निर्माण की स्वीकृति सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दी गई है। इसकी कुल लागत 44.72 करोड़ रुपये है जिसमें केन्द्रांश की राशि 28.35 करोड़ रुपये है। भारत सरकार द्वारा प्रथम किश्त की राशि रुपये 14.18 करोड़ में से 6.13 करोड़ रुपये संस्थान को प्रदान किये गये हैं। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2017 में स्वीकृत जबलपुर में निर्माणाधीन 500 सीट बालिका छात्रावास के लिये दूसरी किश्त की राशि 607.50 लाख रुपये जारी की गई है।

इसी प्रकार माध्यमिक विद्यालयों, कॉलेजों, उच्च विश्वविद्यालयों में पढ़ रहे अनुसूचित जाति वर्ग के छात्र-छात्राओं को छात्रावास सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से राज्य सरकार, संघ राज्य क्षेत्र प्रशासकीय केन्द्रीय विश्वविद्यालय/संस्थान और गैर सरकारी संगठन/मानित विश्वविद्यालयों को भारत सरकार की बाबू जगजीवन राम छात्रावास योजनांतर्गत केन्द्रीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजनांतर्गत भारत सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में प्रदेश के 10 जिलों में कुल 1750 सीट के छात्रावास स्वीकृत किये गये हैं।

खास खबर

पीपीपी पार्टनरशिप के माध्यम से बालिकाओं को मिला रोज़गार

भोपाल, आयुक्त रोज़गार श्रीमती पणमुखा प्रिया मिश्रा ने बताया कि प्रदेश के युवाओं को पीपीपी पार्टनरशिप के माध्यम से लगातार रोज़गार उपलब्ध कराया जा रहा है। इसी कड़ी में एक दिन मे प्रदेश के विभिन्न जिलों से 30 युवतियों ने बुधनी स्थित कारखाने में ज्वाइनिंग दी है। इसमें भोपाल से 15, विदिशा, बालाघाट, छिंदवाड़ा एवं बैरसिया से 1-1, सीहोर 3, होशंगाबाद 6 तथा इटारसी से 2 युवतियां शामिल हैं। इसमें 10 युवतियां विभिन्न आईटीआई से हैं।

अंदर के पृष्ठों पर

- **खेल चर्चा**- प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी**- देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं
- **चर्चा में**- प्रमुख चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **पिछला सप्ताह**- देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण

संबल हितग्राहियों के खातों में राशि अंतरित

गरीबों का हित सरकार की पहली प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

भोपाल, गरीबों का हित करना राज्य शासन की प्राथमिकता में है। गरीब मजदूर वर्ग को संकट के समय संबल देने के लिये ही संबल योजना बनाई गई है। योजना के अंतर्गत प्रदेश के 16 हजार 844 हितग्राहियों के खाते में 379 करोड़ रुपये अंतरित किये गये हैं। कोरोना काल के संकट में यह सहायता राशि गरीब परिवारों के लिये काफी उपयोगी साबित होगी। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में असंगठित क्षेत्र के गरीब श्रमिक परिवारों को मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना में सहायता राशि वितरण कार्यक्रम को वर्चुअल रूप से संबोधित करते हुए कहीं।

मुख्यमंत्री ने हितग्राहियों से कहा कि संकट के कठिन समय में संबल योजना के 16 हजार 844 हितग्राहियों को की गई आर्थिक मदद के साथ तीन माह का निःशुल्क राशन भी दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिये हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। कोरोना की जंग में प्रदेशवासियों का सहयोग भी जरूरी है। उन्होंने हितग्राहियों का आह्वान किया कि वे कोरोना के प्रति सावधानियाँ बरतें और स्वयं के साथ दूसरों को भी बचायें।

संबल योजना गरीबों की ताकत

श्री चौहान ने कहा कि संबल योजना गरीबों की ताकत है। प्रदेश में मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के गरीब श्रमिक परिवारों के सदस्यों की मृत्यु, अपंगता, आंशिक अपंगता की स्थिति में उन्हें अथवा उनके परिजनों को आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। योजना की शुरुआत से अब तक विगत तीन वर्षों में प्रदेश के 2 लाख 44 हजार 844 हितग्राहियों अथवा उनके परिजनों के खातों में 2 हजार 286 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की गई है।

संबल योजना के अंतर्गत श्रमिकों की दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख रुपये की राशि उनके आश्रितों को दी जाती है। इसी प्रकार सामान्य मृत्यु अथवा स्थायी अपंगता की स्थिति में 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना में दी जाती है।

मध्यप्रदेश में 15 मई तक सब कुछ बंद कर तोड़ें संक्रमण की चेन

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना की स्थिति की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मध्यप्रदेश की जनता से आह्वान करते हुए कहा है कि कोरोना मानवता पर बड़ा संकट है। कोरोना को नियंत्रित करने का एकमात्र उपाय संक्रमण की चेन तोड़ना है। यह कार्य सभी के सहयोग के बिना संभव नहीं है। हम लंबे समय तक बंद नहीं रख सकते, जन-जीवन सामान्य भी करना है। अतः आगामी 15 मई तक सब कुछ बंद कर दें। जनता कर्फ्यू का कड़ाई से पालन करें और संक्रमण की चेन तोड़ दें। शादी विवाह आगे बढ़ा दें।

श्री चौहान ने कहा है कि कोरोना को समाप्त करने के लिए गांव-गांव, शहर-शहर में किल कोरोना अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर सर्वे कर मरीजों की पहचान कर उनका तुरंत इलाज प्रारंभ किया जा रहा है, शहरी क्षेत्रों में कोविड सहायता केंद्र बनाए जाकर वहां जांच, मेडिकल किट वितरण आदि की व्यवस्था की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में कोरोना पर नियंत्रण हुआ है। कोरोना संक्रमण में मध्यप्रदेश पहले देश में सातवें स्थान पर था, अब वह चौदहवें स्थान पर आ गया है। प्रदेश का साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 19.8 प्रतिशत है, वहीं रिकवरी रेट बढ़ कर 85.13 प्रतिशत हो गया है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

1 मई

जिपमैट के लिये 31 मई तक होंगे रजिस्ट्रेशन

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ज्वाइंट इंटीग्रेटेड प्रोग्राम इन मैनेजमेंट एडमिशन टेस्ट (जिपमैट) की ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया को आगे बढ़ा दिया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल होना चाहते हैं वे अब 31 मई तक एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। पहले रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी। एनटीए ने बताया कि अब आवेदन पत्र में सुधार की विंडो 5 से 10 जून तक खुलेगी। परीक्षा के कार्यक्रम में बदलाव कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुये किया गया है। उल्लेखनीय है कि जिपमैट परीक्षा 20 जून को आयोजित की जायेगी।

● अफगानिस्तान में अमेरिकी सैनिकों की आधिकारिक वापसी की शुरुआत हो चुकी है, लेकिन हिंसा में कमी नहीं आई है। अफगानिस्तान के लोगर प्रांत में आंतकवादियों ने एक कार को बम विस्फोट से उड़ा दिया। यह विस्फोट भीड़ भरे इलाके में किया गया। इस बम विस्फोट में तीस से अधिक लोगों की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुये हैं। अफगानिस्तान के आंतरिक मंत्रालय के प्रवक्ता तारिन एरियन ने बताया कि हमले के पीछे तालिबान का हाथ हो सकता है।

● दवा निर्माता कंपनी फाइजर इंक और बायो एनटेक ने यूरोपीय दवा नियामक संस्था से अपनी कोरोना वैक्सीन का इस्तेमाल 12 से 15 वर्ष की आयु के बच्चों पर करने की इजाजत मांगी है। दोनों कंपनियों ने एक बयान में कहा कि दवा नियामक के सामने उनके आवेदन का आधार 2 हजार किशोरों पर किया गया अध्ययन है। इस अध्ययन के दौरान वैक्सीन को किशोरों पर सुरक्षित और असरदार पाया गया है।

2 मई

सीबीएसई 20 जून को जारी करेगा दसवीं कक्षा के परिणाम

● केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा परिणाम को लेकर एक नोटिफिकेशन जारी किया है। बोर्ड दसवीं कक्षा का परिणाम 20 जून को घोषित करेगा। कोरोना महामारी के कारण सीबीएसई ने दसवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द कर दी है। बोर्ड ने परीक्षा के परिणाम के लिये एक मूल्यांकन नीति तैयार की है। इस नीति के तहत विद्यार्थियों का परिणाम यूनिट टेस्ट, अर्धवार्षिक परीक्षा और प्री बोर्ड परीक्षा में मिले अंकों के आधार पर तैयार किया जायेगा। नोटिफिकेशन के अनुसार दसवीं कक्षा में प्रत्येक विषय की परीक्षा 100 अंकों की होती है, इनमें 20 अंक स्कूल आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर देता है, वहीं 80 अंक मुख्य परीक्षा के होते हैं। इनमें आंतरिक मूल्यांकन के अंक स्कूलों ने बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड कर दिये हैं।

● भारत में नियमित अंतर्राष्ट्रीय उड़ानों पर लगी रोक को बढ़ा दिया गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एक बयान में कहा कि भारत से चलने वाली नियमित अंतर्राष्ट्रीय उड़ाने अब 31 मई तक निलंबित रहेंगी। यह निर्णय देश में कोरोना संक्रमण की स्थिति को लेकर लिया गया है। डीजीसीए ने कहा कि इस दौरान अलग-अलग मामलों को देखते हुये सक्षम प्राधिकरण चुनिंदा मार्गों पर अंतर्राष्ट्रीय शेड्यूल उड़ानों को अनुमति दी जा सकती है।

● उत्तर कोरिया के परमाणु कार्यक्रम पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन के एक बयान के बाद दोनों देशों के बीच तल्खी बढ़ गई है। उत्तर कोरिया ने अमेरिका को परिणाम भुगतने की चेतावनी दी है। दरअसल अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने अपने कार्यकाल के 100 दिन पूरे कर संयुक्त अधिवेशन में कहा था कि उत्तर कोरिया और ईरान के परमाणु कार्यक्रम वैश्विक स्तर पर गंभीर खतरा हैं। इस बयान के जवाब में उत्तर कोरिया ने विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता क्वोन जोंग गुन ने कहा कि बाइडेन के बयान से साबित हो गया है कि अमेरिका उत्तर कोरिया के साथ दुश्मनी रखना चाहता है। अगर अमेरिका की यही नीति है तो उत्तर कोरिया आगे बढ़ेगा और अमेरिका को इसका परिणाम भुगतना पड़ेगा।

3 मई

रिवाइज्ड इनकम टैक्स रिटर्न की अवधि बढ़कर हुई 31 मई

● केन्द्र सरकार ने कोरोना काल में करदाताओं को बड़ी राहत देते हुये वित्त

वर्ष 2019-20 के लिये इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की तारीख को संशोधित करते हुये 31 मई तक बढ़ा दिया है। केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2019-20 के लिये सरकार की तरफ से इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा 31 मई, 2021 तक बढ़ाई गई है। अगर इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में कोई भूल हुई है तो संशोधित इनकम टैक्स रिटर्न दाखिल किया जा सकता है। वहीं वित्त वर्ष 2020-21 का इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय-सीमा भी 31 जुलाई तक की गई है।

● केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने संवद्धता के लिये स्कूलों द्वारा आवेदन करने की समय-सीमा में वृद्धि की है। अब स्कूल 30 जून तक आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। इसके लिये स्कूलों को लेट फीस नहीं देनी होगी। सीबीएसई ने संवद्धता के लिये आवेदन पत्र की समय-सीमा बढ़ाने के साथ ही अपग्रेडेशन और एक्सटेंशन के लिये भी समय-सीमा आगे बढ़ाई है। सीबीएसई द्वारा इस संबंध में जारी नोटिफिकेशन में कहा गया कि कोरोना महामारी की स्थिति पर विचार करने के बाद इन समय सीमाओं में वृद्धि की गई है।

● इजराइल ने अपने नागरिकों के भारत सहित सात देशों की यात्रा करने पर प्रतिबंध लगा दिया है। इजराइल ने कहा कि इन देशों में कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुये प्रतिबंध लगाया गया है। इन देशों में भारत के अलावा अमेरिका, ब्राजील, इथोपिया, दक्षिण अफ्रीका, मैक्सिको और तुर्की शामिल हैं। यह प्रतिबंध 16 मई तक लागू रहेगा। हालांकि गैर इजराइली नागरिक इन देशों में वहां स्थाई रूप से रहने की शर्त पर जा सकेंगे। इसके अलावा इजराइली स्वास्थ्य मंत्रालय ने इन सात देशों से आने वाले लोगों के लिये दो सप्ताह का क्वारेंटाइन नियम भी अनिवार्य किया है।

4 मई

सभी केन्द्रीय संस्थानों की ऑफलाइन परीक्षाएं होंगी स्थगित

● देश में कोरोना की स्थिति को देखते हुये केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय ने देश के सभी केन्द्रीय वित्त पोषित संस्थानों को मई महीने में आयोजित होने वाली ऑफलाइन परीक्षाएं स्थगित करने का फैसला किया है। उच्च शिक्षा सचिव श्री अमित खरे ने इस संबंध में सभी केन्द्रीय संस्थानों को पत्र लिखकर परीक्षाएं स्थगित करने को कहा है। श्री खरे ने कहा कि इस निर्णय की समीक्षा जून 2021 के पहले सप्ताह में की जायेगी। पत्र में शिक्षण संस्थानों से विद्यार्थियों को टीकाकरण के लिये प्रोत्साहित करने के लिये कहा गया है। हालांकि संस्थान द्वारा ऑनलाइन परीक्षाएं जारी रखी जा सकती हैं।

● केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कक्षा ग्यारहवीं के तीनों स्ट्रीम कॉमर्स, साइंस और आर्ट्स सिस्टम को हटाने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही सीबीएसई ने सभी विद्यालयों को निर्देश दिये हैं कि वे कक्षा ग्यारहवीं में विभिन्न प्रकार के स्ट्रीम सिस्टम से बचें और विद्यार्थियों को उनकी रुचि और पसंद के अनुसार विषयों का समूह चुनने की छूट दी जाये। सीबीएसई ने कहा कि जिन विद्यार्थियों ने कक्षा दसवीं में स्टैंडर्ड गणित लिया था, वे अब ग्यारहवीं कक्षा में भी गणित विषय ले सकते हैं। अब विद्यार्थी गणित के साथ भूगोल, राजनीतिक विज्ञान आदि विषय चुन सकते हैं।

5 मई

जेईई मेन मई सत्र की परीक्षा स्थगित

● नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने ज्वाइंट इंजीनियरिंग एग्जाम (जीईई) मेन के मई सत्र की परीक्षा स्थगित कर दी है। इससे पहले एनटीए ने जेईई मेन की अप्रैल सत्र की परीक्षा भी स्थगित कर चुका है। एनटीए ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है। एनटीए ने कहा कि मई सत्र की परीक्षा 24 से 28 मई तक आयोजित की जानी थी। अब मई सत्र की परीक्षा के लिये रजिस्ट्रेशन की घोषणा बाद में की जायेगी। एनटीए के अनुसार अप्रैल और मई सत्र की परीक्षा की संशोधित तिथियों का भी पुनर्निधारण किया जायेगा। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री श्री रमेश पोखरियाल निशंक ने ट्वीट कर कहा कि कोरोना महामारी की स्थिति को देखते हुये विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुये जेईई मेन परीक्षा स्थगित की गई है।

● मैक्सिको सिटी में एक मेट्रो पुल गिरने से बड़ा हादसा हो गया है। इस हादसे में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई। मैक्सिको सिटी की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने बताया कि दुर्घटना के समय पुल के ऊपर से गुजर रही मेट्रो ट्रेन की कई बोगियां हवा में लटक गईं। इस दुर्घटना में कम से कम 70 लोग घायल हुये हैं।

● अफगानिस्तान से अमेरिकी सेना की वापसी के कुछ दुष्परिणाम हो सकते हैं। यह जानकारी अमेरिका के ज्वाइंट चीफ ऑफ स्टाफ के चेयरमैन जनरल मार्क मिली ने दी। उन्होंने कहा कि सेना वापसी की प्रक्रिया के बाद अफगानिस्तान में कुछ भी संभव है। ऐसा भी हो सकता है कि इसके दुष्परिणाम देखने को मिलें।

6 मई

कनाडा में 12 से 16 वर्ष के बच्चों को लगेगी फाइजर की वैक्सीन

● कनाडा में कोरोना महामारी के असर के खत्म करने के लिए अब 12 से 16 की आयु के बच्चों को फाइजर की कोरोना वैक्सीन लगाई जायेगी। कनाडा के स्वास्थ्य नियामक ने इसकी मंजूरी प्रदान की है। दवा निर्माता कंपनी फाइजर ने एक माह पहले दावा किया था कि उसकी वैक्सीन बच्चों पर भी कारगर है। इस वैक्सीन को 16 वर्ष से अधिक आयु के लोगों के लिए पहले ही मंजूरी मिल चुकी है। इस वैक्सीन का अमेरिका में 12 से 15 वर्ष की आयु वाले 2260 बच्चों पर ट्रायल किया गया है, जिसमें यह वैक्सीन सुरक्षित पाई गई है।

● भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने कोरोना काल में अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए कुछ कदम उठाए हैं, इनमें कोरोना

संकट से परेशान व्यवसायियों, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के कर्जों का पुनर्गठन शामिल है। इसके साथ ही आरबीआई ने बैंकों से कहा कि वे छोटे कर्जदारों को कर्ज चुकाने के लिए अधिक समय दें। आरबीआई के गवर्नर शशिकांत दास ने बताया कि 25 करोड़ रुपये तक के कर्ज वाली इकाईयों के बकाये कर्ज के पुर्नगठन पर विचार किया जायेगा।

● केन्द्रीय श्रम एवं रोज़गार मंत्रालय अब सामाजिक सुरक्षा संहिता-2020 के तहत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभ, सेवाएं तथा भुगतान प्राप्त करने के लिए पंजीकरण को लेकर कर्मचारियों और असंगठित क्षेत्रों के कामगारों से 12 अंकों की विशिष्ट पहचान संख्या (आधार नंबर) मांग सकता है। मंत्रालय ने इस संबंध में एक अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार आधार नंबर अनिवार्य करने का उद्देश्य प्रवासी कामगारों जैसे असंगठित क्षेत्र में शामिल लोगों का डाटाबेस तैयार करना है, हालांकि आधार के अभाव में लोगों को किसी भी सरकारी सेवा के लाभ से वंचित नहीं रखा जायेगा।

7 मई

रूस ने सिंगल डोज वाली स्पूतनिक लाइट वैक्सीन को दी मंजूरी

● रूस ने कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई के लिए एक और वैक्सीन को मंजूरी प्रदान की है। कोरोना वैक्सीन स्पूतनिक-वी बनाने वाली रूसी कंपनी ने स्पूतनिक लाइट नाम से भी एक वैक्सीन बनाई है। यह सिंगल डोज वैक्सीन है। कंपनी ने दावा किया है कि स्पूतनिक लाइट वैक्सीन का एक डोज ही कोरोना वायरस को रोकने में 79.4 प्रतिशत तक कारगर है। स्पूतनिक लाइट वैक्सीन के तीन परीक्षण पांच दिसंबर 2020 से 15 अप्रैल 2021 के बीच रूस में टीकाकरण अभियान के दौरान किए गए। ट्रायल के दौरान इस वैक्सीन का टीका लगने के 28 दिन बाद इसका डाटा इकट्ठा किया गया। इस डाटा के आधार पर इस वैक्सीन के सिंगल डोज को प्रभावी पाया गया। इस वैक्सीन को बनाने वाली कंपनी ने बताया कि इस वैक्सीन के एक डोज की कीमत 10 डॉलर (लगभग 737 रुपये) होगी।

● कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के कारण भारतीय रेलवे ने दिल्ली में चलने वाली 28 ट्रेनों को 9 मई से रद्द कर दिया है। इनमें शताब्दी, राजधानी, दूरंतो और वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनें शामिल हैं। उत्तर रेलवे ने बताया कि कोरोना महामारी के कारण ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी कम रह गई है। रद्द की गई ट्रेनों में आठ जोड़ी शताब्दी, दो जोड़ी दूरंतो, दो जोड़ी राजधानी और एक जोड़ी वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं।

ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ लोकल सेल्फ गवर्नमेंट
(शासन द्वारा मान्यता प्राप्त शैक्षणिक संस्थान)
नगरीय निकायों के शिक्षण प्रशिक्षण में गौरवशाली 95 वर्ष

प्रवेश सूचना

स्वच्छता निरीक्षक डिप्लोमा कोर्स
सत्र : जून, 2021 से मई, 2022
अवधि- 1 वर्ष, योग्यता - हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम - हिंदी / अंग्रेजी
सफल उम्मीदवारों हेतु सार्वजनिक व निजी क्षेत्रों के विभागों जैसे- नगर निगम, स्वास्थ्य, रेलवे, छावनी परिषद, विमानपत्तन, बहुउद्देशीय कंपनियों में रोजगार के अवसरों की संभावना.
शासकीय कर्मचारियों के लिये हॉलिडे बैच की सुविधा
लॉकडाउन के दौरान ऑनलाइन कक्षा की सुविधा

लोकल सेल्फ गवर्नमेंट डिप्लोमा
(पत्राचार) LSGD(DLP)
नगरीय निकायों में राजस्व निरीक्षक पद के लिये अनिवार्य योग्यता
अवधि- 1 वर्ष, योग्यता - हायर सेकेण्डरी उत्तीर्ण, माध्यम - हिंदी / अंग्रेजी

प्रवेश एवं अधिक जानकारी हेतु सम्पर्क करें :
तृतीय मंजिल, महाराजा कॉम्पलेक्स, कोठारी मार्केट के पास, इन्दौर
Ph.: 0731-2540101, 9826078003, 7000990616, 9522669922
E-mail : indore@aiilsg.org Website: www.aiilsg.org
R-45519/2021

वर्ष 38, अंक 19 10.05.2021 से 16.05.2021
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

- प्रबंध संचालक - डॉ. सुदाम खाड़े
- सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह
- कार्यकारी सम्पादक - राजीव तिवारी
- प्रभारी अधिकारी - नरेन्द्र कुमार बनवट (प्रसार एवं विज्ञापन)
- प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
- आकल्पन - हेमंत वायंगणकर, आशा रोमन, अरविन्द टोप्पो, सुशील लांडगे
- वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**

रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। जरूरी नहीं कि सम्पादक उससे सहमत हों। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

लगातार कम हो रही पॉजिटिविटी दर

मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए किए जा रहे प्रयासों से कोरोना की पॉजिटिविटी दर कम हो रही है। प्रदेश में प्रतिदिन पॉजिटिव केसेस की तुलना में रिकवरी अधिक हो रही है। प्रतिदिन पचास हजार से अधिक टेस्ट किए जा रहे हैं। सभी जिलों में सैम्पल लेने के लिए मोबाइल टीमें भी भेजी जा रही हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में प्रबंधन एवं चिकित्सकीय सुविधाओं की बढ़ोत्तरी से प्रतिदिन स्वस्थ एवं संक्रमण मुक्त होने वालों की संख्या में तेजी से वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में एक दिन में जितने लोग स्वस्थ हुए हैं उनमें से 84.3 प्रतिशत ऐसे मरीज हैं, जो होम आइसोलेशन में थे और 4 प्रतिशत ऐसे मरीज हैं जो कोविड केयर सेंटर में थे। इस प्रकार 88.3 प्रतिशत मरीज जो अस्पताल जाए बिना, होम आइसोलेशन और कोविड केयर सेंटर में ही स्वस्थ हो रहे हैं। शेष 11.7 प्रतिशत अस्पतालों से ठीक होकर घर लौटे हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में होम आइसोलेशन में रहने वाले शत-प्रतिशत मरीजों को मेडिकल किट और हेल्थ ब्रोशर की होम डिलिवरी दी जा रही है। प्रदेश के 52 जिलों में 255 कोविड केयर सेंटर्स प्रारंभ किए जा चुके हैं। जिनमें मंद लक्षणों वाले रोगियों को रखा जा रहा है। इसी प्रकार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में अब तक कुल 22 हजार 10 संस्थागत क्वारेंटाइन सेंटर्स बनाए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 2 लाख 63 हजार 715 से अधिक बेड्स स्थापित किए गए हैं। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्थापित सभी कोविड केयर सेंटर्स/संस्थागत क्वारेंटाइन सेंटर्स में रहने वाले शत/प्रतिशत मरीजों को मेडिकल किट और हेल्थ ब्रोशर्स प्रदान किए जा रहे हैं। प्रदेश में कुल 845 कोविड अस्पताल वर्तमान में संचालित हैं। इनमें से 315 सरकारी क्षेत्र में और 530 निजी क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे हैं। पिछले एक माह में 40 हजार से अधिक बेड्स बढ़ाए गए हैं। प्रदेश में अब तक 7 विभिन्न कंपनियों से 2 लाख 10 हजार 365 रेमडेसिविर इंजेक्शन के डोसेस प्राप्त हुए। इसके अतिरिक्त रेमडेसिविर इंजेक्शन की उपलब्धता बढ़ाने के लिए भारत सरकार द्वारा प्रदेश की 7 कंपनियों से इंजेक्शन खरीदने के लिए 1 लाख 89 हजार 700 रेमडेसिविर इंजेक्शन का आवंटन किया गया। केन्द्र सरकार से हो रही ऑक्सीजन की आपूर्ति के साथ प्रदेश में स्थानीय व्यवस्थाओं को बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में बड़े पैमाने पर ऑक्सीजन प्लांट लगाने का काम भी युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑक्सीजन की आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा 2 हजार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर खरीदे गए हैं। इसके साथ ही जिलों में स्थानीय व्यवस्था से 2 हजार ऑक्सीजन कंसंट्रेटर लगाए जा चुके हैं। प्रदेश के भोपाल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर और शहडोल जिला चिकित्सालयों में 1 करोड़ 60 लाख रुपए की लागत से नवीनतम वीपीएसए तकनीक आधारित ऑक्सीजन प्लांट्स लगाए जा रहे हैं। इस नवीनतम तकनीक से ऑक्सीजन प्लांट लगाने वाला मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है। इन प्लांट से बनने वाली ऑक्सीजन 50 बेड्स के लिए उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता में वृद्धि करने नवीन निवेश के लिए विशेष वित्तीय सहायता पैकेज दिए जाने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इसके तहत मुख्यतः प्लांट मशीनरी तथा भवन में किए गए पूंजी निवेश पर एवं 50 प्रतिशत की फ्लैट रेट से मूल निवेश सहायता अधिकतम सीमा 75 करोड़ रुपए तक देय होगी। इसके अतिरिक्त विद्युत टैरिफ में भी रियायत दी गई है। रक्षा मंत्रालय की एजेंसी की डीआरडीओ द्वारा अस्पताल में ही नवीन डेवेल तकनीक के आधार पर चलने वाले ऑनसाइट ऑक्सीजन गैस जनरेटर प्लांट विकसित किए गए हैं। प्रदेश के 8 जिलों बालाघाट, धार, दमोह, जबलपुर, बड़वानी, शहडोल, सतना और मंदसौर में 5 करोड़ 81 लाख रुपये से अधिक की लागत के डेवेल तकनीक आधारित 570 लीटर प्रति मिनट की क्षमता वाले ऑनसाइट ऑक्सीजन गैस जनरेटर प्लांट लगाए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश सरकार कोरोना से निपटने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। इसके बेहतर परिणाम भी नजर आने लगे हैं।

एककोशिकीय जीव बनाने में वैज्ञानिकों को सफलता

जेनेटिक इंजीनियरिंग के वैज्ञानिकों ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। सफलता के तहत वैज्ञानिकों ने संश्लेषित एककोशिकीय जीव बनाने में सफलता प्राप्त की है। इस जीव की खासियत यह है कि यह एक सामान्य कोशिका की तरह बढ़ता और विभाजित होता है। इस कृत्रिम, एककोशिकीय बैक्टीरिया को जेसीवीआई 3.0 नाम दिया गया है। इसका जीवित प्राणियों की कोशिकाओं की तरह प्राकृतिक कोशिका विभाजन चक्र होता है। इस एककोशिकीय जीव की खास बात यह है कि यह वैज्ञानिकों के न्यूनतम कोशिका के प्रयासों का नतीजा है। इसमें केवल 473 जीन्स हैं। यह अब तक ज्ञात किसी भी प्राकृतिक प्राणी से कम जीन्स वाला जीव है।

अब तक संश्लेषित कोशिकाओं का बहुगुणन प्रजनन हो पाता था। अब तक इस प्रक्रिया से अलग-अलग आकार और प्रकार की कोशिकाओं का निर्माण कर रहे थे न कि अभिन्न यमज को जैसा कि प्राकृतिक कोशिका विभाजन में होता है। जे क्रैग वेंटर इंस्टीट्यूट, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड्स एंड टेक्नोलॉजी और मैसेचुसैट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के सेंटर फॉर बिट्स एंड एटम्स ने मिलकर सालों तक जीन्स का विस्तृत अध्ययन कर इस नई सामान्य विभाजन करने वाली कोशिका को बनाने में सफलता प्राप्त की है।

- देवेश तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी पर लिखते हैं)

अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस 3 मई

जनहित के लिए प्रेस का स्वतंत्र होना आवश्यक

"पत्रकारिता का मुख्य काम है, लोकहित की महत्वपूर्ण जानकारी जुटाना और उस जानकारी को संदर्भ के साथ इस तरह रखना कि हम उसका इस्तेमाल मनुष्य की स्थिति सुधारने में कर सकें।" ब्रिटिश-अमेरिकन फिल्म निदेशक का यह कथन बिल्कुल सच है और मीडिया न ही शासन के प्रति उत्तरदायी है और न किसी अन्य संस्था के प्रति वह सिर्फ और सिर्फ जनता के प्रति जवाबदेह है। प्रेस अपना काम बेहतर ढंग से कर सके इसलिए प्रेस की स्वतंत्रता को बरकरार रखना बहुत जरूरी है। प्रेस के महत्व को दर्शाने के लिए ही वर्ष 1991 में यूनेस्को और संयुक्त राष्ट्र के 'जन सूचना विभाग' ने मिलकर अंतर्राष्ट्रीय पत्रकारिता स्वतंत्रता दिवस मनाने का निर्णय लिया था।' विश्व स्तर पर प्रेस की आजादी को सम्मान देने के लिए संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस घोषित किया गया, जिसे विश्व प्रेस दिवस के रूप में भी जाना जाता है। साल 1993 में यूनेस्को महासम्मेलन के 26वें सत्र में इससे संबंधित प्रस्ताव को स्वीकार किया गया था और तब से लेकर हर वर्ष 3 मई को यह दिवस मनाया जाता है। यूनेस्को द्वारा वर्ष 1997 से हर साल 3 मई को विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर गिलेरमो कानो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार भी दिया जाता है। यह पुरस्कार उस व्यक्ति अथवा संस्थान को दिया जाता है जिसने प्रेस की स्वतंत्रता के लिए उल्लेखनीय कार्य किया हो। 2021 में गिलेरमो कानो वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम पुरस्कार फिलिपींस की मीडिया एग्जीक्यूटिव और इन्वेस्टिगेटिव जर्नलिस्ट मारिया रेसा को प्रदान किया गया।

2021 की थीम सूचना – जनहित के लिए है

प्रतिवर्ष वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे एक विशेष थीम या विषय पर केन्द्रित करके मनाया जाता है। इस वर्ष इसकी थीम Information as a Public Good अर्थात् सूचना : जनहित के लिए है। इससे आशय यह है कि सूचनाओं में लोगों के हित को महत्व दिया जाए और जर्नलिज्म की मजबूती के लिए न्यूज कंटेंट के निर्माण, वितरण और प्राप्त करने की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाए। सूचनाओं के आदान-प्रदान में पारदर्शिता बढ़ाने और सशक्तिकरण की दिशा में काम करने की आवश्यकता है। यह थीम ऐसी है जो पूरी दुनिया के देशों को खुद से जोड़ती है। यह बदलते कम्युनिकेशन सिस्टम की बात करती है जिसका असर हमारी सेहत, मानव अधिकार, लोकतंत्र और सतत् विकास जैसे मूल मुद्दों पर पड़ता है। आज डिजिटल मीडिया का दौर है, इसलिए सूचनाओं का महत्व प्रिंट के साथ-साथ हमारे ऑनलाइन मीडिया में भी है, वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे पर इस वर्ष इन तीन विषयों पर प्रकाश डाला गया है :

- न्यूज मीडिया की आर्थिक व्यवहारिकता को सुनिश्चित करना।
- इंटरनेट कंपनियों में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए प्रणाली बनाना।
- सूचनाओं के प्रति लोगों में साक्षरता बढ़ाना जो लोगों में मूल्यों की पहचान क्षमता बढ़ाती है।

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेश ने इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर संदेश देते हुए कहा है कि, दुनियाभर की सरकारों से ये आग्रह किया है कि वे स्वतंत्र, निष्पक्ष और विविध मीडिया को समर्थन देने का हर संभव प्रयास करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि कई देशों में पत्रकारों और मीडियाकर्मियों को अपना दायित्व निभाते हुए प्रतिबंधों, उत्पीड़न, नजरबंदी और यहां तक की मौत के खतरे का भी सामना करना पड़ता है। अंतर्राष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम ग्लोबल कॉन्फ्रेंस की मेजबानी इस बार नामीबिया सरकार कर रही है। देश की राजधानी विंडहोक में फिजिकल और डिजिटल रूप से हुए इस कार्यक्रम में पॉलिसी मेकर, मीडिया एक्टिविस्ट, रिसर्च स्कॉलर आदि प्रबुद्धजनों ने हिस्सा लिया।

विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी अपने जीवन में पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। जनसरोकार और देश की आजादी के लिए पत्रकारिता के क्षेत्र में कार्य करने वाले राष्ट्रपिता ने 1904 में दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में इंडियन ओपीनियन नामक पत्र का संपादन किया

था। बापू कहा करते थे कि, पत्रकारिता का एकमात्र लक्ष्य सेवा होना चाहिए। अखबारी प्रेस एक बड़ी ताकत है, लेकिन जैसे अनियंत्रित जल-प्रवाह में गांव के गांव डूब जाते हैं, फसलें बर्बाद हो जाती हैं, उसी तरह अनियंत्रित लेखनी सेवा करने की बजाए विध्वंस लाने का काम करती है। इसलिए व्यक्ति को स्वयं ही अनुशासनात्मक ढंग से नियंत्रित होकर जनहित में सूचनाओं को प्रदान करने की दिशा में कार्य करना चाहिए। मीडिया को कार्यपालिका, व्यवस्थापिका और न्यायपालिका के बाद लोकतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है। ऐसे में मीडिया या प्रेस की भूमिका किसी भी देश या समाज में अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। यह दिवस मीडिया की आजादी पर हमलों से मीडिया की रक्षा करने तथा मरने वाले पत्रकारों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का कार्य करता है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस का उद्देश्य प्रेस की आजादी के महत्व के प्रति जागरूकता फैलाना है। प्रेस की आजादी और समाचारों को लोगों तक पहुंचाकर, सशक्त हो रहे मीडियाकर्मियों का व्यापक विकास करना इस दिवस का उद्देश्य है। यह दिवस सरकार को प्रेस की स्वतंत्रता को बनाए रखने के कमिटमेंट को सम्मान देने की याद दिलाता है और इस दिन का प्रेस की आजादी और अपने कार्य से जुड़े नैतिक मूल्यों का मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए महत्व है। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस उन सभी मीडियाकर्मियों को समर्पित है, जिन्होंने प्रेस की आजादी को बरकार रखने के लिए अपनी जिंदगी में बड़े बलिदान दिए हैं या आसान राह के बजाय संघर्ष को चुना है।

हमारे जीवन में स्वतंत्र मीडिया का महत्व

- मीडिया स्वतंत्र हो तो विचारों की मुक्त चर्चा को बढ़ावा मिलता है जो व्यक्तियों को राजनीतिक जीवन में पूरी तरह से भाग लेने, निर्णय लेने की अनुमति देता है और परिणामस्वरूप समाज को सशक्त करता है।
- लोकतंत्र के सही ढंग से संचालन के लिए विचारों का स्वतंत्र आदान-प्रदान, सूचना और ज्ञान का आदान-प्रदान, बहस और विभिन्न दृष्टिकोणों की अभिव्यक्ति महत्वपूर्ण होती है। जनता की आवाज होने के आधार पर स्वतंत्र मीडिया, उन्हें राय व्यक्त करने के अधिकार के साथ सशक्त बनाता है। इस प्रकार, लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया महत्वपूर्ण है।
- स्वतंत्र मीडिया के साथ, लोग सरकार के निर्णयों पर सवाल पूछकर अपने अधिकारों का प्रयोग करने में सक्षम होते हैं। ऐसा माहौल तभी बनाया जा सकता है जब प्रेस स्वतंत्र हो।

आर्टिकल-19 में प्रेस की स्वतंत्रता

भारत में प्रेस की स्वतंत्रता को लेकर कोई अलग से कानून नहीं है, बल्कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद-19 में भारतीयों को दिए गए अभिव्यक्ति की आजादी के मूल अधिकार से ही प्रेस की आजादी सुनिश्चित होती है। यानी हर व्यक्ति को अपनी बात निष्पक्ष होकर रखने और अपने विचारों को व्यक्त करने का अधिकार संविधान से मिला हुआ है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से तात्पर्य है किसी व्यक्ति के विचारों को किसी ऐसे माध्यम से अभिव्यक्त करना जिससे वह दूसरों तक उन्हें संप्रेषित कर सके। इसके अलावा वह इन्हें लिखित रूप से प्रकाशित, प्रसारित तथा परिचालित करने का अधिकार भी रखता है, लेकिन इस स्वतंत्रता तो निरंकुश नहीं रखा गया है, क्योंकि समय पड़ने पर प्रेस पर भी प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। आपातकाल के समय में भारत में भी प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया था।

महामारी के संकट में प्रेस की भूमिका

प्रेस किसी भी समाज का आईना होता है। प्रेस और मीडिया हमारे आसपास घटित होने वाली घटनाओं से हमें अवगत करवाती है, यही खबरें हमें लगभग डेढ़ साल से भारत समेत संपूर्ण विश्व नोवल कोराना वायरस यानी कोविड-19 के संकट से जूझ रहा है। कोरोना संकट के इस दौर में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है लोगों को बीमारी के प्रति जागरूक करना, उससे निपटने के तरीकों के बारे में जानकारी देने की बात हो या फिर महामारी को लेकर देश समाज की क्या वस्तुस्थिति है इस सब की जानकारी जनहित में प्रकाशित और प्रसारित करने की जिम्मेदारी भी मीडिया की है। प्रिंट, रेडियो से लेकर डिजिटल दुनिया के पत्रकार इस संकट की घड़ी में अपने कार्य में जुटे हुए हैं।

मीडिया संबंधी इन आवश्यक कार्य की जरूरत

- **एक संस्थागत ढांचा मजबूत करना :** भारतीय प्रेस परिषद, एक नियामक संस्था, मीडिया को चेतावनी दे सकती है और विनियमित कर सकती है अगर वह यह देखती है कि एक समाचार पत्र या समाचार एजेंसी ने मीडिया नैतिकता का उल्लंघन किया है।
- न्यूज ब्रॉडकास्टर्स एसोसिएशन (एनबीए) को वैधानिक दर्जा प्रदान किया जाना चाहिए जो निजी टेलीविजन समाचार एवं करंट अफेयर्स ब्रॉडकास्टर्स का प्रतिनिधित्व करता है। ताकि वह अपने कर्तव्यों को बेहतर ढंग से निर्वाहन कर सके।
- **फेक न्यूज से निपटना :** मीडिया में विश्वास बनाए रखने के लिए मीडिया की स्वतंत्रता को कम किए बिना मीडिया सामग्री से छेड़छाड़ और फेक न्यूज का सामना करने के लिए सार्वजनिक शिक्षा, नियमों को मजबूत करने तथा प्रौद्योगिकी कंपनियों द्वारा न्यूज क्यूरेशन हेतु उपयुक्त एल्गोरिदम बनाने के प्रयासों की आवश्यकता है।
- फेक न्यूज पर अंकुश लगाने को लेकर इस बात का ध्यान रखिए किसी भी कानून के बारे में ज्यादा सजग रहना चाहिए और मीडिया को दोष नहीं देना चाहिए एवं बिना सोचे प्रतिक्रिया नहीं करनी चाहिए, नए मीडिया के इस युग में कोई भी अज्ञात लाभों के लिए खबर बना सकता है और प्रसारित कर सकता है।
- **मीडिया द्वारा नैतिकता का पालन :** यह महत्वपूर्ण है कि मीडिया सत्यता और सटीकता, पारदर्शिता, स्वतंत्रता, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व जैसे मुख्य सिद्धांतों का पालन करती रहे।

सर्जना चतुर्वेदी

(लेखिका, समसामयिक विषय पर लेखन कार्य करती हैं)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग देवास (म.प्र.)

www.mppwd.gov.in, e-mail : eepwddewas@nic.in, eepwddewas@gmail.com
Phone No. 07272-220397, 07272-220585

निविदा सूचना क्र. 03/2021-22/एस.एस.सी./1903 देवास, दिनांक 27.04.2021

निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

क्र.	जिला	टेण्डर आई.डी. क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनु. राशि (रु. लाख में)	कार्य की समयावधि
1.	देवास	2021_PWDRB_141137	देवास पुलिस लाइन मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूअल का कार्य - द्वितीय आमंत्रण	26.59	3 माह वर्षाकाल छोड़कर
2.	देवास	2021_PWDRB_141139	देवास सिविल लाइन आंतरिक मार्ग लंबाई 4.00 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूअल का कार्य - द्वितीय आमंत्रण	40.62	3 माह वर्षाकाल छोड़कर
3.	देवास	2021_PWDRB_141140	खटाम्बा से कानकुण्ड मार्ग लंबाई 4.40 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूअल का कार्य - द्वितीय आमंत्रण	21.04	3 माह वर्षाकाल छोड़कर
4.	देवास	2021_PWDRB_141141	देवास मेंडकीचक देवर मार्ग के कि.मी. 8/10 से 11/4 में बी.टी. रिन्यूअल का कार्य लंबाई 2.40 कि.मी. - द्वितीय आमंत्रण	27.44	3 माह वर्षाकाल छोड़कर
5.	देवास	2021_PWDRB_141142	देवास स्टील ट्यूब मार्ग लंबाई 1.25 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूअल का कार्य - चतुर्थ आमंत्रण	11.10	2 माह वर्षाकाल छोड़कर
6.	देवास	2021_PWDRB_141143	उपसंभाग देवास अंतर्गत गुराड़िया से धामंदा मार्ग लंबाई 1.60 कि.मी. का निर्माण कार्य - द्वितीय आमंत्रण	125.24	6 माह वर्षाकाल सहित
7.	देवास	2021_PWDRB_141144	टोंककला टोंकखुर्द देवली चौवाराधीरा मार्ग लंबाई 16.00 कि.मी. में बी.टी. रिन्यूअल का कार्य - द्वितीय आमंत्रण	296.99	4 माह वर्षाकाल छोड़कर
			योग	**549.02**	

उपरोक्त वेवसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं ऑनलाइन विड सवमिशन की **अंतिम दिनांक 17.05.2021 सायं 5.30 बजे** निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेवसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर किया जायेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-12210/45510/2021 लोक निर्माण विभाग, संभाग देवास

हाथकरघा संचालनालय मध्यप्रदेश
माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर द्वितीय तल, शिवाजी नगर
भोपाल-462016

विज्ञप्ति

भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान जोधपुर में 16.07.2021 से प्रारंभ होने वाले हैण्डलूम टेक्नोलॉजी के त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स में मध्यप्रदेश के लिये आरक्षित 11 (ग्यारह) स्थानों के लिये आवेदन-पत्र निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये जाते हैं।

आवेदन-पत्र आयुक्त हाथकरघा एवं हस्तशिल्प माध्यमिक शिक्षा मंडल परिसर द्वितीय तल, शिवाजी नगर, भोपाल 462016 को भेजा जाना है। आवेदन-पत्र संचालनालय में प्राप्त होने की **अंतिम तिथि 10 जून 2021 निर्धारित की गई** है, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

प्रवेश हेतु न्यूनतम अर्हताएं निम्नानुसार रहेंगी :-

1. आवेदक 10 (दसवीं) या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण हो, जिसमें अंग्रेजी भी अध्ययन का एक विषय हो।
2. कुछ मंडलों द्वारा दसवीं की परीक्षा में ग्रेडिंग प्रणाली लागू की गई है। ऐसे आवेदक अपने अंकों का सत्यापन कराकर आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत करें जिससे चयन समिति मैरिट सूची तैयार कर सके जो कि दसवीं परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर बनाई जावेगी।
3. **आयु सीमा :- 1 जुलाई 2021 की स्थिति में आयु-सीमा।**
   अ. सामान्य वर्ग अभ्यार्थियों के लिये 15 से 23 वर्ष
   ब. अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के अभ्यार्थियों के लिये 15 से 25 वर्ष
4. अनुसूचित जाति/जनजाति/पिछड़ा वर्ग इत्यादि के लिये आरक्षण मध्यप्रदेश शासन के नियमानुसार होगा।
5. बुनकरों के वंशानुगत परिवारों के अभ्यार्थियों या बुनाई के व्यवसाय में रत अभ्यार्थियों के लिये कम से कम 20 प्रतिशत स्थान आरक्षित रहेंगे, जिसे प्राप्त करने हेतु आवश्यक प्रमाण-पत्र आवेदन-पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा। एवं 10 प्रतिशत सीट आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के प्रवेशार्थियों के लिये आरक्षित रहेंगी। जिसके लिये भारत सरकार द्वारा 19 जनवरी 2019 से जारी ज्ञापन के अनुसार निर्धारित मापदण्डों की पूर्ति होने पर इस हेतु आरक्षित सीट के विरुद्ध चयन पर नियमानुसार विचार किया जायेगा। जिसके लिये आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध सक्षम अधिकारी से प्राप्त कर प्रस्तुत करना होंगे।
6. **छात्रवृत्ति**
   प्रथम वर्ष राशि रुपये 1000/- प्रतिमाह (केन्द्र शासन - 500/- एवं राज्य शासन - 500/-)
   द्वितीय वर्ष राशि रुपये 1100/- प्रतिमाह (केन्द्र शासन - 550/- एवं राज्य शासन - 550/-)
   तृतीय वर्ष राशि रुपये 1200/- प्रतिमाह (केन्द्र शासन - 600 एवं राज्य शासन - 600/-)
7. **चयनित प्रशिक्षणार्थियों के लिये प्रशिक्षण एवं परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी रहेगा।**
8. **निर्धारित आवेदन-पत्र के साथ निम्न प्रमाण-पत्रों की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करना होंगी।**
   - दसवीं अथवा समकक्ष परीक्षा की अंकसूची।
   - अंतिम शैक्षणिक संस्थान द्वारा जारी चरित्र प्रमाण-पत्र एवं अन्य प्रमाण-पत्र।
   - अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/बुनकर वर्ग इत्यादि के आवेदकों को सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण-पत्र।
   - राज्य के मूल निवासी का प्रमाण-पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी।
   - आवेदन-पत्र पर पासपोर्ट साइज का फोटोग्राफ।
   - यदि आवेदक बुनकर वर्ग का है तो इसका प्रमाण-पत्र (वीवर फोटो पहचान-पत्र/वीवर क्रेडिट कार्ड/वीवर यार्न पासबुक/बुनकर सेवा केन्द्र या राज्य शासन के संबंधित जिला हाथकरघा कार्यालय से प्रति हस्ताक्षरित प्रमाण-संलग्न करें)।
9. अंतिम तिथि तक प्राप्त आवेदनों में से संचालनलाय द्वारा मध्यप्रदेश के लिये आरक्षित सीटों के लिये 1:3 के अनुपात में सूची तैयार कर आई.आई.एच.टी. जोधपुर को भेजी जावेगी जिसके आधार पर काउन्सलिंग के लिये आमंत्रित किया जावेगा। काउन्सलिंग के समय शैक्षणिक, जाति, मूल निवासी, चरित्र एवं स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र की मूल प्रति एवं एक-एक अभिप्रमाणित फोटो कॉपी एवं चार फोटोग्राफ प्रस्तुत करना होंगे।
10. अतः जिसे भरकर मुख्यालय के निम्नलिखित पते पर भेजा जा सकता है - "आयुक्त, हाथकरघा एवं हस्तशिल्प, हाथकरघा संचालनालय, माध्यमिक शिक्षा मण्डल परिसर, सी.सी. विल्डिंग द्वितीय तल शिवाजी नगर भोपाल-462016" निम्नलिखित फोन नंबर पर संपर्क करें - 0755-2553968

आयुक्त
जी-12220/45513/2021 हाथकरघा संचालनालय म.प्र. भोपाल

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग-खण्डवा

क्र. 1809/निविदा/लोस्वायांवि/2021 खण्डवा, दिनांक 30.04.2021

निविदा सूचना क्रमांक - 03/2021-22

जल जीवन मिशन अंतर्गत खण्डवा जिले के ग्रामों में स्थापित नलजल योजनाओं के पुनर्नवीनीकरण कार्य के क्रियान्वयन हेतु पाइन लाइन जोड़ना, विछाना परीक्षण कार्य, आरसीसी उच्चस्तरीय टंकी, सम्पवेल निर्माण कार्य, मोटरपम्प स्थापना, घरेलु नल कनेक्शन प्रदाय एवं विद्युत कार्य मय 03 माह परीक्षण अवधि हेतु ऑनलाइन निविदाएं-टेण्डर आई.डी. क्रमांक **2021_PHED_141354_1** से **2021_PHED_141354_14** (14 समूह) में आमंत्रित की जाती हैं, जिनमें निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि दिनांक 15.05.2021 समय दोपहर 17.00 बजे तक** निर्धारित है। समस्त कार्यों की कुल अनुमानित लागत रु. 2471.04 लाख है। धरोहर राशि एवं अन्य विस्तृत विवरण ई टेण्डर पोर्टल **www.mptenders.gov.in/nicegp/app** पर देखी जा सकती है। निविदाओं में भविष्य में किये जाने वाले समस्त संशोधन केवल उपरोक्त वेवसाइट पर ही प्रकाशित किये जावेंगे।

कार्यपालन यंत्री एवं सदस्य सचिव
जिला जल एवं स्वच्छता मिशन,
जी-12241/45516/2021 लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खण्डवा

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, मंदसौर

दूरभाष क्रमांक : 07422-256284, फैक्स : 07422-255215
महू नीमच रोड शासकीय महाविद्यालय के पास मंदसौर, E-mail : eephedmas@mp.nic.in

NIT No. 30/2021-22

क्रमांक 1404/व.ले.लि./का.यं./2021 मंदसौर, दिनांक 29.04.2021

निम्नलिखित कार्य की निविदा आमंत्रण सूचना वेवसाइट **www.mptenders.gov.in** पर प्रदर्शित की गई है। टेंडर का विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :-

टेंडर आई.डी. क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रु. लाख में)	1. अर्नेस्टमनी (रुपये में) 2. अमंत्रण क्र.	समयावधि (वर्षाकाल सहित)	निविदा क्रय की अंतिम तिथि
2021_PHED_140905_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Mandaur** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	**10.05.2021 17.30 तक**
2021_PHED_140907_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Mandaur** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140908_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Mandaur** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140910_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Mandaur** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140913_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Mandaur** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140918_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Sitamau** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140927_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Sitamau** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140929_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Sitamau** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140930_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Sitamau** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_140933_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Sitamau** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141149_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Malhargarh** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141159_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Malhargarh** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141169_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Malhargarh** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141213_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Garoth** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141215_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Garoth** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141220_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Garoth** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141221_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Bhanpura** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक
2021_PHED_141223_1	Drilling of 14 Nos. 150/125/115 MM Dia. 180 Mtr. Deep in **Bhanpura** Block of Distt. Mandsaur As Per BOQ.	19.71	1. 39420.00 2. द्वितीय आमंत्रण	45 दिवस	10.05.2021 17.30 तक

उक्त कार्य की निविदा क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट वैंकिंग एकाउन्ट के माध्यम से भुगतान करने पर ऑनलाइन उक्त वेवसाइट पर क्रय की जा सकती है। निविदा से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी उक्त वेवसाइट पर देखी जा सकती है। **नोट** :- निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन वेवसाइट पर देखा जा सकता है। संशोधन पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री, स्वा.यां. खंड, मंदसौर
जी-12222/45514/2021 मोबाइल नंबर - 9981467992

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड छिन्दवाड़ा
चतुर्थ निविदा आमंत्रण सूचना

निविदा जारी करने का दिनांक : 29.04.2021

निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्योरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://www.mptenders.gov.in** पर आमंत्रित है, निविदाओं हेतु निविदा प्रपत्र डाउनलोड/क्रय करने की दिनांक 30 अप्रैल 2021 समय 10.30 बजे से प्रारंभ है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है :-

कार्य का नाम: छिन्दवाड़ा जिले के विकासखंड छिंदवाड़ा, मोहखेड़ एवं पान्दुर्ण के गुणवत्ता प्रभावित ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत विद्यमान (स्थापित) नलजल योजनाओं में विभिन्न प्रकार एवं व्यास के पाईप लाईन बिछाने एवं जोड़ने, 20 कि.ली. क्षमता आर.सी.सी. सम्पवैल, रेडीमेट मिनी पंप हाउस, विक्र मेसोनरी वाल्व चेम्बर, बाउड्रीवॉल निर्माण, एम.एस. फेब्रिकेटेड रूम, पॉवर पंप स्थापना, विद्युतीकरण तथा रेट्रोफिटिंग कर शतप्रतिशत घरेलू नल कनेक्शन कार्य, प्रावधानुसार **5000 LPH & 10000 LPH** जलक्षमता फ्लोराइड रिमूव्हल प्लांट का निर्धारित स्पेसिफिकेशन अनुसार प्रदाय, प्रतिष्ठापन के माध्यम शुद्ध पेयजल व्यवस्था समस्त आवश्यक सामग्री सहित कार्य, पूर्ण होने के पश्चात 90 दिन ट्रायल-रन कमिशनिंग तथा 2 वर्ष संचालन एवं संधारण कार्य । **(As per BOQ)**

ई-टेण्डर आई.डी क्र.	निविदा क्रमांक दिनांक	ग्राम का नाम	अनु. लागत (रु. लाख में)	अमानत राशि रुपये	निविदा प्रपत्र का मूल्य रुपये	निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि समय	निविदा खोलने की नियत दिनांक	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने समय अवधि
2021_PHED_ 141228_1	03/21-22 Dt. 29.04.2021	गांगीवाड़ा उभेगांव	144.99	144900	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	नवीन केन्द्रीकृत पद्धति पर सक्षम श्रेणी में पंजीकृत	6 माह वर्षाकाल सहित
2021_PHED_ 141229_1	04/21-22 Dt. 29.04.2021	चारगांव, चन्हियाकला	126.21	126210	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141232_1	05/21-22 Dt. 29.04.2021	राजाखोह, शहपुरा	121.99	121990	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141248_1	06/21-22 Dt. 29.04.2021	धमनिया, सहजपुरी	71.64	71640	10000	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141249_1	07/21-22 Dt. 29.04.2021	खुटिया झंझरिया, सुन्हेरीमोहगांव	115.43	115430	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141256_1	08/21-22 Dt. 29.04.2021	चिखलीकला, पौनार	145.99	145990	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141263_1	09/21-22 Dt. 29.04.2021	रायबासा, जामलापानी	119.08	119080	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141267_1	10/21-22 Dt. 29.04.2021	लिंगा, सिमरियाकला	162.80	162800	12500	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –
2021_PHED_ 141270_1	11/21-22 Dt. 29.04.2021	उमरियाईसरा	82.96	82960	10000	15.05.2021 05.30 PM	17.05.2021 1.00 PM	– तदैव –	– तदैव –

निविदा प्रपत्र निर्धारित शुल्क, केश-कार्ड, ए.टी.एम. एम डेविट कार्ड अथवा इंटरनेट बैंकिंग एकाउंट के माध्यम से उपरोक्त वेवसाइट पर भुगतान कर केवल ऑनलाइन पर ही क्रय किए जा सकते हैं।
विस्तृत निविदा एवं अन्य जानकारी उपरोक्त उल्लेखित वेवसाइट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, छिन्दवाड़ा, म.प्र.

जी-12256/45511/2021

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय, रीवा खण्ड, रीवा (म.प्र.)

निविदा सूचना क्र. 04/21-22/ब.ले.लि./का.यं./लो.स्वा.यां./21 रीवा, दिनांक - **29.04.2021**

ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना

1. निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से ऑनलाइन निविदायें एपेन्डिक्स 2.10 में प्रतिशत दर पर प्रमुख अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, भोपाल की नलकूपों के खनन एवं अन्य कार्य से संबंधित दिनांक 03.07.2018 से प्रभावशील एकीकृत दर सूची एवं निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक किए गए समस्त संशोधनों के आधार पर केन्द्रीयकृत नवीन पंजीयन के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा ऑनलाइन टेण्डर प्रक्रिया के तहत् आमंत्रित की जाती है।
   ऑनलाइन निविदा पब्लिशिंग का दिनांक 01.05.2021 डाक्यूमेंट डाउन लोड/टेण्डर फार्म क्रय प्रारंभ तिथि 01.05.2021, टेण्डर फार्म क्रय की अंतिम तिथि 15.05.2021, बिड सबमिशन प्रारंभ का दिनांक 01.05.2021 एवं बिड सबमिशन का **अंतिम तिथि 15.05.2021 को सायं 5.30 बजे तक** निर्धारित है। Mandatory 'A' & Financial Bid Open का दिनांक 17.05.2021 को अपरान्ह 3.30 बजे निर्धारित है।
2. उक्त निविदा आमंत्रण सूचना विभागीय वेवसाइट (**http://www.mptenders.gov.in**) पर प्रदर्शित है।
3. निविदाएं निर्धारित तिथि दिनांक 17.05.2021 को खोली जावेंगी।
4. **कार्य का विवरण** :-

रीवा जिले के विकासखण्ड सिरमौर, जवा, रीवा एवं रायपुर के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत ट्यूववेल पर आधारित रेट्रोफिटेड पाइप जलापूर्ति का निर्माण, निष्पादन, आर.सी.सी. टंकी (OHT) का निर्माण, सवमर्सिवल मोटर पंप की स्थापना, 90 दिवस के ट्रायल रन एवं कमिशनिंग आदि समस्त कार्य समग्री एवं लेवर सहित।

ई-टेण्डर नं.	योजना का नाम	विकास खण्ड	कार्य की अनु. लागत (रु. लाख में)	प्रतिभूति राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
2021_PHED_ 140894_1	चचाई, शाहपुर, वीरखाम	सिरमौर	447.97	447970/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140895_1	भमरा, पल्हान, शाहपुर वृत्त, बड़ागांव	सिरमौर	446.91	446910/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140896_1	कुशवार, नेवुहा, वगहा दुवे, वदरांव गौतमान	सिरमौर	293.45	293450/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140897_1	बासौड़, पनवारकला, नगमा, लूक	जवा	447.11	447110/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140899_1	वरौली ठकुरान, डोडौ, पैरा, वरहुला, खम्हरिया	जवा	470.17	470170/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140973_1	खजुहाकला, वहुरीबांध	रीवा	375.76	375760/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140974_1	रहट, अमिलकी, सिलपरा	रीवा	426.10	426100/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140976_1	पांती, अमवा, भोलगढ़, पुरास	रीवा	445.51	445510/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140977_1	शिवपुर्वा 603, वैसा, हर्दीशंकर	रीवा	258.58	258580/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140978_1	वरहदी, पुर्वा, देवगांव, नवागांव कोठार	रायपुर	467.42	467420/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)
2021_PHED_ 140979_1	भौवार, कुंइयाकला, गेरूई, वरसैता	रायपुर	308.22	308220/-	15000/-	9 माह (वर्षाऋतु सहित)

निविदा सूचना से संबंधित अन्य विस्तृत जानकारी विभागीय वेवसाइट (**http://www.mptenders.gov.in**) पर प्रदर्शित है।

कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड रीवा, म.प्र.

जी-12268/45512/2021

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
5th Floor, Block-II, Paryavas Bhawan, Bhopal (M.P.) 462011

NOTICE INVITING TENDER No. 941 (PMGSY-III, Batch-I Year 2021-22)

No.6913/22/D-12/MPRRDA/2021 **Bhopal, Dated : 04.05.2021**

Online Tenders for Construction of Rural Roads/CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in** as detailed below;

- **Name of work -** Construction / Up-gradation of Rural Roads under PMGSY using Full Depth Recycling (FDR) Technology including maintenance for Five Year after construction.

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Indore	1	289534000.00

1. Availability of Bid Documents and mode of submission: The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities. The bidders are required to submit original affidavit regarding correctness of information furnished with bid document as per provisions of Clause 4.4 B (a) (ii) of ITB with GM PIU concerned or MPRRDA Head Office, Paryavas Bhawan, BHOPAL, either by registered post or by hand, failing which the bid shall be declared non-responsive.
2. Bid document may be purchase online from 06.05.2021 (17:30 hrs) and last date for online bid submission is 08.06.2021 (17:00 hrs.)
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/100681/45518/2021 **(T & E-G)**

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म.प्र.)

Website : www.mppwd.gov.in, E-mail : eepwdumaria@nic.in
Phone No. : 07653-222967, Fax No. : 07653-222967

निविदा सूचना 03/व.ले.लि./2021-22 दिनांक - 29.04.2021

निविदा आमंत्रण सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा **E-Tendering System Portal https://www.mptenders.gov.in** के माध्यम से निविदा सूचना जारी होने के दिनांक तक शासन द्वारा जारी आदेश की शर्तों पर आमंत्रित की गई है।

स.क्र.	ऑनलाइन निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत	निविदा प्रपत्र की कीमत	धरोहर राशि (रु. में)	ठेकेदार की श्रेणी	कार्य पूर्ण करने की अवधि	आमंत्रण क्रमांक
1.	2021_PWDRB_141233	ग्राम पंचायत मरदरी ब्लॉक मानपुर आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	13.39 रु. तेरह लाख उनतालीस हजार मात्र	2,000 रु. दो हजार मात्र	26,780 रु. छब्बीस हजार सात सौ अस्सी मात्र	सिविल	04 माह	प्रथम आमंत्रण
2.	2021_PWDRB_141234	ग्राम पंचायत सेहरा टोला ब्लॉक मानपुर आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	13.39 रु. तेरह लाख उनतालीस हजार मात्र	2,000 रु. दो हजार मात्र	26,780 रु. छब्बीस हजार सात सौ अस्सी मात्र	सिविल	04 माह	प्रथम आमंत्रण
3.	2021_PWDRB_141235	ग्राम पंचायत बसकुटा ब्लॉक मानपुर आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	13.39 रु. तेरह लाख उनतालीस हजार मात्र	2,000 रु. दो हजार मात्र	26,780 रु. छब्बीस हजार सात सौ अस्सी मात्र	सिविल	04 माह	प्रथम आमंत्रण
4.	2021_PWDRB_141236	ग्राम पंचायत कछरा टोला ब्लॉक मानपुर आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	13.39 रु. तेरह लाख उनतालीस हजार मात्र	2,000 रु. दो हजार मात्र	26,780 रु. छब्बीस हजार सात सौ अस्सी मात्र	सिविल	04 माह	प्रथम आमंत्रण
5.	2021_PWDRB_141237	ग्राम पंचायत सकरिया ब्लॉक मानपुर आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	13.39 रु. तेरह लाख उनतालीस हजार मात्र	2,000 रु. दो हजार मात्र	26,780 रु. छब्बीस हजार सात सौ अस्सी मात्र	सिविल	04 माह	प्रथम आमंत्रण
6.	2021_PWDRB_141238	ग्राम पंचायत चेचरिया ब्लॉक मानपुर आदिवासी मोहल्ला में सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य।	13.39 रु. तेरह लाख उनतालीस हजार मात्र	2,000 रु. दो हजार मात्र	26,780 रु. छब्बीस हजार सात सौ अस्सी मात्र	सिविल	04 माह	प्रथम आमंत्रण
		योग -	**80.34 (रुपये अस्सी लाख चौंतीस हजार मात्र)**					

1 निविदा प्रपत्र का मूल्य वेबसाइट **http://www.mptenders.gov.in** पर भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाकुमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र **खरीदने की तिथि 13.05.2021 सुबह 10.30 से 25.05.2021 शाम 17.30 बजे तक।**
3. ऑनलाइन में अमानत राशि की स्केन कॉपी एवं अन्य डाक्यूमेंट स्केन कॉपी अपलोड एवं बिड प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.05.2021 शाम 17.30 बजे तक है।
4. अमानती राशि एवं अन्य अभिलेख दिनांक 25.05.2021 शाम 17.30 बजे तक ऑनलाइन जमा की जाए।
5. निविदा खुलने का दिनांक 28.05.2021 सुबह 10.30 से शाम 17.30 बजे तक।
6. म.प्र. शासन, लो.नि.वि. के ज्ञाप क्र. एफ-53/2/2011/यो/19/2418 भोपाल, दिनांक 02.05.2016 के तहत अव्यवहारिक दर प्राप्त होने पर अतिरिक्त परफारमेंस सिक्योरिटी पूर्व में ही जमा करनी होगी।

कार्यपालन यंत्री
जी-12236/45515/2021 लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग उमरिया (म.प्र.)

कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लो.नि.वि. (भ/स) संभाग क्र. 1, सागर

फोन नं. : 07582-222296, ई-मेल आईडी : eepwdsagar@nic.in

एनआईटी नं. - 01/2021-22/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण सागर दिनांक 16.04.2021

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (रु. में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रु. में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)	रिमार्क
1.	2021_PWDRB_140857_1	देवरी उपसंभाग के अन्तर्गत पैच मरम्मत हेतु मेटल एवं डस्ट का प्रदाय कार्य।	सागर	1000000	20000	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
2.	2021_PWDRB_140862_1	देवरी उपसंभाग के आवासीय भवनों के एम.ओ.डब्ल्यू. एवं मरम्मत कार्य।	सागर	1990000	39800	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
3.	2021_PWDRB_140863_1	बण्डा उपसंभाग के आवासीय एवं गैरआवासीय भवनों की रंगाई एवं पुताई एवं पेंटिंग का कार्य।	सागर	1990000	39800	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
4.	2021_PWDRB_140864_1	बण्डा उपसंभाग के आवासीय भवनों के मूल गौण कार्य, विशेष मरम्मत एवं डिपाजिट कार्य।	सागर	1990000	39800	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
5.	2021_PWDRB_140868_1	बण्डा उपसंभाग के गैरआवासीय भवनों के मूल गौण कार्य, विशेष मरम्मत एवं डिपाजिट कार्य।	सागर	1990000	39800	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
6.	2021_PWDRB_140876_1	खुरई उपसंभाग के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड का कार्य।	सागर	1999000	39980	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
7.	2021_PWDRB_140883_1	सागर उपसंभाग के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड का कार्य।	सागर	1994000	39880	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
8.	2021_PWDRB_140885_1	रिफायनरी से लो.नि.वि. उपसंभाग क्र. 1 सागर के स्टोर तक डामर ड्रमों की लोडिंग अनलोडिंग का कार्य।	सागर	200000	4000	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
9.	2021_PWDRB_140892_1	बण्डा एवं देवरी उपसंभाग के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड का कार्य।	सागर	1994000	39880	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर
10.	2021_PWDRB_140898_1	रहली उपसंभाग के अन्तर्गत विभिन्न मार्गों पर रोड मार्किंग एवं साईन बोर्ड का कार्य।	सागर	1994000	39880	2000	02 माह	कार्यपालन यंत्री, लो.नि.वि. संभाग क्र. 1 सागर

1. निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट **http://mptenders.gov.in/** पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे। 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाइन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा। 3. निविदा प्रपत्र केवल ऑनलाइन **दिनांक 27.04.2021 समय 10.00 से दिनांक 17.05.2021 समय 05.30 तक** खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है। 4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री
जी-12209/45509/2021 लो.नि.वि. (भ./स.) संभाग क्र. 1, सागर

कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

फोन नं. 07282-231402, eephedkhr@nic.in

क्रमांक/1960/निविदा/का.यं./लो.स्वा.यां./2021 खरगोन, दिनांक 05.05.2021

निविदा सूचना क्रमांक 03/2021-22

कार्य का विवरण - खरगोन जिले के अंतर्गत निम्न कार्यों हेतु निविदाएं एपेंडिक्स "2.10" पर ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल **http://mptenders.gov.in** पर निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

सिस्टम टेंडर नं. (2021_PHED)	विकासखण्ड	ग्रामों की संख्या	कार्य की अनु. लागत रु. लाख में	धरोहर राशि	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाकाल सहित)
खरगोन जिले के विभिन्न विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप लाइन, आर.सी.सी. टंकी एवं संपवेल, घरेलू नल कनेक्शन एवं विद्युत संयोजन कार्य।						
141555	भगवानपुरा	04	455.19	4,55,195	15,000	04 माह
141556	गोगांवा	03	403.34	4,03,340	15,000	04 माह
141559	सेगांव	02	223.11	2,23,115	15,000	04 माह
141560	सेगांव	02	407.10	4,07,100	15,000	04 माह
141562	सेगांव	03	423.56	4,23,565	15,000	04 माह
141563	सेगांव	03	462.42	4,62,646	15,000	04 माह
141644	भीकनगांव	03	241.54	2,41,545	15,000	04 माह
141645	भीकनगांव	02	270.82	2,70,820	15,000	04 माह
141646	भीकनगांव	04	381.99	3,81,995	15,000	04 माह

ऑनलाइन निविदा फार्म क्रय करने की एवं निविदा दर डालने की **अंतिम तिथि - 20.05.2021, समय - 17.30 बजे** एवं निविदा दर खोलने की तिथि - 22.05.2021
निविदा एवं उससे संबंधित विस्तृत जानकारी ऊपर दर्शाई गई वेबसाइट पर देखें।

कार्यपालन यंत्री
जी-12314/45517/2021 लोक स्वा. यांत्रिकी खण्ड, खरगोन

निजी अस्पतालों की शिकायत पर सख्ती से निपटेगी सरकार : गृह मंत्री

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया कि निजी अस्पतालों की शिकायतों के निराकरण और एंबुलेंस संचालन की दरों के संबंध में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में क्राइसिस मैनेजमेंट की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। उन्होंने बताया कि निजी अस्पतालों के संबंध में निरंतर प्राप्त हो रही शिकायतों की जांच के लिए प्रमुख सचिव स्तर के तीन आईएएस अधिकारियों की समिति गठित कर दी गई है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एंबुलेंस संचालन की दरें भी निर्धारित कर दी गई हैं। शासन द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि सभी मरीजों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। बैठक में अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि उपचार के अभाव में असामयिक मृत्यु नहीं होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि आयुष्मान कार्डधारी हितग्राहियों को समुचित उपचार की सुविधाएं मुहैया कराई जाएंगी। डॉ. मिश्रा ने कहा कि आयुष्मान कार्डधारी हितग्राहियों के उपचार के लिए अस्पतालों की सूची भी शीघ्र ही जारी की जा रही है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि उपचार के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध कराए गए हैं। माननीय मुख्यमंत्री जी चिंता करके और भी प्रबंध निरंतर कर रहे हैं। बैठक में शीर्ष अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि गांव पर विशेष ध्यान दिया जाए। जनता का सहयोग लिया जाए। हर हाल में बेहतर परिणाम चाहिए।

मध्यप्रदेश में एंबुलेंस की दरें होंगी तय

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने बताया है कि कोरोना आपदा काल में एंबुलेंस संबंधी शिकायतें निरंतर प्राप्त हो रही हैं। मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोरोना नियंत्रण की समीक्षा बैठक में तय किया गया है कि राज्य स्तर से एंबुलेंस की दरें तय की जायेंगी, जिससे जनता को अनावश्यक परेशानी न हो। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सोशल मीडिया पर कोरोना के संबंध में भ्रामक जानकारियां पोस्ट करने वालों के खिलाफ भी सख्ती से कार्यवाही करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने 18 से अधिक आयु के लोगों के वैक्सीनेशन के लिये पंजीयन उपरांत ही वैक्सीनेशन सेंटर जाने की अपील की है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि कोरोना की समीक्षा बैठक में विभिन्न स्थानों से एंबुलेंस वालों द्वारा मनमाना किराया वसूल करने, परिजनों से दुर्व्यवहार इत्यादि की शिकायतों को संज्ञान में लिया गया है। बैठक में निर्णय लिया गया कि एंबुलेंस की राज्य स्तर से निर्धारित दरों से अधिक किराया वसूल किये जाने पर संबंधित एंबुलेंस मालिकों से सख्ती से निपटा जायेगा तथा कड़ी कार्यवाही की जायेगी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे व्हाट्सएप ग्रुप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम इत्यादि पर कोरोना के संबंध में विभिन्न प्रकार की भ्रामक जानकारियां पोस्ट की जा रही हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारियां पोस्ट करने वालों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

वैक्सीनेशन के पहले पोर्टल पर पंजीयन करायें

गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने 5 मई से 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लोगों के लिए प्रारंभ हुए वैक्सीनेशन के लिये पात्र सभी लोगों से पोर्टल पर पंजीयन कराने का आह्वान किया है।

उन्होंने कहा है कि पंजीयन उपरांत मैसेज प्राप्त होने पर ही टीकाकरण के लिये वैक्सीनेशन सेंटर जायें। डॉ. मिश्रा ने बताया कि जनता को असुविधा और संक्रमण से बचाने के लिये भी अस्पतालों के अन्यत्र वैक्सीनेशन सेंटर खोले जाने की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि सभी पात्र लोगों को वैक्सीन लगाई जायेगी। साथ ही अपील की है कि वैक्सीनेशन के लिये अनावश्यक भीड़ न लगायें, अपना नम्बर आने पर ही वैक्सीनेशन करायें।

गरीब का निःशुल्क उपचार राज्य सरकार की जिम्मेदारी - मुख्यमंत्री

राष्ट्रीय औसत से कम हुई मध्यप्रदेश की पॉजिटिविटी रेट



मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान कोरोना के संबंध में कोर ग्रुप की बैठक को संबोधित करते हुए।

भोपाल, गरीब के उपचार की व्यवस्था शासन की जिम्मेदारी है। गरीब व्यक्तियों के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्था के लिए चिकित्सालय चिन्हित किए गए हैं। इसके साथ ही गरीब के लिए निःशुल्क उपचार की व्यवस्थाओं को अधिक विस्तारित करने के संबंध में प्रयास किए जाएं। सी.टी. स्कैन की निर्धारित दरों को कम करने के तरीकों पर भी विचार किया जाए। दर ऐसी हो जो आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग द्वारा भी वहन की जा सके। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कोरोना कोर ग्रुप की बैठक को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए कहीं। बैठक में बताया गया कि प्रदेश की पॉजिटिविटी रेट 4 मई को राष्ट्रीय औसत से कम हो गई है। राष्ट्रीय औसत 21.6 प्रतिशत की तुलना में प्रदेश की औसत 20.7 प्रतिशत हो गई है।

निजी अस्पतालों में कोविड रोगियों का निर्धारित दर पर हो उपचार

श्री चौहान ने कहा कि गरीब व्यक्तियों के उपचार के लिए आयुष्मान कार्ड के साथ ही अन्य निःशुल्क उपचार की वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी की जाएं। उन्होंने कहा कि कोविड रोगियों का निजी चिकित्सालयों में उपचार शासन द्वारा निर्धारित शुल्क पर हो। इस व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि किसी भी चिकित्सालय को मनमानी दरों पर उपचार की छूट नहीं दी जाएगी। ऐसा करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने एंबुलेंस की दरें प्रति किलो मीटर के आधार पर निर्धारित करने के निर्देश दिए। इसी तरह सी.टी. स्कैन करवाने के परामर्श के लिए भी निर्धारित प्रोटोकॉल अनुसार व्यवस्थाएं कराने की जरूरत बताई।

प्रभारी मंत्री ग्रामीण अंचल के कोविड केयर सेंटर की व्यवस्था देखें

मुख्यमंत्री ने प्रभारी मंत्रियों को निर्देशित किया है कि ग्रामीण अंचल के क्वारेंटाइन सेंटर और कोविड केयर सेंटरों का निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाएं। उन्होंने कहा कि क्वारेंटाइन और कोविड केयर सेंटरों की व्यवस्थाओं के संबंध में जन-जागरण भी किया जाए, ताकि संक्रमित व्यक्ति को वहां पर रख कर संक्रमण को नियंत्रित किया जा सके। उन्होंने बताया कि वे स्वयं भी आकस्मिक रूप से ग्रामीण अंचल के कोविड केयर और क्वारेंटाइन सेंटर का निरीक्षण करेंगे।

बीना रिफायनरी में 200 ऑक्सीजन बिस्तर का अस्पताल शीघ्र होगा प्रारम्भ

श्री चौहान ने बीना रिफायनरी में बनने वाले अस्पताल के निर्माण कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि मई माह के मध्य तक 200 ऑक्सीजन बिस्तर का अस्पताल प्रारम्भ हो जाएगा। साथ ही उन्होंने मोहासा-बावई में निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लान्ट की गति को भी तीव्र करने के निर्देश दिए। साथ ही इंदौर में ई.एस.आई. के चिकित्सालय में शीघ्र ही कोविड केयर सेंटर शुरू हो जाएगा।

ऑक्सीजन उपलब्धता की स्थिति हुई बेहतर

मुख्यमंत्री ने प्रदेश में ऑक्सीजन आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा की। बताया गया कि ऑक्सीजन उपलब्धता की स्थिति बेहतर हुई है। 2 मई को ऑक्सीजन की 516 मीट्रिक टन आवश्यकता की तुलना में 683 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति की गई है।

प्रदेश को आवंटित ऑक्सीजन मात्रा की तुलना में 90 प्रतिशत से अधिक ऑक्सीजन की आपूर्ति लगातार ठीक ढंग से हो रही है। प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में आगामी 2 दिन की ऑक्सीजन आवश्यकता से अधिक का भंडारण हो गया है। प्रदेश में ऑक्सीजन भंडारण क्षमता पूर्णता की ओर तेजी से बढ़ रही है। विगत चार दिनों में 4 नये ऑक्सीजन टैंकर भी प्राप्त हुए हैं। आगामी 2-3 दिनों में सिंगापुर से आयातित दो टैंकर भी प्राप्त हो जाएंगे।

घर-घर सर्वे कर कोरोना मरीजों की करें पहचान - मुख्यमंत्री

टेस्ट करवाते समय ही मेडिकल किट दी जाए

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, कोरोना का इलाज शुरुआत पर ही प्रारंभ कर दिए जाने से यह पूर्ण रूप से ठीक हो जाता है, परंतु विलंब घातक हो सकता है। अतः थोड़े भी लक्षण दिखने पर तुरंत जांच की जाए तथा जांच के समय ही व्यक्ति को मेडिकल किट भी दे, जिससे कि उपचार प्रारंभ हो सके। लापरवाही बिल्कुल न करें, थोड़े लक्षण दिखते ही इलाज लें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना कोर ग्रुप की बैठक में कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि घर-घर सर्वे कर मरीजों की पहचान की जाए तथा सर्दी, जुकाम, बुखार आदि लक्षण होने पर मेडिकल किट देकर इलाज प्रारंभ कर दिया जाए। 'अर्ली डिटेक्शन एंड क्योर' की रणनीति पर चलते हुए हम प्रत्येक कोरोना मरीज़ को स्वस्थ कर सकते हैं। एक अध्ययन के अनुसार मध्यप्रदेश कोरोना पीक से नीचे आ रहा है।

प्रदेश अब पीक से नीचे आ रहा है

अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य श्री मोहम्मद सुलेमान ने बताया कि आईआईटी कानपुर के प्रोफेसर डॉ. महेंद्र अग्रवाल द्वारा किए गए केस प्रेडिक्शन के अनुसार मध्यप्रदेश अपने कोरोना पीक पर पहुंच गया है। अब मामले कम हो रहे हैं।

डॉक्टर फोन पर मरीजों से करें बात

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि होम आइसोलेशन में उपचाररत मरीजों को दिन में कम से कम एक बार डॉक्टर आवश्यक रूप से फोन करके सलाह दें।

ऑक्सीजन की निरंतर आपूर्ति

प्रदेश में ऑक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति निरंतर हो रही है। प्रदेश को 589 मीट्रिक टन ऑक्सीजन का कोटा मिल रहा है। 30 अप्रैल को 465 मीट्रिक टन, एक मई को 489 मीट्रिक टन ऑक्सीजन सप्लाई रही तथा 2 मई के लिए 503 मीट्रिक टन आपूर्ति का अनुमान है।

58 नए ऑक्सीजन प्लांट

प्रदेश के सभी जिलों में कुल 58 नए ऑक्सीजन प्लांट लगाये जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य को गति दिए जाने के निर्देश दिए।

मीडिया प्रतिनिधियों के लिए लगाया गया वैक्सीनेशन कैम्प

भोपाल, जनसंपर्क विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में 4 मई को स्मार्ट सिटी ऑफिस में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए कोविड-19 वैक्सीनेशन कैम्प लगाया गया। कैम्प में 211 मीडिया प्रतिनिधियों ने कोरोना से सुरक्षा के लिये वैक्सीनेशन करवाया।

वैक्सीनेशन कैम्प की व्यवस्थाओं और पत्रकारों की सुविधा के लिए जिला प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। कलेक्टर श्री अविनाश लवानिया और संचालक जनसंपर्क श्री आशुतोष प्रताप सिंह ने कैम्प की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्वास्थ्य विभाग के अमले को निर्देश दिये कि कोरोना प्रोटोकाल के अनुसार सभी मीडिया प्रतिनिधियों का सुरक्षित वैक्सीनेशन किया जाए। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रभाकर तिवारी भी उपस्थित रहे।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा अधिमान्य पत्रकारों को फ्रंटलाइन वर्कर की श्रेणी में शामिल करने का निर्णय लिया गया है।

मध्यप्रदेश में एक लाख 79 हजार 153 कोरोना मरीजों तक पहुँची मेडिकल किट

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार होम आइसोलेट कोरोना मरीजों को मेडिकल किटों का वितरण लगातार जारी है। नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने बताया है कि अभी तक 52 जिलों में एक लाख 79 हजार 153 मेडिकल किट वितरित की जा चुकी हैं।

श्री सिंह ने बताया है कि 18 अप्रैल से 4 मई के मध्य नगरीय क्षेत्रों में फीवर क्लीनिक और होम डिलीवरी के माध्यम से एक लाख 79 हजार 153 मेडिकल किट कोविड मरीज़ों को उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने जानकारी दी है कि 18 अप्रैल को 12 हजार 583, 19 अप्रैल को 16 हजार 914, 20 अप्रैल को 11 हजार 465, 21 अप्रैल को 10 हजार 327, 22 अप्रैल को 11 हजार 76, 23 अप्रैल को 11 हजार 17, 24 अप्रैल को 10 हजार 658, 25 अप्रैल को 9 हजार 497, 26 अप्रैल को 9 हजार 360, 27 अप्रैल को 9 हजार 705 , 28 अप्रैल को 11 हजार 141, 29 अप्रैल को 9 हजार 347, 30 अप्रैल को 8 हजार 958, एक मई को 10 हजार 253 , 2 मई को 9 हजार 112, 3 मई को 8 हजार 439 और 4 मई को 9 हजार 301 कोविड मरीजों को मेडिकल किट वितरित की गई हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मध्यप्रदेश में कोई भी गरीब बिना राशन के नहीं रहेगा

सार्वजनिक वितरण प्रणाली की व्यवस्थाएँ हों परफेक्ट - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में निःशुल्क खाद्यान वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत पात्र परिवारों को निःशुल्क खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कहा कि कोविड संकटकाल में कोई भी गरीब बिना राशन के नहीं रहेगा। उन्होंने सहकारिता और खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि नियम शिथिल कर इस संबंध में व्यवस्थाएं की जायें। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री विसाहू लाल सिंह और सहकारिता, लोक सेवा प्रबंधन मंत्री श्री अरविंद भदौरिया भी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब व्यक्ति को खाद्यान्न प्राप्त करने में दिक्कत नहीं हो। पात्रता पर्ची, आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज नहीं होने पर भी उनको अनाज का वितरण किया जाये। उन्होंने खाद्य एवं सहकारिता विभाग के मंत्रियों को इस संबंध में प्रभावी व्यवस्था करने के निर्देश दिये।

वितरण के समय भीड़ नहीं हो

श्री चौहान ने कहा कि राशन वितरण के समय उचित मूल्य दुकान पर भीड़ नहीं लगे। कोरोना गाइड लाइन का प्रभावी पालन हो। सभी लोग मास्क लगाये तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। इसकी प्रभावी व्यवस्था के साथ ही उसकी निगरानी भी की जाये। राशन वितरण के समय सक्षम शासकीय अधिकारी अथवा कर्मचारी को तैनात किया जाये।

हितग्राहियों को एस.एम.एस. से सूचित करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि हितग्राहियों को एस.एम.एस. द्वारा निःशुल्क खाद्यान्न वितरण व्यवस्था की सूचना दी जाये। उन्होंने कहा कि कोविड संकट काल में निःशुल्क राशन वितरण के उठाव, परिवहन और वितरण चुनौती पूर्ण कार्य हैं। खाद्यान्न के परिवहन और वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाये। इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता और कम्युनिकेशन गैप नहीं होना चाहिए। सहकारिता और खाद्य विभाग समन्वय और सामंजस्य के साथ कार्य करें।

पी.ओ.एस. मशीन से पावती

श्री चौहान ने कहा कि निःशुल्क खाद्यान्न वितरण के साथ ही हितग्राही को पी.ओ.एस. मशीन से पावती उपलब्ध कराई जाये। उन्होंने कहा कि वितरण कार्य में गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

राशि भुगतान कर लेने वालों को भी मिलेगा निःशुल्क खाद्यान्न

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन गरीब परिवारों द्वारा अप्रैल एवं मई माह का खाद्यान्न राशि का भुगतान कर प्राप्त किया है, उन्हें भी आगामी माह में निःशुल्क खाद्यान्न प्रदान किया जाये। उनको बताया गया कि ऐसे हितग्राहियों को जुलाई और अगस्त माह में निःशुल्क अनाज वितरण किया जायेगा।

शेष रहे परिवारों को 5 माह का खाद्यान्न एकमुश्त मिलेगा

श्री चौहान को बैठक में बताया गया कि 15 मई के पश्चात खाद्यान्न प्राप्त करने से शेष रहे परिवारों को 5 माह का खाद्यान्न एकमुश्त वितरित होगा। प्रदेश के कुल एक करोड़ 11 लाख 29 हजार 273 परिवारों में से 91 लाख 25 हजार 513 ने अप्रैल माह का राशन प्राप्त कर लिया है। मई माह का राशन प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या 56 लाख 38 हजार 678 और जून माह का राशन प्राप्त करने वाले परिवारों की संख्या 20 लाख 45 हजार 719 है।

ऑक्सीजन उत्पादन के लिये 75 करोड़ रुपए तक की सहायता देगी सरकार

भोपाल, गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कहा है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने ऑक्सीजन की समस्या के दीर्घकालीन निदान के लिए ऑक्सीजन उत्पादन के लिए अधिकतम 75 करोड़ रुपए तक की सहायता का विशिष्ट पैकेज प्रदान करने का निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में प्रशासन द्वारा आदेश भी जारी कर दिए गए हैं। योजना का लाभ नवीन इकाइयों, पूर्व से संचालित इकाइयों, मेडिकल कॉलेजों, अस्पतालों और नर्सिंग होम को भी मिल सकेगा।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि प्रदेश में ऑक्सीजन उत्पादन की क्षमता वृद्धि के लिये प्रोत्साहन हेतु विशिष्ट पैकेज अंतर्गत प्रदेश में न्यूनतम 10 क्यूबिक मीटर प्रति घंटा ऑक्सीजन उत्पादन क्षमता की इकाइयों को यंत्र एवं संयंत्र तथा भवन (रिहायशी इलाकों को छोड़कर) में किये गये पूंजी निवेश पर 50 प्रतिशत की स्थिर दर से मूल निवेश प्रोत्साहन सहायता देय होगी। इसके तहत अधिकतम 75 करोड़ रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। इकाइयों को प्रचलित विद्युत टैरिफ पर एक रुपये प्रति यूनिट की छूट दी जायेगी। उक्त छूट एमपीईआरसी द्वारा दी जा रही छूट, यदि कोई हो, के अतिरिक्त एक रुपये प्रति यूनिट होगी। इसकी प्रतिपूर्ति एमएसएमई या एमपीआईडीसी द्वारा पात्र इकाइयों को की जायेगी। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इकाइयों द्वारा सुरक्षा मानकों में किए गए व्यय का 50 प्रतिशत अधिकतम एक करोड़ रुपए की प्रतिपूर्ति भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि इस सुविधा का लाभ वाणिज्यिक उत्पादन प्रारंभ दिनांक से लघु सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योगों के लिए 3 वर्षों में तीन किश्तों में तथा वृहद उद्योगों को 5 वर्षों में पांच किश्तों में मिल सकेगी।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि विशिष्ट पैकेज योजना से प्रदेश में अधिकतम स्थानों पर ऑक्सीजन उत्पादन संबंधी इकाइयां लगाई जा सकेंगी और पूर्व संचालित इकाइयों का विस्तार भी निश्चित तौर पर होगा। इससे ऑक्सीजन संबंधी समस्या का न केवल तात्कालिक अपितु दीर्घकालिक निदान भी हो सकेगा।

प्रदेश में 14 नवीन आश्रय स्थलों के निर्माण के लिए 3 करोड़ 50 लाख रुपये आवंटित

भोपाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री भूपेन्द्र सिंह ने जानकारी दी है कि 14 शहरों में आश्रय स्थलों के निर्माण के लिए 3 करोड़ 50 लाख रुपये स्वीकृत किये गए हैं। प्रति आश्रय स्थल 25 लाख रुपये स्वीकृत किये गए हैं। इसके साथ ही वर्तमान में संचालित 119 आश्रय स्थलों के संचालन एवं संधारण के लिए 89 लाख 94 हजार रुपये आवंटित किये गए हैं।

वर्तमान में मध्यप्रदेश राज्य के 51 जिला मुख्यालयों और एक लाख से अधिक आबादी वाले 4 नगरीय निकाय डबरा, इटारसी, नागदा एवं पीथमपुर में 119 आश्रय स्थल संचालित हैं। आश्रय स्थल में गरीबों को बुनियादी सुविधाओं जैसे हवादार कमरे, पलंग, गद्दा, तकिया, चादर, स्वच्छ पेयजल, पर्सनल लॉकर और मनोरंजन के लिए टी.वी., अखबार और पुस्तकें उपलब्ध हैं। इसके साथ ही प्राथमिक उपचार किट, स्नानागार एवं शौचालय की सुविधा के साथ गर्मी के मौसम में बेघरों की सुविधा के लिए कुलर तथा वॉटर कुलर की भी व्यवस्था की जाती है। शीत ऋतु में ठंड में बचाव के लिए अलाव की व्यवस्था एवं सुरक्षा की दृष्टि से सी.सी.टी.वी. कैमरे भी लगाये जाते हैं।

दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के घटक शहरी बेघरों के लिये आश्रय अंतर्गत आश्रय स्थल का निर्माण एक लाख से अधिक आबादी वाले शहर और पर्यटन, ऐतिहासिक एवं धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण शहरों में किया जाना है।

मध्यप्रदेश में अब तक कुल 94 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत

भोपाल, मध्यप्रदेश में अब तक कुल 94 ऑक्सीजन प्लांट स्वीकृत हुए हैं, जिनमें से कई ने कार्य करना प्रारंभ कर दिया है तथा शेष का कार्य शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। स्वीकृत ऑक्सीजन प्लांट में से 74 प्लांट प्रदेश के विभिन्न जिलों में तथा 20 प्लांट विभिन्न तहसीलों में लगाए जा रहे हैं।

स्वीकृत ऑक्सीजन प्लांट में से 8 प्लांट भारत सरकार द्वारा एयरोक्स एण्ड एक्स्टीम कंपनी के माध्यम से खंडवा, शिवपुरी, सिवनी, उज्जैन, जबलपुर, मंदसौर, रतलाम तथा मुरैना जिले में लगाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री सहायता कोष से सीएसआईआर गैसकौन कंपनी के माध्यम से पांच प्लांट भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, रीवा तथा शहडोल जिलों में लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा 23 प्लांट ऐरोक्स टेक कंपनी के माध्यम से सागर, सीहोर, विदिशा, गुना, सतना, रायसेन, बालाघाट, खरगोन, कटनी, बड़वानी, नरसिंहपुर, बैतूल, राजगढ़, भोपाल (काटजू), देवास, धार, मंडला, होशंगाबाद, पन्ना, दमोह, छतरपुर, सीधी तथा भिंड जिले में लगाए जा रहे हैं। राज्य सरकार द्वारा एक्स्टीम टेक कंपनी के माध्यम से 15 प्लांट उमरिया, शाजापुर, नीमच, झाबुआ, सिंगरौली, टीकमगढ़, अशोक नगर, बुरहानपुर, अनूपपुर, श्योपुर, डिंडोरी, अलीराजपुर, आगर, निवाड़ी तथा हरदा जिलों में लगाए जा रहे हैं। सीएम रिलीफ फंड से 8 प्लांट डीआरडीओ ट्राइडेंट कंपनी के माध्यम से बालाघाट, छिंदवाड़ा, दतिया, जबलपुर, बड़वानी, शहडोल, सतना तथा भोपाल जिलों में लगाए जा रहे हैं।

राज्य सरकार द्वारा 4 प्लांट निट्रोक्स कंपनी मालनपुर के माध्यम से नसरुल्लागंज (सीहोर), इटारसी, (होशंगाबाद), रहटी (सीहोर) तथा ब्यावरा (राजगढ़) में लगाए जा रहे हैं।

इसी प्रकार 20 प्लांट भारत सरकार द्वारा हाइट्स कंपनी के माध्यम से तहसील स्तरों पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नैनपुर, परासी, पुष्पराजगढ़, मुंगावली, शाढोरा, पानसेमल, राजपुर, सेंधवा, बारा सिवनी, मुलताई, अटेर, रोन, बैरसिया, गांधी नगर, कोलार, पांढुर्णा, अमरवाड़ा, हटा हिंडोरिया तथा सेंधवा में लगाए जा रहे हैं। भारत सरकार द्वारा सीएसआर फंड से पेट्रोलियम मंत्रालय के माध्यम से 11 प्लांट देवास, धार, मंडला, होशंगाबाद, पन्ना, दमोह, छतरपुर, सीधी, भिंड, राजगढ़ और शाजापुर जिलों में लगाए जा रहे हैं।

अंतर्जातीय विवाह के प्रस्ताव भेजने के लिये जिला कलेक्टर अधिकृत

भोपाल, भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा सामाजिक एकीकरण के लिये डॉ. अम्बेडकर स्कीम फॉर सोशल इंटीग्रेशन थ्रो इंटरकास्ट मैरिज प्रारंभ की गई है। डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के प्रावधान अनुसार डॉ. अम्बेडकर स्कीम फॉर सोशल इंटीग्रेशन थ्रो इंटरकास्ट मैरिज के प्रस्ताव भारत सरकार को सीधे अग्रेषित करने के लिये जिला कलेक्टर अधिकृत हैं। अनुसूचित जाति के युवक या युवती द्वारा सवर्ण युवक या युवती से विवाह करने पर योजना में ढाई लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। यह योजना सम्पूर्ण भारतवर्ष में लागू है।

नागरिकों की जान बचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए।

भोपाल, मध्यप्रदेश में कोरोना संक्रमण नियंत्रित हुआ है। हमें कुछ और दिन सख्ती करके संक्रमण की चेन को पूरी तरह तोड़ना है। लोगों की जान बचाना हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। सभी जिलों में कोरोना का अच्छा से अच्छा इलाज सुनिश्चित करना है। आई.सी.यू. बेड्स की संख्या बढ़ाई जाये। शादियां आगे बढ़ाई जायें। अंतिम संस्कार में सीमित व्यक्ति शामिल हों। सभी जिलों में कोरोना के दौरान हर गरीब को निःशुल्क राशन की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में कोरोना की स्थिति एवं व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए कहीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में सभी जिलों से प्रभारी मंत्री, कोरोना के प्रभारी अधिकारी, कलेक्टर्स, पुलिस अधीक्षक आदि उपस्थित थे।

ऑक्सीजन एवं इंजेक्शन पर्याप्त

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन आदि पर्याप्त मिल रहे हैं। जहां-जहां आवश्यक हो बेड्स की संख्या बढ़ाई जाये।

गड़बड़ करने वालों को न छोड़ें

श्री चौहान ने कहा कि कुछ स्थानों से दवाओं, इंजेक्शन आदि की कालाबाजारी की शिकायतें आ रही हैं, यह हैवानियत है। गड़बड़ करने वालों को छोड़ा न जाए, उन पर सख्त कार्रवाई करें। निजी अस्पताल मरीजों से अधिक शुल्क न वसूलें, यह सुनिश्चित किया जाए।

एंबुलेंस की दरें निर्धारित

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लिए एम्बुलेंस की दरें निर्धारित कर दी गई हैं। यह सुनिश्चित किया जाए कि निर्धारित दर पर ही मरीजों को एंबुलेंस उपलब्ध हों।

साप्ताहिक नए प्रकरणों में कमी

प्रदेश में कोरोना के साप्ताहिक नए प्रकरणों में उल्लेखनीय कमी आई है। प्रदेश में 28 अप्रैल की स्थिति में कोरोना के साप्ताहिक नए प्रकरण 91 हजार 354 थे, वहीं 5 मई की स्थिति में ये घटकर 86 हजार 820 हो गए हैं। प्रदेश की साप्ताहिक पॉजिटिविटी रेट 20.3 प्रतिशत है।

89 हजार 144 नए सक्रिय प्रकरण

प्रदेश में कोरोना के सक्रिय प्रकरण 89 हजार 144 हैं। पिछले 24 घंटों में 12 हजार 319 नए प्रकरण आए हैं, वहीं 9 हजार 643 स्वस्थ हुए हैं। प्रदेश की रिकवरी रेट 84.7 प्रतिशत तथा मृत्यु दर 1 प्रतिशत है।

12 जिलों में 200 से अधिक नए प्रकरण

प्रदेश के 12 जिलों में 200 से अधिक कोरोना के नए प्रकरण आए हैं। इंदौर में 1817, भोपाल में 1579, ग्वालियर में 1174, जबलपुर में 826, उज्जैन में 355, रीवा में 341, शिवपुरी में 328, रतलाम में 308, धार में 252, सागर में 236, सिंगरौली में 232 तथा सतना में 231 कोरोना के नए प्रकरण आए हैं।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

रीवा में दो दिन में लगाया गया ऑक्सीजन प्लांट, हर दिन भरे जायेंगे 100 सिलेण्डर

रीवा, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार कोरोना मरीजों के लिए ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलों में युद्ध स्तर पर कार्य चल रहा है। इसी क्रम में रीवा में मशीन पहुंचने के बाद मात्र दो दिन में प्लांट स्थापित कर इसे चालू किया गया। इस प्लांट से 29 अप्रैल से प्रतिदिन 100 सिलेण्डरों में ऑक्सीजन भरने का काम शुरू हो गया है। इससे सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में मांग के अनुसार ऑक्सीजन की शत-प्रतिशत आपूर्ति हो जायेगी। साथ ही संजय गांधी हॉस्पिटल को आवश्यकता पड़ने पर ऑक्सीजन उपलब्ध करायी जा सकेगी। रोगियों के उपचार के लिये समर्पित भाव से कार्य करने के जज्बे और जुनून ने असंभव से लगने वाले कार्य को संभव कर दिखाया है। इस प्लांट को लगाने में पूर्व मंत्री एवं विधायक रीवा श्री राजेन्द्र शुक्ल तथा जिले के कई समाजसेवियों ने अतुलनीय योगदान दिया है।

रीवा के कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देशानुसार एवं उनके मार्गदर्शन में सुपर स्पेशियलिटी हास्पिटल में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिये टेंडर सहित पूरी प्रक्रिया केवल सात दिनों में पूरी की गई। कम अवधि का टेण्डर जारी करके दिल्ली से ऑक्सीजन प्लांट बुलवाया गया। कुल 89 लाख रुपये की लागत से प्लांट स्थापित किया गया। दिल्ली से मशीनें बाहर निकलने में कई बाधाएं आ रही थीं। विभिन्न स्तर पर प्रयास करके मशीनें प्राप्त की गयीं। प्लांट स्थापित करने के लिये बिजली की लाइन, गैस लाइन तथा अन्य आवश्यक तैयारियां मशीन पहुंचने के पूर्व ही कर ली गयीं। मशीन को स्थापित करने में इंजीनियर नीरज सिंह तथा उनके सहयोगियों ने लगातार दो दिनों तक अथक परिश्रम किया। परिणामस्वरूप 27 अप्रैल को ऑक्सीजन प्लांट बनकर तैयार हो गया। इसका परीक्षण करने में लगभग 30 घंटे का समय लगा। अंततः 29 अप्रैल को प्लांट से सिलेण्डरों में ऑक्सीजन भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई। यह प्लांट वातावरण से ऑक्सीजन लेकर उसे संघनित करके सिलेण्डरों में भरता है। स्थानीय स्तर पर प्रतिदिन 100 सिलेण्डर की उपलब्धता से गंभीर रोगियों के उपचार में बड़ी सहूलियत मिलेगी। ऑक्सीजन प्लांट लगाने में डॉ. अवतार सिंह, लोक निर्माण विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी एवं इंजीनियरों ने सराहनीय योगदान दिया।

हमने कोरोना की गति को नियंत्रित किया है, परंतु लड़ाई अभी लंबी है : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा 18 जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों के साथ चर्चा करते हुए।

भोपाल, प्रदेश में हमने कोरोना की गति को नियंत्रित किया है, पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में नए कोरोना मरीजों की तुलना में अधिक मरीज रिकवर हो रहे हैं। एक्टिव प्रकरण जो 94 हजार से अधिक हो गए थे, अब धीरे-धीरे कम हो गए हैं। परंतु लड़ाई अभी लंबी है। संक्रमण की चेन तोड़ना आवश्यक है। इसे तोड़ने के लिये सभी जिले प्रभावी कार्रवाई करें। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के 18 जिलों में क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप की बैठक के दौरान कहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन जिलों में पॉजिटिविटी रेट अधिक है, कोरोना कर्फ्यू सख्ती से लागू करें। सर्दी, खांसी, जुकाम होने पर मरीज की जांच करें, जांच की रिपोर्ट का इंतजार न करें, उन्हें आइसोलेट करें तथा तुरंत मेडिकल किट देकर दवा चालू करें।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जबलपुर, रीवा, नरसिंहपुर, सिंगरौली, सीधी, पन्ना, सतना, सागर, शहडोल, कटनी, छतरपुर, सिवनी, मंडला, बालाघाट, उमरिया, डिंडोरी, छिंदवाड़ा तथा दमोह जिलों से प्रभारी मंत्रीगण, प्रभारी अधिकारीगण तथा क्राइसिस मैनेजमेंट समूह के सदस्यगण शामिल हुए।

सीसीसी का बेहतर संचालन सुनिश्चित करें

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि सभी जिलों में कोविड-19 सेंटर्स का बेहतर संचालन सुनिश्चित किया जाए। जिन मरीजों के घर में होम आइसोलेशन के लिए स्थान नहीं है उन सभी को कोविड केयर सेंटर्स में रखा जाए। यहां मेडिकल किट, नाश्ता, भोजन आदि सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। सिवनी जिले ने सुझाव दिया कि स्वास्थ्य केंद्र के पास ही कोविड केयर सेन्टर बनाए जाएं।

गांवों में सख्ती से रोकें संक्रमण

श्री चौहान ने कहा कि गांवों में कोरोना संक्रमण सख्ती से रोका जाए। जनता कर्फ्यू कड़ाई से लागू किया जाए। ग्राम पंचायतें इस दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करें।

होम आइसोलेशन में दें सभी को मेडिकल किट

मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में रह रहे सभी मरीजों को अनिवार्य रूप से मेडिकल किट प्रदान की जाएं। उनसे रोज़ बात की जाए तथा मॉनीटरिंग की जाए।

सीधी में बिस्तर बढ़ाएं

सीधी जिले की समीक्षा में वहां पॉजिटिविटी रेट 31.87 प्रतिशत पाया गया। श्री चौहान ने इस पर चिंता व्यक्त करते हुए कोरोना कर्फ्यू सख्ती से लागू किए जाने के निर्देश दिए। प्रभारी अधिकारी तुरंत वहां जाकर व्यवस्थाएं देखें।

पन्ना में अच्छा कार्य हुआ है

पन्ना जिले की समीक्षा में पाया गया कि वहां कोरोना नियंत्रण के संबंध में अच्छा कार्य है।

पहले जिले का पॉजिटिविटी रेट 50 प्रतिशत तक पहुंच गया था, जो अब घटकर 22 प्रतिशत रह गया है। परिवार के संक्रमित होने के बावजूद पन्ना कलेक्टर दिन-रात कार्य में लगे हैं। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कार्य की सराहना की।

भारत सरकार से 92 हजार रेमडेसिविर

श्री चौहान ने बताया कि 30 अप्रैल तक के लिए भारत सरकार की ओर से मध्यप्रदेश को 92 हजार रेमडेसिविर इंजेक्शन का कोटा प्राप्त हुआ। आगे भी ये इंजेक्शन आवश्यकतानुसार मिलते रहेंगे।

संक्रमण रोकने के लिए शादियों को आगे बढ़ाना होगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैवाहिक आयोजनों से कोरोना का संक्रमण तेजी के साथ फैलता है। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लोगों को शादियों को आगे बढ़ाने की सलाह दी जाए।

मध्यप्रदेश में रजिस्ट्री की गाइडलाइन 30 जून तक रहेगी यथावत – मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश में संपत्ति की खरीदी-बिक्री के लिए प्रति वर्ष एक अप्रैल से नई गाइडलाइन जारी की जाती है। परंतु कोरोना संक्रमण को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए गाइडलाइन में 30 जून तक कोई परिवर्तन न करते हुए इसे पूर्ववत रखा गया है।

श्री चौहान ने जनता के नाम जारी अपने संदेश में कहा कि आम नागरिकों की सुविधा को देखते हुए संपत्ति की पंजीयन दर में कोई वृद्धि नहीं की गई है। गाइडलाइन अनुसार महिलाओं के नाम से पंजीयन शुल्क में 2 प्रतिशत की छूट भी पूर्ववत जारी रहेगी। सामान्य पंजीयन की दर 3 प्रतिशत है जबकि महिला आवेदकों के लिए यह दर 1 प्रतिशत रखी गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि उप पंजीयक कार्यालय चरणबद्ध तरीके से खोले जायें, जिससे आम जनता पंजीयन भी करा सके और अर्थव्यवस्था भी प्रभावित न हो।

वैक्सीनेशन का सुरक्षा चक्र करेगा कोरोना से बचाव - मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश के युवाओं के साथ वर्चुअल रूप से टीकाकरण के संबंध में संवाद करते हुए।

भोपाल, मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश एवं देश की जनता को कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए उन्हें वैक्सीनेशन का सुरक्षा चक्र प्रदान किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने 18 वर्ष से अधिक और 45 वर्ष तक आयु वर्ग के युवाओं से उनके टीकाकरण के पश्चात एवं पहले के अनुभवों पर वर्चुअल रूप से चर्चा की। उन्होंने बताया कि प्रदेश में लगभग 5 करोड़ 16 लाख वैक्सीन डोज की जरूरत होगी।

वैक्सीनेशन के बाद तथ्य कहते हैं नहीं होगा कोरोना

मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं नहीं कहता, वैज्ञानिक कहते हैं, तथ्य बताते हैं कि वैक्सीनेशन लगवाने के बाद अलबत्ता तो कोरोना होगा नहीं और यदि हुआ तो नुकसान नहीं पहुंचाएगा। श्री चौहान ने सागर, जबलपुर, उज्जैन और ग्वालियर के 18 वर्ष से अधिक आयु के वैक्सीनेटेड युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि एक-एक जिले में एक-एक सत्र में वैक्सीनेशन कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस महीने 9 लाख लोगों को टीका लगाया जाएगा। अभी तक लगभग 82 लाख लोगों को टीका लगाया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की दो कंपनियों को वैक्सीन आपूर्ति के लिए आदेश के साथ भारत सरकार के माध्यम से विदेशी कंपनियों से आपूर्ति के प्रयास किये जा रहे हैं।

वैक्सीनेशन में नहीं हुई कोई परेशानी

श्री चौहान से चर्चा करते हुए सागर की शीतल एवं राज ने कहा कि वैक्सीन लगवाने में कोई परेशानी नहीं हुई। पोर्टल पर सहजता से पंजीयन हो गया था एवं समय पर स्लॉट एवं सूचना मिल गयी थी। इसके बाद जबलपुर के शुभम एवं शुभांगी से मुख्यमंत्री ने पूछा कि वैक्सीनेशन के बाद किसी प्रकार का कोई साइड इफेक्ट तो नहीं हुआ। उन्होंने कहा कोई साइड इफेक्ट नहीं हुआ। उज्जैन से अपूर्व देवड़ा एवं शिल्पी ने श्री चौहान द्वारा पूछने पर बताया कि वेक्सीनेशन के बाद 30 मिनिट अंडर ऑब्जर्वेशन में उन्हें रखा गया था। ग्वालियर के सत्यांश एवं आयुषी तोमर से मुख्यमंत्री ने वैक्सीनेशन स्थल के बारे में जानकारी ली। सोशल डिस्टेंसिंग के बारे में पूछा और कहा कि हॉस्पिटल्स से दूर वैक्सीनेशन स्थल का चयन सुरक्षा को देखते हुए किया गया है।

मुख्यमंत्री की अपील प्लाज्मा एवं ब्लड करें डोनेट

ग्वालियर की आयुषी के प्रस्ताव का समर्थन करते हुए मुख्यमंत्री ने अपील की है, कि दूसरों की सहायता के लिए पुराने कोरोना पेशेन्ट अपना प्लाज्मा डोनेट करें। प्लाज्मा से दूसरे मरीजों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने आम जनता से कहा कि सप्ताह में 4 दिन वैक्सीनेशन किया जाएगा। वैक्सीनेशन के पहले व्यक्ति अपना ब्लड डोनेट कर सकते हैं। इससे आवश्यकता पड़ने पर दूसरों की मदद की जा सकेगी।

कोरोना के खिलाफ युद्ध को दी गई है नई दिशा - मुख्यमंत्री

भोपाल, यदि सकारात्मक ऊर्जा के साथ कोरोना का सामना किया जाए, तो कोरोना आपका कुछ नहीं बिगाड़ सकता। अद्भुत दृश्य है ये, सभी मानवता की सेवा में लगे हैं। कोरोना के खिलाफ युद्ध को आपने नई दिशा दी है। आपके इस भागीरथी प्रयास को मैं प्रणाम करता हूं। यह बात मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से इंदौर में हाल ही में राधा स्वामी सत्संग न्यास द्वारा बनाए गए 1200 बिस्तरीय मां अहिल्या कोविड केयर सेन्टर के संचालक, चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ, मरीजों आदि से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कोविड सेंटर का वर्चुअल अवलोकन भी किया।

मध्यप्रदेश का प्रथम तथा देश का द्वितीय सेंटर

चिकित्सा संबंधी सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह मध्यप्रदेश का पहला तथा देश का दूसरा सबसे बड़ा कोविड केयर सेंटर है। इसे रिकॉर्ड 6 दिन में तैयार किया गया, जिसमें दो चरणों में 600-600 बेड तैयार किए गए हैं। 250 एकड़ में फैले हुए इस केंद्र में 35 एकड़ में शेड बनाया गया है। परिसर में 12 हजार पेड़ तथा तीन हजार टॉयलेट हैं। यहां शत-प्रतिशत वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम है। ऑक्सीजन प्लांट लगाए जा रहे हैं। कोरोना मरीजों के लिए योग, प्राणायाम, स्टीम लेने, नाश्ते, भोजन, कोविड जांच, उपचार आदि व्यवस्थाएं हैं। यहां 65 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर लगाए गए हैं। इस केंद्र का संचालन इंदौर के चार बड़े चिकित्सालय मेदांता, अपोलो, चोइथराम एवं बॉम्बे हॉस्पिटल की टीम द्वारा किया जा रहा है।

श्री चौहान से चर्चा के दौरान केंद्र में भर्ती राजमोहल्ला इंदौर के श्री देवेंद्र भावसार ने बताया कि वे कोरोना पॉजिटिव आने के बाद निराशा की स्थिति में अपने घर में पड़े थे। फिर जब उन्हें इस सेंटर के बारे में पता चला और वे यहां आए तो उनके जीवन में आशा एवं विश्वास जागा। अब लग ही नहीं रहा कि वे बीमार हैं।

इलाज के साथ मोटिवेशन भी दिया जाता है

केंद्र में भर्ती सुश्री अंजलि तथा वंशिका ने बताया कि वे 5 दिन पहले इस केंद्र में भर्ती हुई हैं। शुरू में तो उन्हें डर लग रहा था, परंतु अब वे बहुत खुश हैं। इस केंद्र में कोविड-19 इलाज के साथ ही मोटिवेशन भी दिया जाता है।

अस्पताल के और यहां के माहौल में बहुत फर्क है

श्री चौहान से बातचीत के दौरान डॉक्टर अंजली एवं नर्स लक्ष्मी ने बताया कि अस्पताल के और यहां के वातावरण में बहुत अंतर है। अस्पताल में मरीज को डर लगता है, वहीं यहां पर मरीज घर जैसा महसूस कर रहे हैं। पूरा एक परिवार लगता है।

इतने कम समय में इतने विशाल अस्पताल का निर्माण अकल्पनीय

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान को केंद्र की संचालक डॉ. शिप्रा श्रीवास्तव ने बताया कि इतने कम समय में जिला प्रशासन इंदौर द्वारा इतने विशाल एवं सर्वसुविधायुक्त कोविड केयर सेंटर का निर्माण अकल्पनीय है। कोरोना महामारी जैसी नेशनल इमरजेंसी के दौरान यह मानवता की बहुत बड़ी सेवा है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एलन मस्क

भारत सहित दुनिया को देंगे सस्ता हाईस्पीड इंटरनेट

टेस्ला प्रमुख एलन मस्क ने कहा है कि 2021 के अंत तक वे स्पेस एक्स प्रोजेक्ट के जरिए स्टार लिंक इंटरनेट सेवा देने जा रहे हैं। जिससे भारत सहित दुनियाभर के दूरदराज इलाकों में रहने वाले लोगों को सस्ता और हाई स्पीड इंटरनेट मिलने लगेगा। मस्क के मुताबिक इस सेवा में इंटरनेट स्पीड दोगुनी यानी 300 एमबीपीएस हो जाएगी। कंपनी की ओर से स्टार लिंक प्रोजेक्ट के तहत 50 से 150 एमबीपीएस स्पीड का वादा किया गया है। वहीं कंपनी की योजना 12 हजार से ज्यादा उपग्रह अंतरिक्ष में भेजने की है।

नोट्रे डेम

रिनोवेशन के बाद नए रूप में दिखेगा

फ्रांस का चर्चित नोट्रे डेम चर्च दो साल पहले

आगजनी का शिकार हो गया था, जिसमें इसका बड़ा हिस्सा तबाह हो गया था। हाल ही में इसकी थ्री डी वर्चुअल तस्वीरों से इसकी भव्यता को फिर से दिखाने की कोशिश की गई है। इन तस्वीरों का इस्तेमाल रिनोवेशन में भी होगा। राष्ट्रपति मैक्रों ने इसके रेनोवशन के लिए 2024 की डेडलाइन तय की है।

मिनी ग्रीन हाउस

कोरोना से बचने के लिए तैयार किया

कोरोना से बचने के लिए नित नए प्रयोग किए जा रहे हैं। उनमें से एक मिनी ग्रीन हाउस को बनाना है। ब्रसेल्स में एक शख्स एलेन वर्शुएरेन ने कोरोना से बचने के लिए कोरोना फ्री बबल बनाया है। इसे पोर्टेबल ओएसिस नाम दिया है। इसमें रखे छोटे पौधे सुगंधित और ताजी हवा छोड़ते हैं। जो एलेन को श्वांस संबंधी दिक्कतों से बचाते हैं। इसे दुनियाभर में सराहा जा रहा है।

तांबे का दुर्लभ सिक्का

6 करोड़ में नीलाम हुआ

तांबे से बना डॉलर का प्रतिरूप हुबहू डॉलर जैसा नजर आता है। यह अमेरिकी डॉलर के सिक्के का प्रोटोटाइप है। इसे फिलाडेल्फिया की टकसाल ने 1974 में बनाया था। 'नो स्टार्स फ्लोइंग हेयर डॉलर' के रूप में मशहूर इस प्रोटोटाइप को कारोबारी बॉब सिम्पसन ने सहेजकर रखा था। 5,00,000 डॉलर तक इसकी नीलामी की उम्मीद की जा रही थी। लेकिन नीलामी के दौरान यह उम्मीद से अधिक 8,40,000 डॉलर तकरीबन 6 करोड़ में नीलाम हुआ।

थ्री-डी फिल्टर

कमरे को वायरस मुक्त करेगा

वायरस और बैक्टीरिया पर वार करने के लिए उत्तरप्रदेश वस्त्र एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूपीटीटीआई) ने थ्री-डी फिल्टर बनाया है। यह पानी और कमरे की हवा से बैक्टीरिया वायरस और सभी भारी धातु को खत्म करता है। अभी यह प्रयोग के तौर पर ही उपयोग में लाया जा रहा है। सफल होने पर यह दुनिया के लिए आधुनिकतम वायरस मुक्त करने की मशीन के रूप में जाना जाएगा।

केरल के बीड़ी मजदूर ने

वैक्सीन के लिए दान किए 2 लाख रुपये

कन्नूर (केरल) के रहने वाले और सुनने में अक्षम बीड़ी मजदूर जनार्दन ने कोविड-19 वैक्सीन लगवाने में असमर्थ लोगों की मदद के लिए अपनी 2 लाख रुपये की जमा पूंजी दान की है। इसके बाद जनार्दन के खाते में सिर्फ 850 रुपये ही बचे हैं। दान से पहले बैंक अधिकारियों ने जनार्दन से इशारों से पूछा कि सारा पैसा दान कर देंगे, तो खुद जिंदगी कैसे बसर करेंगे। उन्होंने जवाब दिया कि विकलांग पेंशन से वे अपना जीवन-यापन कर लेंगे।

पाब्लो पिकासो की पेंटिंग

चार अरब में होगी नीलाम

लंदन में स्पेन के महान चित्रकार पाब्लो पिकासो की पेंटिंग 'फ्रेम प्रेसीडेंट ड्यून फेनट्रे' को प्रसिद्ध नीलामी हाउस क्रिस्टी के कर्मचारियों ने दीवार पर टांग दिया है। बीसवीं सदी की इस पेंटिंग की नीलामी 13 मई को की जाएगी। नीलामी हाउस को उम्मीद है कि इसकी अधिकतम नीलामी 55 मिलियन डॉलर (करीब 4 अरब 12 करोड़ रुपये) तक जा सकती है।

चित्रकूट नगर

तीन साल में 75 हजार वर्ग मीटर जमीन हरी-भरी हुई

उदयपुर के चित्रकूट नगर के पास मार्बल की स्लरी के कारण 75 हजार वर्ग मीटर एरिया लगभग बंजर हो चुका था। दो साल पहले यूआईटी ने इसे नया रूप देने की ठानी। एक दिन में ही एक हजार पौधे रोप दिए गए, जो कि लहलहा रहे हैं। इसे 'ऑक्सीजन हब' नाम दिया गया। एक सर्वे के अनुसार एक स्वस्थ पेड़ एक दिन में 230 लीटर ऑक्सीजन छोड़ता है। जबकि एक स्वस्थ व्यक्ति को 530 लीटर ऑक्सीजन चाहिए होती है। यहाँ नीम, कचनार, करंज व अन्य प्रकार के छायादार पौधे लगाए गए हैं।

मुक्ति दिवस

इटली में मनाया गया

नाजी कब्जे से 76 साल पहले मुक्त हुए इटली ने 'मुक्ति दिवस' मनाया। इस दौरान इटली की राजधानी में इतालवी वायुसेना के एरोबेटिक दस्ते की आसमान में दिखायी गई कलाबाजियों को कैमरे में लोगों ने कैद कर सोशल मीडिया पर शेयर किया।

निकोल पशिनयान

आर्मेनिया के प्रधानमंत्री ने दिया इस्तीफा

आर्मेनिया के प्रधानमंत्री निकोल पाशिनयान ने 20 जून को होने वाले संसदीय चुनावों से पहले इस्तीफा दे दिया है। राष्ट्रपति आर्मेन सरकिसियन ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। निकोल फिर से प्रधानमंत्री बनने के लिए चुनाव लड़ेंगे। आर्मेनिया के संविधान के अनुसार संसदीय चुनाव तभी संभव हैं, जब प्रधानमंत्री इस्तीफा दें और कोई नया प्रधानमंत्री मनोनीत न हो।

वैशाली एस. हिवासे

बीआरओ की पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर बनीं

सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) ने वैशाली एस. हिवासे को सड़क निर्माण कंपनी (आरसीसी) की पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर के रूप में भारत-चीन सीमा के साथ आगे कनेक्टिविटी प्रदान करने की जिम्मेदारी दी है। वर्धा (महाराष्ट्र) की रहने वाली वैशाली ने एम.टेक. की पढ़ाई की है। वे कारगिल में तैनात रही हैं।

ऑस्ट्रेलिया

सॉफ्टवेयर कंपनी के कर्मचारी साल में 4 बार जाएंगे ऑफिस

ऑस्ट्रेलिया में सॉफ्टवेयर कंपनी एटलेसियन ने एक नीति की घोषणा की है, जिसके अनुसार कर्मचारियों को साल में सिर्फ 4 बार अपने ऑफिस जाना होगा। एटलेसियन के 5,700 कर्मचारियों को जहां भी कंपनी का बेस होगा, वहां से काम करने की अनुमति होगी। कंपनी के सीईओ स्कॉट फारक्वाट एक साल में सिर्फ तीन बार ऑफिस गए हैं।

कमला हैरिस और नैंसी पेलोसी

संयुक्त सत्र के दौरान रचा इतिहास

अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और सदन की अध्यक्ष नैंसी पेलोसी ने राष्ट्रपति जो बाइडेन के कांग्रेस के पहले संयुक्त सत्र के दौरान मंच साझा कर इतिहास रच दिया। यह पहली बार है, जब कांग्रेस को संबोधित करने के दौरान दो महिलाएं राष्ट्रपति के पीछे बैठीं। राष्ट्रपति जो बाइडेन के पहले भाषण के दौरान हैरिस उनके दाहिनी तरफ, वहीं पेलोसी बाएं तरफ बैठी थीं।

चेयर जैसा पर्स

66 हजार रुपये में बिका

न्यूयॉर्क में एक छोटा-सा चेयर जैसा पर्स महंगे दामों में बिकने से चर्चा में आ गया है। यह फोल्डिंग चेयर जैसा दिखता है। न्यूयॉर्क फैशन वीक में यह पर्स चर्चा में रहा है। क्रिस्टल से बने इस पर्स की वास्तविक कीमत 66 हजार रुपये है।

ड्रोन डिलीवरी

जल्द ही होगी संभव

जल्द ही आपका पसंदीदा पिज्जा ड्रोन से घर पर डिलीवर हो सकता है। उड्डयन मंत्रालय ने स्विगी, डुंजो समेत 20 कंपनियों को दृश्य सीमा से परे (बीवीएलओएस) प्रायोगात्मक ड्रोन संचालित करने की मंजूरी दे दी है। यह छूट एक साल तक लागू रहेगी। इस छूट के बाद कंपनियां घर पर खाने और जरूरी चीजों की डिलीवरी कर सकेंगी। कोरोना संक्रमण को देखते हुए काफी लंबे समय से ड्रोन डिलीवरी की मांग उठ रही थी। विदेशों में इस तरह के प्रयोग किए जा चुके हैं। जो काफी सफल रहे हैं।

स्मृति शेष

मशहूर संगीतकार श्रवण राठौर का निधन

बॉलीवुड के जाने-माने संगीतकार श्रवण राठौर का निधन हो गया। वे बीते दिनों कोरोना संक्रमण का शिकार हो गए थे। उन्होंने एक दर्जन से अधिक बॉलीवुड फिल्मों में 90 के दशक में अपने संगीत से धूम मचा दी थी।

वरिष्ठ साहित्यकार पद्मश्री नरेन्द्र कोहली का निधन

साहित्यकार डॉक्टर नरेन्द्र कोहली का 81 वर्ष की उम्र में कोरोना से संक्रमित होने के कारण निधन हो गया। उनका जन्म 6 जनवरी 1940 को सियालकोट में हुआ था। वे पद्मश्री सहित कई पुरस्कारों से नवाजे गए थे।

सबसे उम्रदराज सैन्य पेंशनर नहीं रहीं

देश की सबसे बुजुर्ग सैन्य पेंशनर 116 साल की बचन कौर का निधन हो गया है। उनके पति जीवन सिंह ब्रिटिश औपनिवेशक शासन के दौरान सैनिक थे। वे दोनों विश्व युद्धों में हिस्सा ले चुके थे। वे आर्टिलरी रेजिमेंट से 1945 में रिटायर हो गए थे। 1991 में 101 साल की उम्र में उनका निधन हो गया था।

मशहूर शास्त्रीय गायक राजन मिश्र का निधन

पद्मभूषण से सम्मानित मशहूर शास्त्रीय गायक पंडित राजन मिश्र का 70 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे कोरोना संक्रमित थे और उन्हें दो बार दिल का दौरा पड़ा था। भाई साजन मिश्र के साथ वे जोड़ी जुगलबंदी कर गायन करते थे।

मशहूर लेखक और उपन्यासकार मंजूर एहतेशाम का निधन

पद्मश्री से सम्मानित मशहूर लेखक और उपन्यासकार मंजूर एहतेशाम का कोरोना संक्रमण से 73 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्हें 2003 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उन्हें भारतीय भाषा परिषद् का पुरस्कार, श्रीकांत वर्मा स्मृति सम्मान, वागेश्वरी सम्मान एवं पहल सम्मान से पुरस्कृत किया जा चुका था।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस शांतनागौदर नहीं रहे

सुप्रीम कोर्ट के जज जस्टिस एम.एस. शांतनागौदर का 62 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। वे 17 फरवरी 2017 को सुप्रीम कोर्ट में जज बने थे। उन्हें 5 मई 2023 तक पद पर रहना था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गुगल से साभार)

अपने मित्रों को उनके दोषों के बारे में बताना ही मित्रता की सबसे कठोर परीक्षा होती है – हैनरी वार्ड बीचर

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

भारतीय संविधान

1. "लेखानुदान" संघ सरकार को कौन-सी अनुमति प्रदान करता है?
(a) सार्वजनिक ऋण लेने की अनुमति
(b) RBI से ऋण लेने की अनुमति
(c) राज्यों को अनुदान प्रदान करने की अनुमति
(d) निश्चित अवधि के लिए भारतीय संचित निधि से धन निकालने की अनुमति
Ans : (d)

2. पंचायती राज का मुख्य उद्देश्य क्या है?
(a) लोगों की राजनीतिक जागरूकता को बढ़ाना
(b) देश के प्रशासन को ठीक करना
(c) रोज़गार बढ़ाना
(d) लोगों को विकासमूलक प्रशासन में भागीदारी के योग्य बनाना
Ans : (d)

3. लोकसभा अध्यक्ष के बारे में कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) कोई विधेयक धन विधेयक है या नहीं, इसका फैसला अध्यक्ष द्वारा किया जाता है।
(b) भारत में लोकसभा का अध्यक्ष संसद के निम्न सदन (लोकसभा) का सभापति होता है।
(c) जी.वी. मावलंकर लोकसभा के पहले स्पीकर थे।
(d) लोकसभा अध्यक्ष को शपथ, राष्ट्रपति दिलाता है।
Ans : (d)

4. निम्न में से कौन-सी संसदीय व्यवस्था की विशेषता नहीं है?
(a) दोहरी शासनात्मक व्यवस्था
(b) इस व्यवस्था में राष्ट्रपति द्वारा निचले सदन का विघटन नहीं किया जा सकता है।
(c) शासन का नेतृत्व प्रधानमंत्री के हाथों में होता है।
(d) बहुमत दल का शासन
Ans : (b)

5. भारतीय संसद किसके मिलने से बनती है?
(a) लोकसभा, राज्यसभा और राष्ट्रपति द्वारा
(b) लोकसभा और राज्यसभा द्वारा
(c) केवल लोकसभा द्वारा
(d) लोकसभा, राज्यसभा, सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रपति द्वारा
Ans : (a)

6. Dr. B.R. अंबेडकर ने निम्न मौलिक अधिकारों में से किसे "संविधान का हृदय एवं आत्मा" कहा था?
(a) स्वतंत्रता का अधिकार
(b) संवैधानिक उपचारों का अधिकार
(c) समानता का अधिकार
(d) बोलने का अधिकार
Ans : (b)

7. किस संविधान संशोधन के द्वारा मतदाता की न्यूनतम उम्र 21 से घटाकर 18 वर्ष कर दी गयी थी?
(a) 60वें (b) 61वें
(c) 62वें (d) 66वें
Ans : (b)

8. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा संपत्ति का मूल अधिकार हटा दिया गया था?
(a) 44वें (b) 42वें
(c) 43वें (d) 48वें
Ans : (a)

9. "समान कार्य के लिए समान वेतन" किस प्रकार का अधिकार है?
(a) मौलिक अधिकार है
(b) आर्थिक अधिकार है
(c) मौलिक कर्तव्य है
(d) राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत का अंग है
Ans : (d)

10. भारत के राष्ट्रीय ध्वज के बारे में कौन-सा कथन सही नहीं है?
(a) भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा पिंगली वेंकय्या द्वारा डिजाइन किया गया था।
(b) भारत की संविधान सभा ने 22 जुलाई, 1947 को अपनाया था।
(c) झंडे का हरा रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है।
(d) सुप्रीम कोर्ट ने 2002 में संविधान के अनुच्छेद 19 (i) (ए) के तहत ध्वज फहराने के अधिकार को मौलिक अधिकार के रूप में घोषित किया था।
Ans : (c)

11. निम्न में से कौन संसद के दोनों सदनों में से किसी भी सदन की कार्यवाही में भाग ले सकता है?
(a) मुख्य न्यायाधीश
(b) महाधिवक्ता
(c) उपराष्ट्रपति
(d) महान्यायवादी
Ans : (d)

12. निम्न में से कौन-सा सही नहीं है?
(a) मानव व्यापार एवं बाल श्रम पर रोक : अनुच्छेद 24
(b) कुछ मामलों में हिरासत में लिए जाने एवं गिरफ्तारी के विरुद्ध संरक्षण: अनुच्छेद 22
(c) प्राथमिक शिक्षा का अधिकार : अनुच्छेद 21A
(d) सार्वजनिक रोज़गार में अवसर की समानता : अनुच्छेद 16
Ans : (a)

13. संविधान के किस संशोधन ने लोक सभा के सदस्यों की संख्या 525 से बढ़ाकर 545 कर दी है?
(a) 31वें (b) 32वें
(c) 42वें (d) 52वें
Ans : (a)

14. 'शून्य काल' की संसदीय व्यवस्था किस देश की देन है?
(a) दक्षिण अफ्रीका
(b) अमेरिका
(c) जापान
(d) भारत
Ans : (d)

15. राष्ट्रपति के चुनाव में कौन-कौन भाग लेता है?
(a) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्य
(b) राज्य विधानमंडल के निर्वाचित सदस्य
(c) दिल्ली और पुदुचेरी विधानसभाओं के निर्वाचित सदस्य
(d) सभी
Ans : (d)

16. भारत की संविधान सभा का गठन किया गया था .....
(a) माउंटबेटन योजना के अंतर्गत
(b) कैबिनेट मिशन योजना के अंतर्गत
(c) क्रिप्स प्रस्तावों के अंतर्गत
(d) भारतीय स्वतंत्रता अधिनियम के अंतर्गत
Ans : (b)

17. राज्य वित्त आयोग के सम्बन्ध में कौन सा कथन सही है?
(a) अनुच्छेद 280 के तहत, केंद्र के वित्त आयोग की तर्ज पर 1993 से भारत के सभी राज्यों में राज्य वित्त आयोग की स्थापना की गयी थी।
(b) राज्य वित्त आयोग का उद्देश्य पंचायतों की वित्तीय स्थिति की समीक्षा करना
(c) पंचायतों को कितने कर, शुल्क, टोल और फीस सौंपी जा सकती है, का निर्धारण करना
(d) उपर्युक्त सभी
Ans : (d)

18. निम्न में से कौन भारत को धर्मनिरपेक्ष राज्य घोषित करता है?
(a) संविधान की प्रस्तावना
(b) नीति निर्देशक तत्व
(c) अनुच्छेद 44
(d) मौलिक कर्तव्य
Ans : (a)

19. यदि भारत के राष्ट्रपति का पद रिक्त हो जाये और कोई उप राष्ट्रपति भी न हो तब निम्न में से कौन कार्यवाहक राष्ट्रपति होगा?
(a) लोकसभा अध्यक्ष
(b) भारत का महान्यायवादी
(c) सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश
(d) राज्यसभा का उप सभापति
Ans : (c)

20. निम्न में से कौन सा कथन आपातकाल के बारे में ठीक है?
(a) सिर्फ कैबिनेट की लिखित सलाह पर ही राष्ट्रपति आपातकाल की घोषणा कर सकते हैं।
(b) अनुच्छेद 360 - के तहत वित्तीय आपातकाल लगाया जा सकता है इसे अब तक सिर्फ 1991 में लगाया गया था।
(c) सिर्फ अनुच्छेद 21 और 22 को छोड़कर सभी मौलिक अधिकार समाप्त हो जाते हैं।
(d) 1976, में राज्य आपातकाल की अवधि 3 माह से 6 माह कर दी गई है।
Ans : (a)

21. भारतीय संविधान का कौन सा अनुच्छेद 'प्रेस की स्वतंत्रता' की बात करता है?
(a) अनुच्छेद 15
(b) अनुच्छेद 16
(c) अनुच्छेद 22
(d) अनुच्छेद 19
Ans : (d)

22. अल्पसंख्यकों की भाषा, लिपि और संस्कृति का संरक्षण किस अनुच्छेद में है ?
(a) 29 (b) 22
(c) 14 (d) 28
Ans : (a)

- डॉ. राजेश भारथे
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी वाले विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

सामान्य ज्ञान - खेल

1. रियो ओलिंपिक में किस महिला खिलाड़ी ने डिस्कस थ्रो में स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) सीमा पूनिया
(ब) डेनिया केवेलरो
(स) मेलिना मिचोन
(द) सेंड्रा पेरकोविक

2. डूरंड कप किस खेल की एक प्रतिष्ठित प्रतियोगिता है?
(अ) गोल्फ (ब) हॉकी
(स) फुटबॉल (द) पोलो

3. महिला बॉक्सर मैरीकॉम ने किस ओलिंपिक में कांस्य पदक जीता था?
(अ) रियो ओलिंपिक
(ब) सिडनी ओलिंपिक
(स) बीजिंग ओलिंपिक
(द) लंदन ओलिंपिक

4. शीतकालीन ओलिंपिक खेलों का पहला संस्करण किस शहर में आयोजित किया गया था?
(अ) चेमोनिक्स (फ्रांस)
(ब) टोक्यो (जापान)
(स) बर्लिन (जर्मनी)
(द) वैंकुवर (कनाडा)

5. महिला वन-डे क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली खिलाड़ी हैं?
(अ) मेग लेनिंग
(ब) बेलिंडा क्लार्क
(स) लीसा स्थालेकर
(द) अंजुम चोपड़ा

6. फीफा वर्ल्डकप-2014 में किस खिलाड़ी ने सबसे ज्यादा गोल किए थे?
(अ) जेम्स रोड्रिगेज
(ब) थॉमस मुलर
(स) रोनाल्डिनो
(द) लियोनल मैसी

7. वर्ष 2007 में आईसीसी क्रिकेट वर्ल्डकप किस देश में खेला गया था?
(अ) संयुक्त अरब अमीरात
(ब) न्यूजीलैंड
(स) वेस्टइंडीज
(द) दक्षिण अफ्रीका

8. मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम किस शहर में स्थित है?
(अ) लखनऊ (ब) नई दिल्ली
(स) सोनीपत (द) कानपुर

9. इगा स्वितेक किस देश की युवा टेनिस खिलाड़ी हैं?
(अ) चेक रिपब्लिक
(ब) अमेरिका
(स) पोलैंड
(द) यूक्रेन

10. दीपक पूनिया ने किस वर्ष वर्ल्ड जूनियर कुश्ती चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था?
(अ) वर्ष 2019 में
(ब) वर्ष 2018 में
(स) वर्ष 2017 में
(द) इनमें से कोई नहीं

11. वर्ष 2019 में एशियन एमेच्योर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप किस शहर में आयोजित हुई थी?
(अ) मनीला
(ब) क्वालालंपुर
(स) काठमांडू
(द) बैंकॉक

12. गुणेश्वर साथियान किस खेल में भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं?
(अ) शतरंज (ब) टेबल टेनिस
(स) नौकायन (द) विलियर्ड्स

13. लंदन ओलिंपिक में बैडमिंटन महिला एकल वर्ग में चैम्पियन बनी थीं?
(अ) साइना नेहवाल
(ब) वांग यिहान
(स) ली जुरुई
(द) ताई जू यिंग

14. इस वर्ष इनमें से किस खिलाड़ी को इटैलियन सीरी-ए प्लेयर ऑफ द ईयर अवॉर्ड से नवाजा गया है?
(अ) किलियन एमबाप्पे
(ब) क्रिस्टियानो रोनाल्डो
(स) हैरी केन
(द) पॉल पोग्बा

15 इनमें से किस भारतीय क्रिकेटर ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट में शतक नहीं बनाया है?
(अ) विराट कोहली
(ब) रोहित शर्मा
(स) सुरेश रैना
(द) के.एल. राहुल

16. वर्ष 2018 में किस क्लब ने यूएफा चैम्पियंस लीग का खिताब जीता था?
(अ) बायर्न म्युनिख
(ब) लिवरपुल
(स) जुवेंटस
(द) रियाल मैड्रिड

17. एशियन गेम्स-2010 में भारत के लिए नौकायन में स्वर्ण पदक जीतने वाले खिलाड़ी हैं?
(अ) बजरंग लाल
(ब) सजी थॉमस
(स) दत्तू भौकानल
(द) इनमें से कोई नहीं

18. इंग्लैंड ने किस खिलाड़ी की कप्तानी में वर्ष-2010 में आईसीसी टी-20 वर्ल्डकप जीता है?
(अ) केविन पीटरसन
(ब) पॉल कोलिंगवुड
(स) एलिस्टर कुक
(द) एंड्रयू स्ट्रॉस

19. भारत ने अपना पहला डे-नाइट टेस्ट मैच किस देश के खिलाफ खेला था?
(अ) ऑस्ट्रेलिया (ब) इंग्लैंड
(स) बांग्लादेश (द) वेस्टइंडीज

20. इस वर्ष बैडमिंटन वर्ल्ड चैम्पियनशिप किस देश में आयोजित होगी?
(अ) डेनमार्क
(ब) स्पेन
(स) इंडोनेशिया
(द) जापान

21. डोमिनिक थिएम ने इनमें से कौन-सा ग्रैंड स्लैम खिताब जीता है?
(अ) यू.एस. ओपन
(ब) ऑस्ट्रेलियन ओपन
(स) फ्रेंच ओपन
(द) विम्बलडन

22. इस वर्ष ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग की चैम्पियन बनी हैं?
(अ) वेईवान झांग
(ब) नोजोमी ओकुहारा
(स) कैरोलिना मारिन
(द) अकाने यामागुची

23. वर्ष 2020 में आबू धाबी ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस किसने जीती है?
(अ) लुईस हैमिल्टन
(ब) वाल्टेरी बोटास
(स) किमि राइकोनेन
(द) मैक्स वर्स्टापेन

24. वर्ष 1998 में एफआईएच हॉकी वर्ल्डकप किस देश ने जीता है?
(अ) नीदरलैंड
(ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) जर्मनी
(द) पाकिस्तान

25. एथेंस ओलिंपिक में किस देश ने फुटबॉल का स्वर्ण पदक जीता है?
(अ) मैक्सिको (ब) ब्राजील
(स) अर्जेंटीना (द) फ्रांस

उत्तरमाला

1. (द),	2. (स),	3. (द),
4. (अ),	5. (ब),	6. (अ),
7. (स),	8. (ब),	9. (स),
10. (अ),	11. (द),	12. (ब),
13. (स),	14. (ब),	15. (अ),
16. (द),	17. (अ),	18. (ब),
19. (स),	20. (ब),	21. (अ),
22. (ब),	23. (द),	24. (अ),
25. (स)		

- पुष्पेन्द्र कुमार सविता
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं।)

विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये महत्वपूर्ण प्रश्न

मध्यकालीन इतिहास

(1) चौहान (चाहमान) वंश का संस्थापक कौन था?
(अ) नन्नुक
(ब) इंद्र प्रथम
(स) वासुदेव
(द) उपेंद्र कृष्णराज
उत्तर - (स) वासुदेव

(2) लिंग राज मंदिर कहाँ स्थत है?
(अ) उड़ीसा
(ब) मध्यप्रदेश
(स) कर्नाटक
(द) महाराष्ट्र
उत्तर - अ) उड़ीसा

(3) 'किताब-उल-हिंद' कि रचना किसने की थी?
(अ) मार्को पोली
(ब) इब्नबतूता
(स) अलबेरूनी
(द) फिरदौसी
उत्तर - (स) अलबेरूनी

(4) 'अकबरनामा' के रचयिता कौन हैं?
(अ) गुलबदन बेगम
(ब) रहीम खान
(स) बीरबल
(द) अबुल फज़ल
उत्तर - (द) अबुल फज़ल

(5) निम्नलिखित वंशों को सही कलानुक्रम के अनुसार रखिए?
(1) खिलजी
(2) गुलाम
(3) लोदी
(4) सैयद
(अ) 4 - 1 - 2 - 3
(ब) 2 - 1 - 4 - 3
(स) 3 - 1 - 4 - 2
(द) 1 - 4 - 2 - 3
उत्तर - (ब) 2 - 1 - 4 - 3

(6) 'हल्दी घाटी का युद्ध' कब लड़ा गया था?
(अ) 1580 ई.
(ब) 1582 ई.
(स) 1570 ई.
(द) 1576 ई.
उत्तर - (द) 1576 ई.

(7) खिज्र खाँ द्वारा किस वंश की स्थापना की गई थी?
(अ) कण्व वंश
(ब) तुगलक वंश
(स) लोदी वंश
(द) सैयद वंश
उत्तर - (द) सैयद वंश

(8) 'अलाई दरवाजा' का निर्माण किसके द्वारा करवाया गया था?
(अ) इल्तुतमिश
(ब) बलवन
(स) अलाउद्दीन खिलजी
(द) रजिया सुल्तान
उत्तर - (स) अलाउद्दीन खिलजी

(9) 'चर्यापद रचना' का संबंध किस धर्म से है?
(अ) शैव
(ब) वैष्णव
(स) जैन
(द) बौद्ध
उत्तर - (द) बौद्ध

(10) शाहजहाँ द्वारा मोती मस्जिद का निर्माण कहां पर किया गया था?
(अ) जयपुर
(ब) दिल्ली
(स) आगरा
(द) फतेहपुर सीकरी
उत्तर - (स) आगरा

(11) 'कथासरित्सागर' की रचना किसके द्वारा की गई थी?
(अ) जयदेव
(ब) सोमदेव
(स) जयानक
(द) क्षेमेन्द्र
उत्तर - (ब) सोमदेव

(12) 'तुर्कान-ए-चहलगानी' की स्थापना किस शासक ने की थी?
(अ) कुतुबुद्दीन ऐबक
(ब) रजिया सुल्तान
(स) इल्तुतमिश
(द) बलबन
उत्तर - (स) इल्तुतमिश

(13) 'दीवन-ए-कोही' किस कार्य से संबंधित विभाग था?
(अ) शिक्षा
(ब) दान
(स) सैन्य
(द) कृषि
उत्तर - (द) कृषि

(14) सवाई जयसिंह द्वारा तैयार 'जिज मुहम्मद शाही' का प्रयोग किस कार्य हेतु किया जाता था?
(अ) कृषि कार्यों हेतु
(ब) सैन्य गतिविधियों
(स) खगोल शास्त्र पर्यवेक्षण
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (स) खगोल शास्त्र पर्यवेक्षण

(15) मीनाक्षी मंदिर का निर्माण किस वंश के शासकों द्वारा करवाया गया था?
(अ) पाण्ड्य
(ब) चेर
(स) चोल
(द) चालुक्य
उत्तर - (अ) पाण्ड्य

(16) 'दशकुमार चरित' नामक काव्य ग्रंथ की रचना किसने की थी?
(अ) विज्ञानेश्वर
(ब) शूद्रक
(स) दण्डिन
(द) कंबन
उत्तर - (स) दण्डिन

(17) 'एलोरा के कैलाशनाथ मंदिर' का निर्माण किस वंश के शासकों ने करवाया था?
(अ) चोल
(ब) राष्ट्रकूट
(स) चालुक्य
(द) पल्लव
उत्तर - (ब) राष्ट्रकूट

(18) 'बृहदेश्वर मंदिर' कहाँ स्थित है?
(अ) मदुरै
(ब) दारासुरम
(स) तंजौर
(द) भुवनेश्वर
उत्तर - (स) तंजौर

(19) 'नवसाहसांक चरित' के रचयिता कौन हैं?
(अ) केशवचन्द्र
(ब) पद्मगुप्त
(स) भूषण
(द) मोज
उत्तर - (ब) पद्मगुप्त

(20) 'सद्र-उल-सुदूर' किस प्रकार का विभाग/अधिकारी था?
(अ) न्याय विभाग
(ब) पत्राचार विभाग
(स) धर्म एवं दान विभाग
(द) प्रशासनिक विभाग
उत्तर - (स) धर्म एवं दान विभाग

(21) किस सल्तनतकालीन शासक ने सिंचाई पर कर लगाया था?
(अ) फिरोजशाह तुगलक
(ब) बलबन
(स) शेरशाह
(द) इल्तुतमिश
उत्तर - (अ) फिरोजशाह तुगलक

(22) सुल्तान-ए-तारीकिन के नाम से किस सूफी संत को जाना जाता है?
(अ) बहाउद्दीन ज़करिया
(ब) हमीदुद्दीन नागौरी
(स) बदरूद्दीन
(द) अमीर खुसरो
उत्तर - (ब) हमीदुद्दीन नागौरी

(23) संत रैदास किसके शिष्य थे?
(अ) गुरू नानक
(ब) कबीरदास
(स) रामानंद
(द) रामानुजाचार्य
उत्तर - (स) रामानंद

(24) निम्न में से किस संत ने 'गोसाई संघ' की स्थापना की थी?
(अ) कबीरदास
(ब) गुरूनानक
(स) तुलसीदास
(द) चैतन्य महाप्रभु
उत्तर - (द) चैतन्य महाप्रभु

(25) 'विनय पत्रिका' किस संत की प्रसिद्ध रचना है?
(अ) तुलसीदास
(ब) कबीरदास
(स) रैदास
(द) रामानंद
उत्तर - (अ) तुलसीदास

(26) तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना किस भाषा में की थी?
(अ) ब्रज
(ब) हिंदी
(स) संस्कृत
(द) अवधी
उत्तर - (द) अवधी

(27) द्वैतवाद मत के प्रवर्तक कौन हैं?
(अ) शंकराचार्य
(ब) मध्वाचार्य
(स) वल्लभाचार्य
(द) निंबार्काचार्य
उत्तर - (ब) मध्वाचार्य

(28) बहमनी साम्राज्य की स्थापना के समय राजधानी कौनसी थी?
(अ) अहमदनगर
(ब) एलिचपुर
(स) गुलबर्ग
(द) विजयनगर
उत्तर - (स) गुलबर्ग

(29) किस शासक को 'आंध्रभोज' के नाम से जाना जाता है?
(अ) सदाशिवराय
(ब) कृष्ण देवराय
(स) हरिहर
(द) बुक्का
उत्तर - (ब) कृष्ण देवराय

(30) भगवत गीता पर रचित भावार्थ दीपिका नामक टीका के रचनाकार कौन हैं?
(अ) ज्ञानदेव (ज्ञानेश्वर)
(ब) रामदास
(स) एकनाथ
(द) तुकाराम
उत्तर - (अ) ज्ञानदेव (ज्ञानेश्वर)

(31) 'तुजुक-ए-बाबरी' की रचना किस भाषा में हुई थी?
(अ) उर्दू
(ब) फारसी
(स) तुर्की
(द) अरबी
उत्तर - (स) तुर्की

(32) अकबर द्वारा पानीपत के द्वितीय युद्ध में किसे पराजित किया गया था?
(अ) बाज बहादुर
(ब) राणा सांगा
(स) महाराणा प्रताप
(द) हेमू विक्रमादित्य
उत्तर - (द) हेमू विक्रमादित्य

(33) अकबर द्वारा तीर्थयात्रा कर की समाप्ति कब की गई थी?
(अ) 1562 ई.
(ब) 1564 ई.
(स) 1563 ई.
(द) 1565 ई.
उत्तर - (स) 1563 ई.

(34) हैदराबाद में स्वतंत्र राज्य की स्थापना किससे द्वारा की गई थी?
(अ) सादुतुल्ला खां
(ब) चिनकिलिच खां
(स) सआदत खां
(द) अली मुहम्मद
उत्तर - (ब) चिनकिलिच खां

(35) बाबर का मकबरा कहाँ स्थित है?
(अ) कावुल
(ब) दिल्ली
(स) लाहौर
(द) औरंगाबाद
उत्तर - (अ) कावुल

(36) 'शाहे बेखबर' के नाम से किस मुगल शासक को जाना जाता है?
(अ) फर्रूखसियर
(ब) अहमद शाह
(स) मुहम्मद शाह
(द) बहादुर शाह प्रथम
उत्तर - (द) बहादुर शाह प्रथम

(37) किस मुगल बादशाह ने राजाराम मोहन राय को दूत बनाकर इंग्लैण्ड भेजा?
(अ) शाह आलम II
(ब) आलमगीर II
(स) अकबर II
(द) अहमद शाह
उत्तर - (स) अकबर II

(38) शिवाजी का जन्म कब हुआ था?
(अ) 1625 ई.
(ब) 1626 ई.
(स) 1620 ई.
(द) 1627 ई.
उत्तर - (द) 1627 ई.
व्याख्या- कुछ इतिहासकार शिवाजी का जन्म वर्ष 1630 में बताते हैं।

(39) बहादुरशाह द्वितीय का मकबरा कहाँ स्थित है?
(अ) कावुल
(ब) आगरा
(स) दिल्ली
(द) रंगून
उत्तर - (द) रंगून

(40) कौन सा शासक भारत से मयूर सिंहासन एवं कोहिनूर हीरा को अपने साथ ले गया था?
(अ) अहमद शाह अब्दाली
(ब) नादिर शाह
(स) मोहम्मद गौरी
(द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर - (ब) नादिर शाह

(41) शिवाजी के अष्टप्रधान में 'सर-ए-नौबत' किस विभाग का प्रमुख था?
(अ) विदेश मंत्री
(ब) पत्राचार
(स) सैन्य गतिविधियों
(द) न्याय विभाग
उत्तर - (स) सैन्य गतिविधियों (प्रधान सेनापति)

(42) 'सालबाई की संधि' कब हुई थी?
(अ) 1782 ई.
(ब) 1775 ई.
(स) 1802 ई.
(द) 1803 ई.
उत्तर - (अ) 1782 ई.

(43) 'पालखेड़ा का युद्ध' कब लड़ा गया था?
(अ) 1720 ई.
(ब) 1725 ई.
(स) 1727 ई.
(द) 1728 ई.
उत्तर - (द) 1728 ई.

(44) मराठा साम्राज्य का अंतिम पेशवा कौन था?
(अ) बालाजी विश्वनाथ
(ब) बालाजी बाजीराव
(स) माधवराव
(द) बाजीराव II
उत्तर - (द) बाजीराव II

(45) 'गुरूमुखी लिपि' के जनक कौन थे?
(अ) नानक देव
(ब) अंगद
(स) रामदास
(द) अमरदास
उत्तर - (ब) अंगद

(46) 'डिंडिगुल में आधुनिक शास्त्रागार' की स्थापना किसने की थी?
(अ) टीपू सुल्तान
(ब) हैदर अली
(स) शिवाजी
(द) सवाई जयसिंह
उत्तर - (ब) हैदर अली

(47) अवध का अंतिम नवाब कौन था?
(अ) आसफउद्दैला
(ब) सआदत खाँ
(स) सफदरजंग
(द) वाज़िद अली
उत्तर - (द) वाज़िद अली

- आशीष कुमार श्रीवास
(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयों पर लेखन करते हैं)

यह दुनिया हमारी सोच से बनी है। इसे बदलना है तो अपनी सोच को बदलना होगा – अल्बर्ट आइंस्टीन

रवीन्द्रनाथ टैगोर जयंती | 7 मई

दो देशों के राष्ट्रगान लिखने वाले और एशिया के पहले नोबल विजेता थे 'टैगोर'

इतिहास में कुछ ही ऐसे महापुरुष हुए हैं जिन्हें देश ही नहीं विदेशों में भी काफी सम्मान और सराहनाएं प्राप्त हुई हैं। ऐसे ही महापुरुष रवीन्द्रनाथ ठाकुर हैं जिन्हें रवीन्द्रनाथ टैगोर के नाम से भी जाना जाता है। वे केवल भारत के ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया के कवि हैं। वे केवल बेहतरीन कवि ही नहीं बल्कि कथाकार, उपन्यासकार, नाटककार, निबन्धकार और उतने ही बेजोड़ चित्रकार भी थे। भारत के राष्ट्रीय गान के लेखक, नोबल पुरस्कार से सम्मानित पहले भारतीय और शांति निकेतन विश्वविद्यालय के संस्थापक रवीन्द्रनाथ ठाकुर को देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया सम्मान की दृष्टि से देखती है। भारत की स्वतंत्रता के लिए लगातार प्रयत्नशील, धर्मभीरू और समाज सुधारक के रूप में इतिहास में उनका स्थान अद्वितीय है। शांति निकेतन के जरिए उत्तम दर्जे की शिक्षा के प्रचार-प्रसार और शिक्षा के प्रति उनके लगाव को देखते हुए महात्मा गांधी ने रवीन्द्रनाथ टैगोर को 'गुरुदेव' की उपाधि दी थी। रवीन्द्रनाथ टैगोर ने भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रीय गान भी लिखे थे। उन्होंने कला पर अपनी छाप छोड़ी और इसकी प्रथाओं को बदलने और आधुनिकतावाद की शुरुआत करने में भूमिका निभाई थी। जीवन भर कला को समर्पित रहने वाले रवीन्द्रनाथ टैगोर की 7 अगस्त 1941 को मृत्यु हो गई थी।

बचपन से ही प्रकृति के करीब थे

कोलकाता के प्रतिष्ठित ठाकुर परिवार में 7 मई 1861 को पैदा हुए रवीन्द्रनाथ में काव्य प्रतिभा बचपन से ही थी। उनके पिता देवेन्द्रनाथ टैगोर और माता शारदा देवी थीं। उनका विवाह मृणालिनी देवी से हुआ था। उनकी स्कूल की पढ़ाई प्रतिष्ठित सेंट जेवियर स्कूल में हुई। टैगोर ने बैरिस्टर बनने की चाहत में 1878 में इंग्लैंड के ब्रिजटोन पब्लिक स्कूल में नाम दर्ज कराया। उन्होंने लंदन कॉलेज विश्वविद्यालय में कानून का अध्ययन किया, लेकिन 1880 में बिना डिग्री हासिल किए ही वापस आ गए। बचपन से ही उनको प्रकृति से इतना ज्यादा लगाव था कि वे घंटों तक नीले आसमान को अक्सर देखते रहा करते थे। प्रकृति और उसके वातावरण से अपने लहजे में बातें किया करते थे। उनके व्यक्तित्व पर घर के धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण ने काफी गहरा प्रभाव डाला था। प्रकृति से प्रेम ने बाल्य अवस्था में ही कविता लिखने के लिए प्रेरित कर डाला और उन्होंने दस-बारह साल की अवस्था में ही बनफूल और कवि-काहिनी कविताएं लिख डालीं, लेकिन उनके मूलधारा काव्य की शुरुआत 1882 में लिखी संध्या संगीत से होती है। प्रकृति प्रेम की वजह से कई बार गुरुदेव ने यह कहा कि वे इस धरती को छोड़कर कहीं नहीं जाना चाहते, वे बाकी सबके साथ ही जीना चाहते हैं।

काव्य के साथ शुरू हुए सफर ने दिलाया नोबल पुरस्कार

काव्य के प्रति बचपन से ही शुरू हुए लगाव को रवीन्द्रनाथ टैगोर ने बढ़ती उम्र के साथ आगे तक बनाए रखा। 1883 में प्रभात संगीत, 1884 में छवि ओगान और 1886 में कड़ि औ कोमल उनकी शुरुआती काव्य रचनाओं में से थीं। वहीं 1894 में लिखी सोनार तरी यानि सोने की नाव कविता में विश्व जीवन के प्रति आनंद चेतना का स्वर उनमें फूट पड़ता है और 1896 में लिखी चित्रा में यह और विस्तृत रूप में उभर कर सामने आता है। जबकि 1901 में आये उनके काव्य संग्रह नैवेद्य में भक्ति और प्रेम के लिए उनकी व्याकुलता प्रकट होती है और यह व्याकुलता पूरे उदात्त भाव और संकल्प के साथ 1909 और 1910 में उनके लिखे गए गीतों में ढलकर बाहर आई जो अगले साल गीतांजली में प्रकाशित हुई। गीतांजली ईश्वर और मानवता को लक्ष्य कर लिखी गई महान गीतों की अंजली है। इस पुस्तक ने उन्हें विश्वविख्यात बना दिया था। गीतांजली के लिए उन्हें 1913 में नोबल पुरस्कार मिला। ब्रिटिश सरकार ने उन्हें नाइट यानि सर की उपाधि से सम्मानित किया, लेकिन जलियांवाला बाग के निर्मम हत्याकांड से

आहत होकर रवीन्द्रनाथ टैगोर ने नाइट की उपाधि लौटा दी थी।

कल्पना, लय और जीवन शक्ति का एक बड़ा भाव दर्शाती हैं टैगोर की रचनाएं

एक चित्रकार के रूप में टैगोर का उदय 1928 में शुरू हुआ जब वह 67 वर्ष के थे। उनके लिए यह उनकी काव्य चेतना का विस्तार था। 20वीं शताब्दी में 1920 के दशक के मध्य में उन्होंने अपनी पांडुलिपियों के पन्नों पर खुरचने और मिटाए जाने से शुरू करते हुए धीरे-धीरे स्वतंत्र छवियों को चित्रित करते चले गए। वर्ष 1928 और 1940 के बीच रवीन्द्रनाथ टैगोर ने 2,000 से अधिक चित्र बनाए। उन्होंने अपने चित्रों को कभी कोई शीर्षक नहीं दिया। कला पर रवीन्द्रनाथ टैगोर के काम को पहली बार 1930 में पेरिस और फिर पूरे यूरोप और अमेरिका में प्रदर्शित किया गया था। इसके बाद उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। उनकी रचनाएं कल्पना, लय और जीवन शक्ति का एक बड़ा भाव दर्शाती हैं।

पद्य के साथ-साथ गद्य में भी मर्मस्पर्शी रचना करते थे रवीन्द्रनाथ

रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने जिनती मधुर और सुंदर काव्य की रचना की उतनी ही सारगर्भित और मर्मस्पर्शी गद्य की भी रचना की। उनकी गद्य रचनाओं में जीवनस्मृति, करुणा, चोखेर बाली, नौका डूबी, गोरा आदि को कोई भुला नहीं पाएगा। उनके उपन्यास बदलते हुए भारतीय समाज के द्वन्द और विवादों को दर्शाते हैं, जो आमतौर पर सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर से जुड़े हुए हैं। गोरा में धार्मिक और बौद्धिक संधान था तो घरेबाहरे में राजनैतिक संधान। वहीं योगायोग में एक नए आर्थिक वर्ग के विकास से अनिवार्य युद्ध। यानि हर उपन्यास और गद्य लेखन गंभीर मानवीय भावनाओं और सामाजिक द्वन्द को दर्शाता है। आधुनिक बांग्ला साहित्य में छोटी-छोटी कहानियों को लिखकर उन्होंने एक नई महत्वपूर्ण कला को प्रतिष्ठित किया। मानवीय संवेदना और भावनाओं से ओत-प्रोत उनकी कहानी काबुलीवाला को भला कौन भूल सकता है। वहीं अपने नाटकों के जरिए गुरुदेव ने स्वर के धागे को हृदय के आवेग में पिरोया है। वाल्मिकी प्रतिभा, मायेर खेला, राजा ओ रानी, विसर्जन, चित्रांगदा या शारदोत्सव आदि सब में उनकी नाट्य प्रतिभा अपनी पूरी शक्ति के साथ प्रकट होती है।

संगीत के क्षेत्र में हो या गीत के क्षेत्र में या चित्रकारी के क्षेत्र में। हर एक विधा के जरिए उन्होंने जनमानस के हृदय को छुआ और मानवता के साथ प्रेम का संदेश दिया। रवीन्द्र संगीत और रवीन्द्र गीत बांग्ला के गायन-वादन और संगीत की एक विशिष्ट कला बन गए। सिर्फ बांग्ला फिल्मों में ही नहीं, बॉलीवुड की अनेक फिल्मी गीत भी रवीन्द्र संगीत पर आधारित हैं।

प्रकृति को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक मानते थे गुरुदेव

रवीन्द्रनाथ ठाकुर मानते थे कि प्रकृति ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है और प्रकृति के आगोश में पठन-पाठन और शिक्षण न केवल संवेदनशील बनाता है बल्कि प्रेम करने की सीख भी देता है। यही वजह थी कि 22 दिसंबर 1901 को उन्होंने केवल पांच विद्यार्थियों के साथ शांति निकेतन में अपने विद्यालय की स्थापना की थी। शांति निकेतन नाम का छोटा सा विद्यालय 23 सितंबर 1921 को विश्व भारती विश्वविद्यालय बन गया, आज यह भारतीय संस्कृति का एक केंद्र, अध्ययन का एक बहुप्रतिष्ठित संस्थान और पूर्व-पश्चिम का संगम स्थल बन चुका है। इसके लिए गुरुदेव ने कहा- यत्र विश्वम् भवति एक नीडम् - यानी जहां सारा विश्व एक नीड़ (घोंसला) में एकत्रित होता है।

गुरुदेव की 150वीं जयंती से हर साल दिया जाता है 'टैगोर अवॉर्ड'

सांस्कृतिक सद्भाव के मूल्यों को बढ़ावा देने के लिए 2012 में गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर की 150वीं जयंती के स्मारक के रूप में भारत सरकार ने टैगोर अवॉर्ड की शुरुआत की थी। इसका मकसद उनके कार्यों और विचारों के साथ बड़े पैमाने पर मानवता के लिए गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर द्वारा किए गए योगदान को मान्यता देना है। यह पुरस्कार प्रतिवर्ष प्रदान किया जाता है। इसके तहत एक करोड़ रुपये, प्रशस्ति पत्र, एक पट्टिका और साथ ही एक उत्कृष्ट पारंपरिक हस्तकला/हाथकरघा वस्तु प्रदान की जाती है। आवश्यक होने पर पुरस्कार को दो व्यक्तियों या संस्थानों के बीच विभाजित किया जा सकता है और इसका निर्णय जूरी करती है। 2012 का प्रथम टैगोर पुरस्कार भारतीय सितार वादक पंडित रविशंकर और 2013 का दूसरा पुरस्कार जुबिन मेहता को प्रदान किया गया था। श्री राजकुमार सिंघजीत सिंह, छायानट (बांग्लादेश का एक सांस्कृतिक संगठन) और श्री राम सुतार वनजी को वर्ष 2014, 2015 और 2018 के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया था।

- रश्मि रंजन

(लेखिका समसामयिक मुद्दों पर लेखन करती हैं।)

चिकित्सालयीन उपचार सुविधाओं का करें विस्तार

भोपाल, मध्यप्रदेश की चिकित्सालयीन सुविधाओं को विस्तारित कर मजबूत बनाने के कार्यों की निरंतरता जारी रहे। चिकित्सालयीन सुविधाओं का स्तर ऐसा हो कि कोई भी व्यक्ति उपचार सुविधा से वंचित नहीं हो। ये बातें मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने भोपाल में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग द्वारा कोरोना कोर ग्रुप के साथ प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के प्रयासों की समीक्षा करते हुए कहीं।

आई.सी.यू. बिस्तरों की संख्या बढ़ायें

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह राहत की बात है कि प्रदेश में ऑक्सीजन बेड की उपलब्धता की स्थिति में सुधार हुआ है। संक्रमण नियंत्रण के प्रयासों की निरंतरता के साथ ही चिकित्सालयों में आई.सी.यू. बेड और वेंटिलेटर्स की उपलब्धता को बढ़ाने के प्रयास तीव्रता से जारी रहें। बताया गया कि भोपाल में 30 नये वेंटिलेटर उपलब्ध कराए गए हैं।

तकनीशियन भर्ती की मॉनीटरिंग हो

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में चिकित्सालयीन कार्यों से जुड़े डिप्लोमा, प्रमाण-पत्र धारक तकनीशियनों को संविदा पर भर्ती करने के कार्य की गति को तेज किया जाए। उन्होंने इस कार्य के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर कार्रवाई करने के लिए कहा। बताया गया कि प्रदेश में 189 प्रमाण-पत्र धारक एनेस्थेटिक तकनीशियन, 3,081 ओ.टी. तकनीशियन और 206 डिप्लोमाधारी एनेस्थेटिक तकनीशियनों को चिन्हित किया गया है। इनकी सूची संलग्न कर समस्त जिलों को उपलब्धता के आधार पर 3 माह के लिए 25 हजार रुपए प्रतिमाह की संविदा पर आवश्यकता अनुसार नियुक्त करने के लिए भेजी गई है।

होम आइसोलेशन से चिकित्सालय गए मरीजों की जानकारी लें

मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में उपचाराधीन पॉजिटिव मरीज, जिन्हें अस्पताल में शिफ्ट किया गया है, ऐसे प्रत्येक प्रकरण का अध्ययन कराया जाए। किन कारणों और परिस्थितियों में अस्पताल भेजने की जरूरत पड़ी। इसकी समीक्षा कर होम आइसोलेशन व्यवस्था को प्रभावी बनाने के प्रयास हों।

दूरस्थ अंचलों में कोविड केयर सेंटर शीघ्र खुलें

श्री चौहान ने कहा कि प्रदेश में आइसोलेशन और ऑक्सीजन बेड कोविड केयर सेंटर्स में पर्याप्त संख्या में उपलब्ध हैं। उनका आदर्श स्वरूप में संचालन हो। इसकी मानीटरिंग की जाए। साथ ही दूरस्थ अंचलों में कोविड केयर सेंटर की माँग प्राप्त होने पर तत्काल सेंटर शुरू किए जाने की पुख्ता व्यवस्थाएं बनाई जायें।

खपत की तुलना में ऑक्सीजन आपूर्ति बेहतर हुई

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में ऑक्सीजन आपूर्ति खपत की तुलना में बेहतर हुई है। आपूर्ति के प्रयासों के साथ ही नवीन ऑक्सीजन प्लान्ट स्थापना के कार्य की गति धीमी नहीं हो। इस कार्य की निरंतर प्रभावी समीक्षा की जाए।

प्रदेश में लग रहे 94 ऑक्सीजन प्लान्ट

श्री चौहान को बताया गया कि युद्धस्तर पर नवीन ऑक्सीजन प्लान्ट लगाने का कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में 94 नये ऑक्सीजन प्लान्ट सभी जिलों में लग रहे हैं। इसके साथ ही तहसील स्तर पर भी ऑक्सीजन प्लान्ट लगाए जा रहे हैं। ये प्लान्ट 200 से 600 टन तक की क्षमता के हैं।

ऑनलाइन मार्गदर्शन में देश-विदेश के चिकित्सकों को जोड़ें

मुख्यमंत्री ने कहा कि होम आइसोलेशन में उपचाराधीन पॉजिटिव व्यक्ति को ऑनलाइन चिकित्सकीय मागदर्शन प्रदान करने में देश और विदेश के विभिन्न चिकित्सकों को जोड़ने के प्रयास किए जायें। उन्होंने इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के निर्देश भी दिए।

मजबूर का शोषण सहन नहीं होगा

श्री चौहान ने कहा कि कोविड संक्रमण के दौरान मुसीबत में पड़े मजबूर व्यक्ति का निजी चिकित्सालयों द्वारा शोषण सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निजी चिकित्सालयों को उपचार सुविधाओं के विस्तार में सरकार द्वारा पूरा सहयोग किया जा रहा है और आगे भी किया जाएगा। लेकिन उन्हें उपचार के लिए मनमानी राशि वसूलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। ऐसे मामलों में कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी।

अस्पताल से डिस्चार्ज होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ी

बैठक में बताया गया कि चिकित्सालयों से डिस्चार्ज होने वालों की संख्या बढ़ी है। दिनांक 4 मई को 1815 व्यक्ति डिस्चार्ज हुए, जबकि दिनांक 3 मई को 1781 मरीज डिस्चार्ज हुए थे।

बताया गया कि प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र के चिकित्सालयों में 25 हजार 865 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हैं। इनमें से 12 हजार 65 शासकीय चिकित्सालयों में 81 प्रतिशत और 9,447 निजी अस्पतालों में 87 प्रतिशत बिस्तर ही भरे हैं।

कोरोना से अनाथ हुए बच्चों का भरण-पोषण करेगा महिला एवं बाल विकास विभाग

भोपाल, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा इस कोरोना काल में सकारात्मक पहल की गई है। विभाग द्वारा ऐसे बच्चे, जिनके माता-पिता का निधन कोरोना के कारण हो गया है अथवा जिनके माता-पिता इस बीमारी की वजह से अस्पताल में भर्ती हैं, उनके भरण-पोषण की जिम्मेदारी लेने का निर्णय लिया गया है। ऐसे बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना शुरू की जा रही है। ग्वालियर जिले में इसके तहत फिट फेसिलिटी केन्द्र की शुरुआत की जा रही है। जिले में संचालित शासकीय विद्यालय और छात्रावासों को ऐसे बच्चों की देखरेख एवं संरक्षण के लिए फिट फेसिलिटी केन्द्र घोषित कर बच्चों की उचित देखभाल तथा संरक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही स्वयंसेवी संस्था, सामाजिक कार्यकर्ता आदि को जोड़कर बच्चों को आवश्यक सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेंगी।

उल्लेखनीय है कि इस योजना के अंतर्गत बच्चों को शासकीय एवं निजी प्रायोजन सहायता का मुख्य उद्देश्य उनके जैविक परिवार से अलग होने से रोकना है। साथ ही बाल देखरेख संस्था में रहने वाले बच्चे, मुक्त कराये गये बच्चों को उनके जैविक परिवार में भेजकर पुनर्वास स्थित करना है।

शेयर बाजार में कॅरियर के बढ़ते मौके

'रोज़गार और निर्माण' के पाठकों के लिये 'कॅरियर की राहें' नाम से उपयोगी स्तंभ लगातार प्रकाशित किया जा रहा है। अच्छे कॅरियर के लिये जरूरी है कि युवा कॅरियर की विभिन्न विधाओं से परिचित हों और अपनी रुचि, योग्यता और क्षमताओं के अनुरूप अपने लिये उपयुक्त कॅरियर का निर्धारण करें। पिछले 40 वर्षों से नई पीढ़ी के लिये कॅरियर संबंधी विषयों पर नियमित लेखन कर रहे डॉ. जयंतीलाल भंडारी युवाओं को कॅरियर के विभिन्न अवसरों से परिचित कराते हुये आगे बढ़ने का मार्गदर्शन दे रहे हैं।

निःसंदेह देश में शेयर बाजार की नई ऊंचाई शेयर बाजार में कॅरियर अवसरों को तेजी से बढ़ाते हुए दिखाई दे रही है। यह कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोना वायरस के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का जो सेंसेक्स 23 मार्च 2020 को 25981 अंकों पर आ गया था, वह फरवरी 2021 में 51,000 के मनोवैज्ञानिक स्तर को पार करते हुए नई रिकॉर्ड ऊंचाई के पार पहुंच गया।

शेयर बाजार में निवेशकों के बढ़ने से बढ़े हैं रोज़गार के मौके

भारतीय अर्थव्यवस्था में उदारीकरण से आम और खास आदमी के बीच निवेश की प्रवृत्ति का विकास हुआ है। यही वजह है कि अक्सर शेयर बाजार के नाम से घबराने वाला सामान्य व्यक्ति भी आज शेयर बाजार में विशेष रुचि लेने लगा है। शेयर बाजार में निवेशकों की बढ़ती रुचि के परिणामस्वरूप ही इन बाजारों में रोज़गार के अवसरों में भारी इजाफा हुआ है।

बदलते परिवेश में अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र पर शेयर बाजार का प्रभाव नजर आने लगा है। अगर देखा जाए तो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था के स्वास्थ्य का अंदाजा मौजूदा समय में उसके शेयर बाजार के सूचकांक के उतार-चढ़ाव के आधार पर लगाया जा सकता है। सीधे शब्दों में कहें तो शेयर बाजार किसी भी देश की अर्थव्यवस्था का आईना है। यही वजह है कि आज यह क्षेत्र रोज़गार के एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरा है।

1 मार्च 2021 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार देश में बीएसई की सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एम-कैप) भी पहली बार 200 लाख करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। शेयर बाजार में आई तेजी की वजह से दशक में पहली बार भारत की लिस्टेड कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) से ज्यादा हो गया है। इस समय दुनियाभर के विकासशील देशों के शेयर बाजारों की तस्वीर में भारतीय शेयर बाजार की स्थिति काफी अच्छी दिखाई दे रही है।

शेयर बाजार के विस्तार के साथ कॅरियर के अवसर बढ़े

इस समय शेयर बाजार के तेजी से आगे बढ़ने की संभावनाओं के कई कारण दिखाई दे रहे हैं। वर्ष 2021 में भारत कोरोना वायरस के टीकों की उत्पादन क्षमता के मद्देनजर विश्व का प्रमुख देश है और कोरोना टीकों के वैश्विक व्यापार में भारत की अहम भूमिका दिखाई दे रही है। 16 जनवरी 2021 से भारत में कोरोना से जंग के लिए दुनिया का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान सफलतापूर्वक आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। ब्रेक्जिट समझौते और वैश्विक अर्थव्यवस्था में सुधार से आर्थिक सकारात्मकता आई है। अमेरिका में नए राष्ट्रपति जो बाइडेन के साथ भारत के अच्छे संबंधों की संभावनाओं से भी निवेशकों की धारणा को बल मिला है। देश की विकास दर बढ़ने की संभावनाओं के कारण शेयर बाजार में देशी-विदेशी निवेशकों के कदम तेजी से आगे बढ़े हैं। छोटे शहरों और ग्रामीण क्षेत्रों से निवेशकों की संख्या में वृद्धि हुई है। लोगों को यह समझ में आने लगा है कि शेयर बाजार कोई जुआघर नहीं है, यह तो देश की अर्थव्यवस्था की चाल को नापने का एक आर्थिक बैरोमीटर है।

यद्यपि भारत में शेयर बाजार तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन फिर भी अन्य कई देशों की तुलना में भारत के शेयर बाजार के विकास की गति धीमी है। अन्य देशों की तुलना में भारत में शेयर बाजार से सम्बद्ध लोग कम हैं, वहीं दुनिया के विकसित और कई विकासशील देशों में इससे काफी अधिक लोग शेयर बाजार से सम्बद्ध हैं। ऐसे में शेयर बाजार के विस्तार की अपार संभावनाओं के कारण शेयर बाजार में रोज़गार के मौके तेजी से विस्तारित हो रहे हैं।

वित्तीय वर्ष 2021-22 में तेजी से बढ़ेगा शेयर कारोबार

वित्तीय वर्ष 2021-22 में शेयर कारोबार के बढ़ने की नई संभावनाओं के कारण शेयर बाजार में रोज़गार के अवसर और बढ़ेंगे। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा पेश किए गए वित्त वर्ष 2021-22 के आम बजट के तहत शेयर बाजार के लिए अनुकूल प्रावधानों का निवेशकों ने जोरदार स्वागत किया है। आम बजट के दिन सेंसेक्स 2,314 अंक चढ़कर आगे बढ़ा है। नए बजट की तस्वीर में शेयर बाजार के लिए कई अनुकूलताएं दिखाई दे रही हैं। सरकार ने नए बजट में कर बढ़ाने की कोई घोषणा नहीं की है। अनुमान लगाया जा रहा था कि वित्त मंत्री अति धनाढ्य लोगों पर कुछ अधिभार लगा सकती हैं। लेकिन वित्त मंत्री ने कर बढ़ाने की बजाय संपत्तियों के मुद्रीकरण का रास्ता चुना है, जिसे निवेशकों ने सराहा है। सरकार ने नए बजट में आर्थिक सुधार जारी रखने की इच्छाशक्ति भी दिखाई है।

स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि नए बजट में सरकार ने वृद्धि दर और राजस्व में बढ़ोतरी को लेकर जो एक बड़ा रणनीतिक कदम उठाया है, उससे शेयर बाजार को बड़ा प्रोत्साहन मिला है। विनिवेश से प्राप्त होने वाली आय का लक्ष्य 1.75 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। वित्त मंत्री ने राजकोषीय घाटे को जीडीपी के 6.8 फीसदी तक लाने का अनुमान रखा है।

बीमा-बैंकिंग और आर्थिक सुधारों से बढ़ेंगे शेयर बाजार में अवसर

वित्त मंत्री जिस तरह से वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में निजीकरण को बढ़ावा देने के साथ-साथ बीमा-बैंकिंग, विद्युत और कर सुधारों की डगर पर आगे बढ़ी हैं, उससे भी शेयर बाजार को गति मिली है। नए वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में बुनियादी ढांचे, स्वास्थ्य, विनिर्माण तथा सर्विस सेक्टर में भारी प्रोत्साहन भी शेयर बाजार के लिए लाभप्रद है। बीमा क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की सीमा बढ़ाकर 74 प्रतिशत करने से इस क्षेत्र को नई पूंजी प्राप्त करने और कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। 20,000 करोड़ रुपये की शुरुआती पूंजी के साथ ढांचागत क्षेत्र पर केंद्रित नए डेवलपमेंट फाइनेंस इंस्टीट्यूशन (डीएफआई) की स्थापना लाभप्रद कदम है। टीडीएस नियम भी सरल बनाने की पहल की गई है।

नए बजट के तहत कॉर्पोरेट बॉन्ड बाजार की मदद के लिए एक स्थायी संस्थागत ढांचा तैयार करने की कोशिश की गई है। वित्त मंत्री ने गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों (एनपीए) के बोझ से दबे सरकारी बैंकों के पुनर्पूंजीकरण के लिये 20 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। सरकार ने आईडीबीआई बैंक के अलावा दो अन्य सार्वजनिक बैंकों और एक बीमा कंपनी के निजीकरण का भी प्रस्ताव किया है। वित्त वर्ष 2021-22 के बजट में लाभांश पर भी स्पष्टता सुनिश्चित की गई है। इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और निवेशक बाजार में धन लगाने के लिए आकर्षित होंगे। नए बजट में जहां शेयर बाजार में जोखिमों को कम करने के उपयुक्त प्रावधान किए गए हैं, वहीं भारत में शेयर बाजार को और अधिक लाभप्रद बनाने के प्रावधान भी सुनिश्चित किए गए हैं।

शेयर बाजार में स्वरोज़गार-रोज़गार के अवसर

शेयर बाजार स्वरोज़गार और रोज़गार का अच्छा माध्यम बन गया है। शेयर बाजार के कायदे-कानून अभी भी जटिल हैं और शुरुआत में इन्हें आम आदमी के लिए समझ पाना मुश्किल भरा काम होता है। चूंकि अभी शेयर बाजार की प्रक्रिया को आम आदमी के लिए समझ पाना आसान नहीं है, जिसके चलते आम आदमी के द्वारा शेयर बाजार में निवेश करने के लिए प्रशिक्षित पेशेवर विशेषज्ञ व्यक्तियों की जरूरत पड़ती है। इसलिए इस क्षेत्र में कंसल्टेंसी के रूप में बड़ी संख्या में रोज़गार के अवसर हैं। शेयर बाजार में केवल शेयर खरीदने-बेचने का माध्यम बनने वाले ब्रोकर ही नहीं होते, बल्कि लगातार बढ़ते बाजार के कारण इसमें विभिन्न प्रकार के रोज़गार की बेहतर संभावनाएं भी सामने आई हैं। दरअसल गैर-पारंपरिक कॅरियर के क्षेत्र में यह लोगों को खूब लुभा रहा है। आम आदमी की समझ में इंश्योरेंस फंड, रिटायरमेंट फंड और म्युचुअल फंड नहीं आते हैं, इसलिए अगर उन्हें शेयर बाजार में निवेश करना है तो तमाम मुद्दों पर सलाह-मशविरे के लिए विशेषज्ञ की आवश्यकता होती है।

शेयर बाजार में ट्रेडिंग करने के लिए पहले डीमैट अकाउंट खुलवाना होता है। इस अकाउंट से ब्रोकर को ऑर्डर देकर या ऑनलाइन स्वयं का शेयर कारोबार किया जा सकता है। ऐसे में ब्रोकर और सब ब्रोकर के अलावा मार्केट एनालिस्ट, रिसर्च एनालिस्ट या इक्विटी रिसर्चर के तौर पर भी रोज़गार के अवसर हैं। इन्वेस्टमेंट बैंक, म्युचुअल फंड कंपनियां, फाइनेंशियल इंस्टीट्यूट, फाइनेंशियल वेबसाइट, स्टॉक ब्रोकिंग फर्म आदि में भरपूर रोज़गार उपलब्ध हैं। फाइनेंशियल एनालिस्ट एंड स्पेशलिस्ट, इंडस्ट्री स्पेशलिस्ट, कैपिटल मार्केट स्पेशलिस्ट, इन्वेस्टमेंट एंड फायनेंशियल प्लानर्स जैसे कार्यों से जुड़कर अच्छी खासी कमाई की जा सकती है। तमाम म्युचुअल फंड और वित्तीय कंपनियां बाजार के नए ट्रेंड पर नजर रखने के लिए कैपिटल मार्केट स्पेशलिस्ट और सिक्यूरिटीज एनालिस्ट की नियुक्तियां करती हैं। ऑनलाइन कारोबार होने के कारण एक जगह बैठे-बैठे देश ही नहीं अपितु दुनिया के किसी भी स्टॉक मार्केट में डीलिंग की जा सकती है।

शेयर बाजार में कॅरियर के लिये जरूरी स्किल्स

शेयर बाजार में कॅरियर के लिहाज से कुछ खास स्किल्स जरूरी हैं। इस क्षेत्र में बेहतर भविष्य के लिए तेज-तर्रार व्यक्तित्व, तुरंत निर्णय लेने में सक्षमता, मार्केट की समझ के साथ-साथ ग्राहक को डील करने के हुनर में माहिर होना लाभप्रद है। इसके अलावा इस क्षेत्र में कार्य करने के लिए कम्प्यूटर व इंटरनेट के इस्तेमाल में भी महारत हासिल होनी जरूरी है। अंग्रेजी का ज्ञान इस क्षेत्र के लिए अतिरिक्त योग्यता के रूप में देखा जाता है। अगर शैक्षिक योग्यता की बात करें तो वाणिज्य, अर्थशास्त्र, गणित व विज्ञान विषय के छात्रों के लिए शेयर बाजार उम्दा कार्यक्षेत्र है। शेयर बाजार से संबंधित विशेष सर्टिफिकेट कोर्स भी लाभप्रद होते हैं।

शेयर बाजार से संबंधित कॅरियर कोर्स

शेयर मार्केट में अपार संभावनाओं के मद्देनजर विभिन्न विश्वविद्यालयों व संस्थानों में इससे संबंधित सर्टिफिकेट, डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों का संचालन तेजी से बढ़ा है। शेयर बाजार में रोज़गार पाने के इच्छुक अभ्यर्थी मुख्य रूप से सर्टिफिकेट प्रोग्राम ऑन कैपिटल मार्केट, कैपिटल मार्केट में पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा आदि कर सकते हैं।

देश में शेयर बाजार से संबंधित विभिन्न रोज़गारोन्मुखी कोर्स देश के विभिन्न स्टॉक एक्सचेंज सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में उपलब्ध हैं। शेयर बाजार से संबंधित पाठ्यक्रमों के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज इंस्टीट्यूट, मुंबई। राष्ट्रीय प्रतिभूति बाजार संस्थान, मुंबई। यूटीआई इंस्टीट्यूट ऑफ कैपिटल मार्केट, नवी मुंबई भी प्रमुख स्थान रखते हैं। शेयर बाजार से संबंधित विभिन्न पाठ्यक्रमों की जानकारी हेतु बीएसई इंस्टीट्यूट लि:, 18-19वां फ्लोर, पी.जे. टॉवर, दलाल स्ट्रीट, मुंबई से संपर्क किया जा सकता है। अपनी उपयुक्तता के अनुरूप किसी गुणवत्तापूर्ण संस्थान से कोई उपयुक्त कोर्स करके शेयर बाजार में कॅरियर की डगर पर आगे बढ़ा जा सकता है।

- डॉ. जयंतीलाल भंडारी

(लेखक कॅरियर मार्गदर्शन के लिये लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में प्रतिष्ठित हैं।)

दो गज की दूरी, मास्क है जरूरी।

खेल चर्चा

दुबई में आयोजित होगी एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप

नई दिल्ली, भारत में कोरोना महामारी के संक्रमण को देखते हुए एशियाई मुक्केबाजी चैम्पियनशिप अब दुबई में आयोजित की जायेगी। पहले इस टूर्नामेंट का आयोजन 21 से 31 मई तक नई दिल्ली में होना था। हालांकि भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) अब भी संयुक्त अरब अमीरात के साथ इस टूर्नामेंट का संयुक्त मेजबान होगा। बीएफआई ने कहा कि भारत में अंतर्राष्ट्रीय यात्रा प्रतिबंधों के कारण एशियाई मुक्केबाजी परिसंघ के साथ सलाह मशविरा कर पुरुष और महिला मुक्केबाजी चैम्पियनशिप का आयोजन दुबई में कराने का फैसला लिया गया है।

हैमिल्टन ने जीती पुर्तगाल ग्रां प्री फॉर्मूला-वन रेस

पोर्टिमाओ, ब्रिटेन के दिग्गज कार रेसर लुईस हैमिल्टन ने फॉर्मूला-वन के नये सत्र में भी अपना प्रदर्शन बरकरार रखा है। हैमिल्टन ने पुर्तगाल ग्रां प्री रेस का खिताब जीता है। हैमिल्टन ने 66 लैप की इस रेस को एक घंटा 34 मिनट और 31.42 सेकेण्ड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। रेस में मैक्स वर्स्टापेन दूसरे, वाल्टेरी बोटास तीसरे, सर्जियो पेरेज चौथे तथा लेंडो नॉरिस पांचवें स्थान पर रहे। हैमिल्टन ने पिछले साल भी यह रेस जीती थी।

माटेओ बेरेटनी ने जीता सर्बिया ओपन का खिताब

बेलग्रेड, इटली के युवा टेनिस खिलाड़ी माटेओ बेरेटनी ने सर्बिया ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। यह बेरेटनी के टेनिस कॅरियर का चौथा एटीपी खिताब है। टूर्नामेंट के फाइनल में बेरेटनी ने रूस के असलान करात्सेव को संघर्षपूर्ण मुकाबले में 6-1, 3-6, 7-6 से हराया। बेरेटनी ने अपने कॅरियर का पहला एटीपी टाइटल वर्ष 2018 में स्विस ओपन के रूप में जीता था। सर्बिया ओपन में पुरुष युगल वर्ग का खिताब इवान सबानोव और माटेज सबानोव की क्रोएशियाई जोड़ी ने जीता।

थिसारा परेरा ने क्रिकेट से लिया संन्यास

कोलंबो, श्रीलंका के पूर्व कप्तान और ऑलराउंडर थिसारा परेरा ने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। परेरा ने श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड को लिखे पत्र में कहा कि उनके लिए यह सही समय है कि अब वे आगे बढ़ें और युवा खिलाड़ियों के लिए मार्ग प्रशस्त करें। परेरा ने अपने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट कॅरियर का आगाज 24 दिसम्बर 2009 को भारत के खिलाफ एक दिवसीय क्रिकेट मैच से किया था। परेरा ने वर्ष 2014 में ट्वेंटी-20 विश्वकप में श्रीलंकाई टीम की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। परेरा ने आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच वेस्टइंडीज के खिलाफ 14 मार्च 2021 को खेला था।

लीग कप

मैनचेस्टर सिटी ने आठवीं बार जीता खिताब

लंदन, इंग्लैंड के लोकप्रिय फुटबॉल क्लब मैनचेस्टर सिटी ने अपने नाम एक और खिताब किया है। मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश फुटबॉल लीग कप का खिताब हासिल किया है। टूर्नामेंट के फाइनल में मैनचेस्टर सिटी ने टॉटनहम हॉटस्पर को 1-0 से हराया।

पहला हाफ रहा गोल रहित

फाइनल मुकाबले में पूरे समय मैनचेस्टर सिटी का दबदबा रहा। इसके बावजूद मैच का पहला हाफ गोल रहित रहा। पहले हाफ की शुरुआत से ही मैनचेस्टर सिटी ने आक्रामक रणनीति अपनाई। मैनचेस्टर सिटी के लिए रहीम स्टर्लिंग, केविन डि ब्रूयेन और फिल फोडेन ने गोल करने के कई मौके बनाए, लेकिन टॉटनहम हॉटस्पर की मजबूत रक्षा पंक्ति को भेद नहीं पाये।

लापोर्ते ने किया निर्णायक गोल

पहले हाफ की तरह दूसरा हाफ भी ज्यादातर समय गोलरहित रहा। बेहतरीन लय में दिख रही मैनचेस्टर सिटी को खिताबी गोल के लिए 82 मिनट तक इंतजार करना पड़ा। मैच का एकमात्र गोल मैनचेस्टर सिटी के सेंटर बैक खिलाड़ी एमरिक लापोर्ते ने किया। मैच के 82वें मिनट में मैनचेस्टर सिटी के उपकप्तान केविन डि ब्रूयेन ने फ्री किक पर गोल मूव बनाते हुए लापोर्ते को पास दिया। लापोर्ते ने इसका फायदा उठाते हुए शानदार गोल दागा, जो कि निर्णायक साबित हुआ। यह इस सत्र में लापोर्ते का दूसरा गोल है। लापोर्ते ने मैच के बाद कहा कि डिफेंडर होने के बावजूद गोल करना यादगार रहेगा हमें इस लय को बरकरार रखना होगा और इसी तरह खिताब जीतने होंगे।

- मैनचेस्टर सिटी ने लगातार चौथी बार तथा कुल आठवीं बार जीता है लीग कप।
- मैनचेस्टर सिटी ने इससे पहले वर्ष 2020, 2019 और 2018 में भी जीता है यह टूर्नामेंट।
- मैनचेस्टर सिटी और लिवरपूल ने 8-8 बार जीता है लीग कप।
- टॉटनहम हॉटस्पर चार बार बन चुका है लीग कप का चैम्पियन।

टॉटनहम को मुख्य कोच को हटाना पड़ा भारी

टॉटनहम हॉटस्पर ने कुछ दिन पहले ही टीम के मुख्य कोच जोस मोरिन्हो को उनके पद से बर्खास्त कर दिया था। मुख्य कोच को हटाने का फैसला टीम को महंगा पड़ गया। फाइनल में टॉटनहम हॉटस्पर की टीम की रणनीति बेहद रक्षात्मक रही, जिसका फायदा मैनचेस्टर सिटी ने उठाया।

दर्शकों ने उठाया मैच का लुत्फ

लंदन के प्रसिद्ध वैम्बले स्टेडियम में खेले गए इस फाइनल मैच का लुत्फ दर्शकों ने भी उठाया।

इस मैच में दोनों टीमों के लगभग आठ हजार प्रशंसकों को मैच देखने की अनुमति दी गई थी। पिछले एक वर्ष से कोरोना महामारी के कारण ज्यादातर टूर्नामेंट दर्शकों की गैर-मौजूदगी में खेले गए हैं। लेकिन लीग कप में सीमित संख्या में दर्शकों को मैच देखने की अनुमति दी गई।

भारत आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर बरकरार

दुबई, भारतीय क्रिकेट टीम ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी बादशाहत बरकरार रखी है। भारतीय टीम अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा जारी टेस्ट रैंकिंग में पहले स्थान पर काबिज है। टेस्ट रैंकिंग में भारत 120 रेटिंग पाइंट के साथ पहले स्थान पर काबिज है, वहीं न्यूजीलैंड (118) दूसरे, ऑस्ट्रेलिया (113) तीसरे, इंग्लैंड (106) चौथे तथा पाकिस्तान (90) अंकों के साथ पांचवें स्थान पर काबिज है।

आईसीसी प्रत्येक वर्ष एक मई को अपनी रैंकिंग प्रणाली को अपडेट करती है। इस अपडेट में पिछले तीन सत्र में टीमों के प्रदर्शन को आधार बनाया जाता है। भारतीय टीम पिछले वर्ष भी 30 अप्रैल तक नंबर बन टेस्ट टीम थी, लेकिन वार्षिक अपडेट में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहले स्थान से हटा दिया था, लेकिन भारतीय टीम ने फिर रैंकिंग में पहला स्थान हासिल किया है।

पंत ने टॉप-10 में बनाई जगह

भारत के युवा विकेट कीपर ऋषभ पंत ने आईसीसी द्वारा जारी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाकर इतिहास रच दिया है। पंत आईसीसी टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में टॉप-10 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय विकेट कीपर बन गए हैं। पंत टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में 747 अंकों के साथ छठवें स्थान पर काबिज हैं। इस रैंकिंग में न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन पहले स्थान पर हैं, टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में भारत के विराट कोहली तथा रोहित शर्मा भी टॉप-10 में जगह बनाने में सफल रहे हैं।

पीवी सिंधु बनीं बिलीव इन स्पोर्ट्स की एंबेसडर

लुसाने, अंतर्राष्ट्रीय ओलिंपिक समिति (आईओसी) ने भारत की दिग्गज शटलर पीवी सिंधु को बिलीव इन स्पोर्ट्स अभियान के लिए खिलाड़ियों का दूत (एंबेसडर) नियुक्त किया है। यह अभियान वर्ष 2018 में लॉन्च किया था। सिंधु के अलावा कनाडा की शटलर मिचेल ली को भी एंबेसडर बनाया है। एंबेसडर बनने के बाद सिंधु ने कहा कि यह मेरे लिए सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि मैं किसी भी तरह की धोखाधड़ी या प्रतिस्पर्धा में हेरफेर के खिलाफ अपने साथी खिलाड़ियों के साथ खड़ी हूं। सिंधु और मिचेल बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन के 'आई एम बैडमिंटन' अभियान की वैश्विक दूत भी हैं।

उल्लेखनीय है कि पीवी सिंधु रियो ओलिंपिक-2016 में रजत पदक जीत चुकी हैं।

आईपीएल - 2021

कोरोना के कारण बीच में ही हुआ स्थगित

मुंबई, भारत में कोराना महामारी की दूसरी लहर का असर अब क्रिकेट पर भी पड़ने लगा है। कोरोना के चलते इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मौजूदा सत्र को बीच में ही स्थगित करना पड़ा है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की आपात बैठक में आईपीएल-2021 के बचे हुए मैच स्थगित करने का निर्णय लिया गया।

बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने जानकारी दी कि कुछ खिलाड़ी जैसे वरुण चक्रवर्ती, संदीप वॉरियर, रिद्धिमान साहा और अमित मिश्रा तथा चेन्नई सुपर किंग्स के गेंदबाजी कोच लक्ष्मीपति बालाजी और बल्लेबाजी कोच माइकल हसी कोरोना संक्रमित हो गए हैं। ऐसे में लीग में शामिल अन्य खिलाड़ी और स्टाफ खतरे में आ सकते हैं। इन लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बीसीसीआई लीग में शामिल होने वाले प्रत्येक खिलाड़ी और सपोर्ट स्टाफ को सुरक्षित उनके घर पहुंचाने के लिए पूरे इंतजाम कर रहा है।

ट्वेंटी-20 विश्वकप हो सकता है यूएई में शिफ्ट

कोरोना महामारी के कारण आईपीएल स्थगित होने से इस वर्ष अक्टूबर-नवम्बर में भारत में आयोजित होने वाले आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप पर खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। माना जा रहा है कि यह विश्वकप भारत की जगह यूएई शिफ्ट हो सकता है। आईसीसी ने यूएई को पहले से ही वैकल्पिक रूप से चुन रखा है। अगर ट्वेंटी-20 विश्वकप यएई में आयोजित होता है, तब भी मेजबान भारत ही रहेगा। यूएई ने इससे पहले पिछले वर्ष आईपीएल का सफल आयोजन किया है। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि भारत में कोरोना संक्रमण में कमी नहीं आई तो विश्व क्रिकेट के अन्य बोर्ड भारत में अपनी टीमें भेजने से परहेज करेंगे।

सितंबर में हो सकता है आईपीएल का शेष सत्र

बीसीसीआई ने आईपीएल अनिश्चितकाल के लिए स्थगित किया है, रद्द नहीं, ऐसे में बीसीसीआई आईपीएल का शेष सत्र सितंबर-2021 में आयोजित कराने की संभावनाएं तलाश रही है। आईपीएल गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन ब्रजेश पटेल ने बताया कि आईपीएल-2021 के 60 में से 29 मुकाबले हो चुके हैं, शेष 31 मुकाबलों को सितंबर में आयोजित कराने पर विचार हो सकता है, तब तक भारत-इंग्लैंड सीरीज समाप्त हो जाएगी।

मार्क सेल्बी बने विश्व स्नूकर चैम्पियन

शेफील्ड, इंग्लैंड के अनुभवी स्नूकर खिलाड़ी मार्क सेल्वी ने विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप का खिताब अपने नाम किया है। सेल्वी ने चैम्पियनशिप के फाइनल में अपने हमवतन खिलाड़ी शॉन मर्फी को 18-15 से हराया। सेल्वी ने चौथी बार विश्व चैम्पियनशिप का खिताब जीता है। इससे पहले वे वर्ष 2014, 2016 और 2017 में भी चैम्पियन बने थे। सेल्वी पिछले वर्ष भी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, लेकिन तब उन्हें रॉनी ओसुलिवान के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। ओसुलिवान छः बार विश्व स्नूकर चैम्पियनशिप जीत चुके हैं।

विनोद कांबली ने जूनियर नेशनल सेलेक्टर पद के लिये किया आवेदन

मुंबई, भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने जूनियर नेशनल सेलेक्टर पद के लिए आवेदन किया है। बीसीसीआई ने 14 अप्रैल को इस पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे। विनोद कांबली ने इस संबंध में कहा कि भारतीय क्रिकेट ने मुझे बहुत कुछ दिया है और अब इसे लौटाने की बारी है। उन्होंने कहा कि मैं भारतीय क्रिकेट की बैंच स्ट्रैंथ बढ़ाने पर काम और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की खोज में बीसीसीआई की मदद करना चाहता हूं। उल्लेखनीय है कि विनोद कांबली ने भारत के लिए 17 टेस्ट मैचों में 1084 रन तथा 104 वन-डे मैचों में 2477 रन बनाए हैं। कांबली ने टेस्ट क्रिकेट में दोहरे शतक भी बनाए हैं।

द हंड्रेड

भारत की चार महिला क्रिकेटर खेलेंगी

मुंबई, बीसीसीआई ने इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) द्वारा शुरू किए जा रहे नये क्रिकेट टूर्नामेंट द हंड्रेड के पहले सत्र में शामिल होने के लिए चार भारतीय महिला क्रिकेटरों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) प्रदान किया है। इन खिलाड़ियों में हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिनाह रोड्रिग्स और दीप्ति शर्मा शामिल हैं। भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस वर्ष जून-जुलाई में इंग्लैंड का दौरा करेगी। इस दौरान टीम एक टेस्ट, तीन वन-डे और तीन ट्वेंटी-20 मैच खेलेगी। इसके बाद 22 जुलाई से द हंड्रेड टूर्नामेंट शुरू होगा। टूर्नामेंट में आठ टीमें खेलेंगी। इस टूर्नामेंट में मैच की प्रत्येक पारी 100 गेंदों की होगी।

श्रीलंका ने 1-0 से जीती टेस्ट सीरीज

कैंडी, श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच खेली गई टेस्ट सीरीज को श्रीलंका ने 1-0 से अपने नाम किया है। श्रीलंका ने कैंडी में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में बांग्लादेश को 209 रन से हराया। श्रीलंका ने मैच की पहली पारी में 7 विकेट पर 493 रन बनाये। श्रीलंका के लिए दिमुथ करुणारत्ने ने 118 रन तथा लाहिरु थिरिमाने ने 140 रनों की पारी खेली। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम पहली पारी में 251 रन ही बना सकी। श्रीलंका ने दूसरी पारी 9 विकेट पर 194 रन बनाकर घोषित की तथा बांग्लादेश के सामने 437 रनों का लक्ष्य रखा। दूसरी पारी में भी बांग्लादेश के बल्लेबाजों का प्रदर्शन खराब रहा। बांग्लादेश की पारी 227 रनों पर सिमट गई। अपने टेस्ट कॅरियर का पहला मैच खेल रहे प्रवीण जयविक्रमा ने पहली पारी में 6 तथा दूसरी पारी में 5 विकेट सहित कुल 11 विकेट लिए।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

■ हिमालय में ■

ग्लेशियर पिघलने से बनी झीलें

हिमालय में तेजी से पिघलते ग्लेशियर की वजह से वहां झीलों की संख्या और उनमें पानी का स्तर बढ़ रहा है। इतना ही नहीं, ये झीलें अपना आकार भी बढ़ा रही हैं, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ा है। ज्यादा खतरा उन इलाकों को है, जो नदियों के मुहानों पर बसे हुए हैं। ब्रिटेन, ऑस्ट्रिया और पेरू समेत दुनियाभर के विभिन्न यूनिवर्सिटीज के वैज्ञानिकों ने एक गहन अध्ययन के आधार पर यह चेतावनी दी है। इनमें नेपाल, चीन और भारत में भी एक बड़ी आबादी को इन झीलों से पैदा होने वाली बाढ़ के खतरे से आगाह किया गया है। नेपाल में इस तरह की 2070 और भारत में 45 झीलों का पता चला।

यूएन

कोरोना महामारी से जंग में भारत की मदद करने को तैयार

संयुक्त राष्ट्र महासिचव एंतोनियो गुटेरेस ने कहा कि विश्व संगठन भारत में कोविड-19 की भयानक लहर से लड़ने के वास्ते उसका सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है।

गुटेरेस ने ट्वीट किया कि पूरे संयुक्त राष्ट्र परिवार के साथ मैं भारत के लोगों के साथ खड़ा हूं, क्योंकि वे कोविड-19 की भयानक लहर का सामना कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र अपना सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने गुटेरेस के ट्वीट का जवाब देते हुए कहा, भारत अपकी भावनाओं और एकजुटता की सराहना करता है। संयुक्त राष्ट्र जो समर्थन दे रहा है हम उसकी भी प्रशंसा करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में कोविड-19 के 1.8 करोड़ से अधिक मामले आए हैं और 2,04,000 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। डब्ल्यूएचओ ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भारत में कोविड-19 के बेतहाशा मामले आने के कारण आवश्यक चिकित्सा आपूर्ति और अस्पतालों की क्षमताओं में कमी को पूरा करना शीर्ष प्राथमिकता होनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए 4,000 ऑक्सीजन सांद्रक के साथ विमानों को भेज रहा है।

डब्ल्यूएचओ की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र की क्षेत्रीय निदेशक डॉ. पूनम खेत्रपाल सिंह ने कहा कि कोविड-19 के मामले बढ़ने से स्वास्थ्य व्यवस्था पर बड़ा दबाव पड़ा है, जो इस महामारी के शुरू होने के बाद से पहले ही अत्यधिक दबाव में है। हमें तेजी से काम करने, अस्पतालों की क्षमताएं बढ़ाने और चिकित्सा आपूर्ति करने की जरूरत है, जो लोगों की जान बचाने के लिए आवश्यक है।

अमेरिका

तालिबान के हमलों से निपटने को तैयार

पेंटागन, अफगानिस्तान से अमेरिकी एवं गठबंधन बलों की वापसी प्रक्रिया के दौरान उन पर तालिबान के हमले होने की आशंका के मद्देनजर उनसे निपटने की तैयारियां कर रहा है। तालिबान और अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के बीच फरवरी 2020 को हुए समझौते के तहत सभी अमेरिकी और अन्य विदेशी बलों को एक मई को अफगानिस्तान से बाहर जाना है।

समझौते के तहत, तालिबान ने अमेरिकी बलों पर हमले बंद कर दिए हैं और तब से किसी की मौत नहीं हुई है, लेकिन तालिबान ने कहा कि वह तय समय सीमा से बलों की वापसी नहीं होने की स्थिति में अमेरिका द्वारा समझौते का उल्लंघन किए जाने पर अपने रुख पर विचार करेगा। तालिबान के प्रतिनिधियों ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि उसका एक मई के बाद हमले फिर से शुरू करने का इरादा है या नहीं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बलों की वापसी करने का फैसला किया है, लेकिन इस प्रक्रिया में देरी के कारण बलों की वापसी प्रक्रिया के दौरान हमले हो सकने की आशंका के कारण सुरक्षा संबंधी नया खतरा पैदा हो गया।

ऑस्ट्रेलिया करेगा

हिंद-प्रशांत क्षेत्र के चार रक्षा केन्द्रों का उन्नयन

ऑस्ट्रेलिया उत्तरी क्षेत्र में देश के हितों की सुरक्षा और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में पड़ोसियों और सहयोगियों के साथ संबंधों को ज्यादा

- **ऑस्ट्रेलिया ने भारत, जापान और अमेरिका के साथ मिलकर 2017 में काफी समय से लंबित 'क्वाड' के प्रस्ताव को आकार दिया है।**

समर्थन देने के लिए चार प्रमुख सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्र और इलाकों का उन्नयन करने के लिए 74.7 करोड़ डॉलर का निवेश करेगा। प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरीसन ने करोड़ों डॉलर की इस निवेश योजना की घोषणा करते हुए कहा कि इसका मकसद शांति की तरफ बढ़ना है। करोड़ों डॉलर के इस निवेश से नॉर्दर्न टेरिटरी में चार प्रमुख प्रशिक्षण क्षेत्रों व रेंज का उन्नयन होगा, जिससे ऑस्ट्रेलियाई डिफेंस फोर्स (एडीएफ) के प्रशिक्षण कार्यक्रम को बेहतर बनाने और उन्हें युद्ध के लिए तैयार रखने में मदद मिलेगी।

नॉर्दर्न टेरिटरी के जिन सैन्य प्रशिक्षण क्षेत्रों को इस निवेश योजना में शामिल किया गया है उनमें रॉबर्टसन बैरक्स, कंगारू फ्लैट्स, माउंट बुंडे और ब्रैडशॉ शामिल हैं। मॉरीसन ने कहा, यह रक्षा प्रशिक्षण क्षेत्र और सुविधाएं हिंद-प्रशांत में हमारे पड़ोसियों और सहयोगियों के साथ ज्यादा बेहतर संबंध बनाने में मददगार होंगे और विभिन्न परिदृश्यों से संबंधित छोटे और बड़े पैमाने के सैन्य अभ्यासों के लिए भी उपयुक्त होंगे।

प्रक्षेपास्त्र पाइथन-5 का परीक्षण सफल

भारत के स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान तेजस की हवा से हवा में मार करने की हथियार क्षमता में पांचवीं पीढ़ी का पाइथन-5 प्रक्षेपास्त्र जुड़ गया है। यह प्रक्षेपास्त्र सफलता की कसौटी पर एकदम खरा उतरा है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने डीआरडीओ और परीक्षण से जुड़े सभी लोगों को बधाई दी है।

रक्षा अनुसंधान विकास संस्थान (डीआरडीओ) ने एक बयान में कहा कि इस परीक्षण का लक्ष्य तेजस पर पहले से ही एकीकृत डर्बी बियांड विजुअल रेंज (बीवीआर) एएएम की बढ़ी हुई क्षमता को सत्यापित करना था। डीआरडीओ ने कहा कि गोवा में किए गए इस परीक्षण प्रक्षेपण से विभिन्न चुनौतीपूर्ण परिदृश्यों में इसके प्रदर्शन के प्रमाणन के लिए प्रक्षेपास्त्र परीक्षणों की श्रृंखला पूरी हुई।

बयान में कहा गया कि डर्बी प्रक्षेपास्त्र ने तेज गति से हवा में करतब दिखा रहे लक्ष्य पर सीधा प्रहार किया और पाइथन प्रक्षेपास्त्र ने भी 100 फीसद लक्ष्य पर वार किया, इस तरह अपनी पूर्ण क्षमताओं को प्रमाणित किया। इन परीक्षणों ने अपने सभी लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति की।

इस परीक्षणों से पहले बेंगलुरू में तेजस में लगी विमानन प्रणाली के साथ प्रक्षेपास्त्र के एकीकृत होने के आंकलन के लिए व्यापक हवाई परीक्षण किए गए। इनमें लड़ाकू विमान की वैज्ञानिकी, फायर-नियंत्रण, रडार, प्रक्षेपास्त्र आयुध आपूर्ति प्रणाली, विमान नियंत्रण प्रणाली शामिल हैं।

भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान के मंत्रियों की मुलाकात पर चीन हुआ नाराज

चीन ने आपूर्ति श्रृंखला में लचीलापन पहल (एससीआरआई) शुरू करने के लिए भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के व्यापार

- **चीन ने कहा है कि औद्योगिक श्रृंखलाओं का स्थानांतरण आर्थिक कानूनों के खिलाफ है। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं।**

मंत्रियों की त्रिपक्षीय पहल पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और कहा कि औद्योगिक श्रृंखलाओं का स्थानांतरण आर्थिक कानूनों के खिलाफ है। इससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होती हैं।

एससीआरआई का मकसद भारत-प्रशांत क्षेत्र में आपूर्ति श्रृंखला में लचीलेपन को बढ़ाना और क्षेत्र में

आपूर्ति का भरोसेमंद स्रोत विकसित करने के साथ ही निवेश को भी आकर्षित करना है। ऑस्ट्रेलिया के व्यापार, पर्यटन और निवेश मंत्री डान तेहन, भारत के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और जापान के आर्थिक, व्यापार और उद्योग मंत्री काजीयामा हीरोशी ने डिजिटल तरीके से इस पहल की शुरुआत की।

तीन मंत्रियों की बैठक और एससीआरआई शुरू किए जाने के बारे में पूछे जाने पर चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियान ने प्रेस वार्ता में कहा, वैश्विक औद्योगिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण और विकास बाजार आधारित नियमों और उद्यमियों की पसंद का परिणाम है। औद्योगिक श्रृंखलाओं की ऊपरी और निचली पहुंच ऐसा संबंध है जो सहकारी है और इसमें सभी पक्षों को फायदा होता है। यह किसी एक पक्ष से दूसरे पक्ष को कोई उपहार नहीं है। लिजियान ने दावा किया कि औद्योगिक श्रृंखलाएं बदलना आर्थिक कानूनों और तथ्यों के खिलाफ है।

डब्ल्यूएचओ ने

आपातकालीन सूची में मॉडर्ना वैक्सीन को किया शामिल

विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आपातकालीन उपयोग के लिए जिन आधुनिक कोविड वैक्सीन को सूचीबद्ध किया, उसमें मॉडर्ना भी

- **समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने बताया कि सीएजीई के अनुसार सभी आयु वर्ग के 18 और इससे अधिक उम्र के लोगों के लिए वैक्सीन फायदेमंद है। मॉडर्ना कोविड वैक्सीन एक एमएनआरए आधारित वैक्सीन है, जिसमें 94.1 प्रतिशत की प्रभावकारिता पायी गई।**

शामिल है। इसके साथ ही यह डब्ल्यूएचओ से आपातकालीन मान्यता प्राप्त करने वाली पांचवी वैक्सीन बन गई है। दिसम्बर 2020 में यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन ने मॉडर्ना वैक्सीन के लिए एक आपातकालीन उपयोग प्राधिकरण जारी किया, डब्ल्यूएचओ इमरजेंसी यूज लिस्टिंग (ईयूएल) के लिए मान्य होने से पहले, डब्ल्यूएचओ के रणनीतिक सलाहकार समूह के टीकाकरण (एसएजीई) द्वारा जनवरी में पहले से ही आधुनिक वैक्सीन की समीक्षा की गई थी, जो आबादी में टीकों के उपयोग के लिए सिफारिशें की गई हैं।

मॉडर्ना वैक्सीन के अलावा डब्ल्यूएचओ ने पहले फाइजर बायोएनटेक, एस्ट्राजेनेका-एसके बायो सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और जॉनसन वैक्सीन टीकों को आपातकालीन उपयोग के लिए सूचीबद्ध किया है।

कोरोना संक्रमण

अमेरिका जल्द ही भेजेगा भारत को मदद

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि अमेरिका जल्द ही मदद की पूरी एक श्रृंखला भारत को भेज रहा है। साथ ही उनका इरादा कोविड-19 की वैक्सीन भारत को भेजना है।

बाइडेन ने कहा कि इस वैश्विक महामारी की एकदम शुरुआत में ही भारत ने अमेरिका की मदद की है। उन्होंने मीडिया को बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से फोन पर बातचीत की है। उन्होंने कहा कि जल्दी ही रेमडेसिविर समेत अन्य दवाओं और भारत की जो भी जरूरतें हैं, उसकी पूरी श्रृंखला भेजी जायेगी।

ज्ञात रहे कि पिछले दिनों बाइडेन और प्रधानमंत्री श्री मोदी ने टेलीफोन पर बातचीत की थी। इसके बाद ही व्हाइट हाउस ने भारत को ऑक्सीजन और वैक्सीन के लिए जरूरी सामग्री फिर से भेजना जारी करने की घोषणा की थी।

इस बीच अमेरिकी सांसदों ने जो बाइडेन के भारत की मदद करने के फैसले की सराहना की है। विदेश मामलों की समिति के सदस्य ब्रैड शरमन ने कहा कि कोविड-19 की भारी चुनौती का सामना कर रहे भारत को हमारा नैतिक समर्थन है।

दक्षिण कोरिया भेजेगा चिकित्सकीय सामग्री

दक्षिण कोरिया, भारत को ऑक्सीजन कांसेंट्रेटर और कोविड की नैदानिक किट और अन्य चिकित्सकीय सामग्री देगा। स्वास्थ्य अधिकारी यून ताहो ने कहा कि वहां से आने वाले लोगों को तीन बार वायरस टेस्ट पास करना होगा और क्वारंटीन रहना होगा।

कनाडा दस करोड़ डॉलर की सहायता करेगा

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने कहा कि वह कोविड-19 की दूसरी लहर से निपटने के लिए भारत को 10 करोड़ डॉलर देंगे। ट्रूडो ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि विदेश मंत्री मार्क गारनियो ने भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर को बताया कि कनाडा कैसे अतिरिक्त चिकित्सकीय सामग्री की आपूर्ति कर सकता है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी "मध्यप्रदेश माध्यम" की ओर से प्रकाशक, मुद्रक डॉ. सुदाम खाड़े, मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित एवं डी.बी. कार्प द्वारा दैनिक भास्कर, प्लाट नंबर-10, सेक्टर-बी, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित। सम्पादक - पुष्पेन्द्र पाल सिंह।